राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 259, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली मंगलवार 02 अप्रैल 2024, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

सभ्यता फाउंडेशन दिल्ली के चार ऐतिहासिक स्मारकों की करेगा देखरेख .... पेज 03

विभागीय कार्यवाही के बगैर पुलिस कर्मियों का निलंबन गलत : उच्च न्यायालय .... पेज 05

हॉकी इंडिया ने की कोचिंग शिविर के लिए 60 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा .... पेज 07

**धरना प्रदर्शन**




अतिथि शिक्षकों ने सेवा से बर्खास्तगी के खिलाफ पटना में भाजपा कार्यालय के बाहर धरना दिया।

## रक्षा निर्यात पहली बार 21 हजार करोड़ रुपये के पार

नयी दिल्ली। भारत का रक्षा निर्यात पहली बार 21 हजार करोड़ रुपये को पार कर गया है, जो एक रिकॉर्ड है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, सभी को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भारतीय रक्षा निर्यात अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंच गया है और स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार 21000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर गया है । वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का रक्षा निर्यात बढ़कर 21,083 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 32.5 प्रतिशत की शानदार वृद्धि है।

# केजरीवाल 15 अप्रैल तक तिहाड़ भेजे गए

### 6 लोगों से मिल सकेंगे, इनमें पत्नी, बेटा-बेटी और 3 करीबियों के नाम बताए

नई दिल्ली। दिल्ली की शराब आबकारी नीति केस में सोमवार को सीएम अरविंद केजरीवाल को 15 अप्रैल तक के लिए तिहाड़ जेल भेज दिया गया। वे जेल नंबर 2 में अकेले रहेंगे। 21 मार्च से जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से जुड़े दो मामलों पर राउज एवेन्यू कोर्ट और दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई।

केजरीवाल ने जेल प्रशासन को 6 लोगों की लिस्ट दी है, जो कानून के तहत उनसे मुलाकात कर सकते हैं। इस लिस्ट में उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल, बेटा पुलकित-बेटी हर्षिता, प्राइवेट सेक्रेटरी बिभव कुमार, आप महासचिव संदीप पाठक और एक दोस्त का नाम है।

इससे पहले राउज एवेन्यू कोर्ट में ईडी ने दावा किया कि केजरीवाल ने पूछताछ में बताया कि आतिशी और सौरभ भारद्वाज को विजय नायर रिपोर्ट करता था। ईडी ने कहा कि केजरीवाल हमें सहयोग नहीं कर रहे हैं। वे हमें गुमराह कर रहे हैं। इस पर कोर्ट ने पूछा कि ज्यूडिशियल कस्टडी के लिए ये दलीलें कितनी सही हैं?

एएसजी राजू ने कहा कि केजरीवाल अपने फोन का पासवर्ड नहीं शेयर कर रहे हैं। हम बाद में इनकी




नई दिल्ली में दिल्ली शराब नीति से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक अदालत द्वारा 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तिहाड़ जेल भेजा गया।

ईडी कस्टडी की मांग करेंगे। ये हमारा अधिकार है। इसके बाद कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को 15 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

केजरीवाल के वकील रमेश गुप्ता ने कोर्ट से कहा- अरविंद केजरीवाल को जेल में 3 किताबें दी जाएं- गीता, रामायण और नीरजा चौधरी की बुक हाऊ प्राइम मिनिस्टर्स डिसाइड।

दूसरा मामला केजरीवाल के जेल से सरकारी आदेश के खिलाफ था। सुरजीत सिंह यादव ने पीआईएल दाखिल कर जेल से सरकारी आदेश देने पर रोक लगाने की मांग की थी। इस पर एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की बेंच ने सुनवाई करते हुए याचिका खारिज कर दी।

### केजरीवाल बोले- ये जो कर रहे हैं, देश के लिए अच्छा नहीं

इससे पहले कोर्ट में पेशी के दौरान केजरीवाल ने मीडिया से कहा- ये जो कर रहे हैं, देश के लिए अच्छा नहीं है। सुनवाई के दौरान केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, दिल्ली की मंत्री आतिशी, गोपाल राय और सौरभ भारद्वाज भी कोर्ट में मौजूद थे।

# कांग्रेस से 3500 करोड़ रुपए की टैक्स डिमांड

### सुप्रीम कोर्ट में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने कहा- लोकसभा चुनाव तक कोई एक्शन नहीं लेंगे

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार (1 अप्रैल) को कांग्रेस के 3500 करोड़ की टैक्स डिमांड के खिलाफ याचिका पर सुनवाई की। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि लोकसभा चुनावों के मद्देनजर विभाग कांग्रेस के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लेगा। हम चुनाव के दौरान किसी भी पार्टी के लिए परेशानी खड़ी नहीं करना चाहते।

मामले की सुनवाई जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच में हुई। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की दलील के बाद सुप्रीम कोर्ट ने केस की अगली सुनवाई जुलाई के लिए तय कर दी है। बेंच ने यह भी कहा कि 3500 करोड़ रुपए की मांग का इन अपीलों से कोई संबंध नहीं।

कांग्रेस को 29 मार्च को आयकर विभाग से पहला नोटिस मिला था। जिसमें करीब 1823 करोड़ रुपए की डिमांड की गई। यह डिमांड नोटिस 2017-18 से 2020-21 के लिए है। इसमें जुर्माने के साथ ब्याज भी शामिल हैं।

पिछले हफ्ते ही कांग्रेस को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने नया नोटिस दिया



था, जिसमें 2014 से 2017 के लिए 1745 करोड़ रुपए के टैक्स की डिमांड की गई। टैक्स डिपार्टमेंट ने कांग्रेस के खातों से 135 करोड़ रुपए पहले ही वसूल लिए हैं।

### राजनीतिक दलों को मिलने वाली टैक्स रिबेट नहीं दी : कांग्रेस

न्यूज एजेंसी के मुताबिक 2014-15 के लिए 663 करोड़ रुपए, 2015-16 के लिए 664 करोड़ रुपए और 2016-17 के लिए 417 करोड़ रुपए का टैक्स डिमांड नोटिस कांग्रेस को भेजा है। कांग्रेस से जुड़े सूत्रों का दावा है कि आईटी विभाग ने राजनीतिक दलों को मिलने वाली टैक्स रिबेट खत्म कर दी है और पूरे कलेक्शन के लिए पार्टी पर टैक्स लगा दिया है। रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि जांच एजेंसी ने छापे में कांग्रेसी नेताओं से जब्त डायरियों की थर्ड पार्टी को लेकर हुई एंट्रीज पर भी टैक्स लगाया है। कांग्रेस के सीनियर नेता विवेक तन्खा ने एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा- पागलपन की पराकाष्ठा है। पिछले 3 दिनों में कांग्रेस पर 3567.33 करोड़ रुपए के एस्ट्रोनॉमिकल फिगर से टैक्स की मांग हुई है। कांग्रेस मुक्त भारत के भाजपा मिशन के लिए उनके निष्ठावान राजस्व विभाग के अधिकारियों को धन्यवाद।

# चुनाव आयोग ने दिलीप घोष-सुप्रिया श्रीनेत को फटकार लगाई

### कहा- बयानों में सावधानी रखें, महिलाओं को अपमानित करने के प्रयास स्वीकार नहीं

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने सोमवार 1 अप्रैल को महिलाओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के लिए भाजपा नेता दिलीप घोष और कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत को फटकार लगाई। आयोग ने कहा कि आयोग चुनावी प्रक्रिया को महिलाओं की गरिमा बढ़ाने के रूप में देखता है और उनकी स्थिति में गिरावट का कोई प्रयास स्वीकार नहीं होगा।

दिलीप घोष और सुप्रिया श्रीनेत को आचार संहिता उल्लंघन को लेकर नोटिस दिया गया था, जिसका दोनों नेताओं ने जवाब दिया। चुनाव आयोग ने कहा कि दोनों नेताओं ने माना कि उन्होंने निम्न स्तर पर जाकर निजी हमला बोला। चुनाव आयोग ने दोनों नेताओं को चुनावी सभाओं के दौरान भाषा में सावधानी बरतें।

### क्या था मामला

भाजपा ने कंगना को लोकसभा चुनाव के लिए हिमाचल प्रदेश के मंडी से अपना उम्मीदवार बनाया है। सुप्रिया श्रीनेत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोट




पर अभद्र टिप्पणी की थी। सुप्रिया के अकाउंट से लिखा गया- क्या भाव चल रहा है मंडी में कोई बताएगा? विवाद के बाद श्रीनेत ने अपने सभी सोशल अकाउंट्स से दिए गए विवादित स्टेटमेंट को हटा दिया। हटाने पर उन्होंने कहा कि ये पोस्ट उनकी तरफ से नहीं, बल्कि किसी और के द्वारा पोस्ट किए गए थे। मेरे अकाउंट का कई लोगों के पास एक्सेस है। इसके अलावा, दिलीप घोष का तृणमूल कांग्रेस (ञस्ष्ट) सुप्रीमो ममता बनर्जी के बारे में अपमानजनक स्टेटमेंट बोलते हुए एक वीडियो रिकार्ड किया गया था। हालांकि बाद में उन्होंने ममता के बारे में दिए गए अपमानजनक स्टेटमेंट के लिए माफी मांगी। वहीं, दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने गुरुवार (28 मार्च) को कंगना रनोट के खिलाफ कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत द्वारा किए गए अपमानजनक सोशल मीडिया पोस्ट पर पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा से जांच रिपोर्ट मांगी थी।

## बेंगलुरु की महिला को कार में परेशान करने के आरोप में दो बाइकर्स गिरफ्तार

बेंगलुरु। बेंगलुरु में मडीवाला-कोरमंगला रोड पर एक महिला को दो बाइकर्स द्वारा परेशान करने का मामला सामने आया था। जिसके बाद पुलिस ने दो बाइकर्स को गिरफ्तार किया है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने कहा कि उन्होंने तेजस और जगन्नाथ को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उनका तीसरा साथी कन्नन अभी भी फरार है। एक अधिकारी ने बताया कि पीड़िता ने पुलिस को कॉल पर अपना खौफनाक अनुभव बताया। घटना के वीडियो के अलावा, उसने उन्हें बदमाशों के वाहन का नंबर भी दिया, जिससे उन्हें ट्रैक करने में मदद मिली। वायरल वीडियो में डरी हुई पीड़िता को फोन पर पुलिस को अपना स्थान बताने के बाद महिला को मदद के लिए चिल्लाते हुए दिखाया गया है जहां उसे आरोपी द्वारा परेशान किया गया था।

### देश के 4 राज्यों में बारिश-तूफान से तबाही

# प.बंगाल में 5 की मौत, 100 से अधिक लोग घायल

देश के चार राज्यों पश्चिम बंगाल, असम, मिजोरम और मणिपुर में रविवार को अचानक आए तूफान और बारिश से काफी तबाही मची। वेस्ट बंगाल के जलपाईगुड़ी में पांच लोगों की मौत हो गई। 100 लोग घायल हैं। इसे लेकर पीएम मोदी ने दुख जताया है।

असम के गुवाहाटी में गोपीनाथ बोरदोलोई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर तेज बारिश से काफी नुकसान हुआ। एयरपोर्ट की छत का एक हिस्सा गिर गया। फ्लाइट की आवाजाही को कुछ समय के लिए रोक दिया गया। वहीं छह फ्लाइट्स को डायवर्ट करना पड़ा।

मिजोरम के चम्फाई जिले के लुंगटन गांव में एक चर्च की इमारत



ढह गई। वहीं आइजोल जिले के सियालसुक में एक और चर्च की इमारत को नुकसान पहुंचा। इसके अलावा कुछ घर भी आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं।

उधर, मणिपुर के थौबल और खोंगजोम इलाके में भी कई पेड़ उखड़ गए और घरों की टीन की छतें उड़ गईं।

### पश्चिम बंगाल में पेड़ उखड़े, खंभे गिरे

पश्चिम बंगाल में तूफान और बारिश से काफी नुकसान हुआ है। अधिकारियों ने बताया, मैनागुरी के कई इलाकों में तेज हवाओं के कारण कई घर क्षतिग्रस्त हो गए, पेड़ उखड़ गए और बिजली के खंभे गिर गए। सबसे अधिक प्रभावित इलाकों में राजारहाट, बरनीश, बकाली, जोरपाकडी, माधबडांगा और सप्तीबारी शामिल हैं।

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी रविवार रात जलपाईगुड़ी और सिलिगुड़ी पहुंचीं। उन्होंने सिलिगुड़ी के बागडोगरा एयरपोर्ट में हुए नुकसान का मुआयना करने के बाद कहा- इस डिजास्टर से कई घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। प्रशासन मौके पर है और जरूरी मदद पहुंचा रहा है। सरकार पीड़ितों की मदद के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

### असम के गुवाहाटी में एयरपोर्ट की छत गिरी, 6 फ्लाइट्स डायवर्ट

असम के गुवाहाटी एयरपोर्ट प्रशासन ने कहा- भारी बारिश और हवा के बाद, आज शाम फ्लाइट ऑपरेशन प्रभावित हुआ। पेड़ गिरने से अप्रोच रोड बाधित हो गई। छत के आउटलेट में भारी मात्रा में पानी भर गया और टर्मिनल भवन के अंदर भी पानी भर गया। टर्मिनल बिल्डिंग के बाहर पानी और हवा के दबाव के कारण छत का एक छोटा हिस्सा गिर गया। एयरपोर्ट ऑपरेशन बंद होने पर छह फ्लाइट्स को डायवर्ट किया गया।

# देश में अप्रैल-जून में अत्यधिक गर्मी पड़ने की आशंका

नयी दिल्ली। देश भर में अप्रैल से जून तक अत्यधिक गर्मी पड़ने की आशंका है, जिसका मध्य और पश्चिमी प्रायद्वीपीय भागों पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। मौसम विज्ञान विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी है। आईएमडी के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्र ने कहा,इस अवधि के दौरान मैदानी




इलाकों के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक लू चलने की संभावना है। देश के विभिन्न हिस्सों में सामान्यत: चार से आठ दिनों की तुलना में 10 से 20 दिनों तक लू चलने की संभावना है। उन्होंने कहा, गुजरात, मध्य महाराष्ट्र, उत्तरी कर्नाटक, राजस्थान, मध्य प्रदेश, ओडिशा, उत्तरी छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश में गर्मी का सबसे बुरा प्रभाव पड़ने की आशंका है। महापात्र ने कहा,अप्रैल और जून के बीच देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर रहने के आसार है, पूर्वी और उत्तर-पूर्व भारत के कुछ हिस्सों और उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर, जहां सामान्य से सामान्य से नीचे अधिकतम तापमान होने का अनुमान है।

### भ्रष्टाचारियों के लिए रेड कारपेट बिछा रहे हैं मोदी

नयी दिल्ली। राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भ्रष्टाचार मिटाने की बात करते हैं लेकिन वह असम से महाराष्ट्र तक भ्रष्टाचारियों के लिए रेड कारपेट बिछाने का भी काम कर रहे हैं। गांधी ने ट्वीट कर कहा, प्रधानमंत्री कहते हैं कि वह भ्रष्टाचार से लड़ाई लड़ रहे हैं पर खुद असम से लेकर महाराष्ट्र तक भ्रष्टाचार की फ्रेंचाइज़ी बांट रहे हैं। उन्होंने जिसे जितना बड़ा भ्रष्टाचारी कहा, उसके लिए भाजपा कार्यालय में उतनी ही बड़ी रेड कार्पेट बिछा कर उसका स्वागत किया। उन्होंने कहा ईडी, आईटी और सीबीआई जैसे संस्थानों को 'वसूली एजेंट' बना कर चंदे का धंधा कर रही भाजपा अब भ्रष्टाचारियों का अड्डा बन चुकी है। मोदी सरकार का मतलब सिर्फ भ्रष्टाचारियों को 'सुरक्षा की गारंटी' है।

**चीन की चाल**

### 7 साल में चौथी बार ऐसा किया; अरुणाचल को फिर अपना हिस्सा बताया

# चीन की चाल : अरुणाचल की 30 जगहों के नाम बदले

बीजिंग। चीन ने अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताकर वहां की 30 जगहों के नाम बदल दिए हैं। चीन की सिविल अफेयर मिनिस्ट्री ने इसकी जानकारी दी।

हांगकांग मीडिया हाउस साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक, इनमें से 11 रिहायशी इलाके, 12 पर्वत, 4 नदियां, एक तालाब और एक पहाड़ों से निकलने वाला रास्ता है। हालांकि, इन जगहों के नाम क्या रखे गए हैं, इस बारे में जानकारी नहीं दी गई। इन नामों को चीनी, तिब्बती और रोमन में जारी किया।

पिछले 7 सालों में ऐसा चौथी बार हुआ है जब चीन ने अरुणाचल की जगहों का नाम बदला हो। चीन ने अप्रैल 2023 में अपने नक्शे में अरुणाचल प्रदेश की 11 जगहों के नाम बदल दिए थे। चीन ने पिछले 5 साल में तीसरी बार ऐसा किया था। इसके पहले 2021 में चीन ने 15 जगहों और 2017 में 6 जगहों के नाम बदले थे।

### भारत हमेशा कहता है- अरुणाचल हमारा हिस्सा था, है और रहेगा

अरुणाचल में बढ़ते चीनी दखल और यहां की जगहों के नाम बदले जाने पर भारत कहता आया है कि अरुणाचल हमारा हिस्सा है। अप्रैल



2023 में विदेश मंत्रालय ने कहा था- हमारे सामने चीन की इस तरह की हरकतों की रिपोर्ट्स पहले भी आई हैं। हम इन नए नामों को सिरे से खारिज करते हैं। अरुणाचल प्रदेश भारत का आतंरिक हिस्सा था, हिस्सा है और रहेगा। इस तरह से नाम बदलने से हकीकत नहीं बदलेगी।

### नाम बदलने के पीछे चीन का क्या दावा है...

दरअसल, चीन ने कभी अरुणाचल प्रदेश को भारत के राज्य के तौर पर मान्यता नहीं दी। वो अरुणाचल को 'दक्षिणी तिब्बत' का हिस्सा बताता है। उसका आरोप है कि भारत ने उसके तिब्बती इलाके पर कब्जा करके उसे अरुणाचल प्रदेश बना दिया है। चीन अरुणाचल के इलाकों के नाम क्यों बदलता है इसका अंदाजा वहां के एक रिसर्चर के बयान से लगाया जा सकता है। 2015 में चाइनीज एकेडमी ऑफ सोशल साइंस के रिसर्चर झांग योंगपान ने ग्लोबल टाइम्स को कहा था, जिन जगहों के नाम बदले गए हैं वो कई सौ सालों से हैं। चीन का इन जगहों का नाम बदलना बिल्कुल जायज है। पुराने समय में जांगनान ( चीन में अरुणाचल को दिया नाम) के इलाकों के नाम केंद्रीय या स्थानीय सरकारें ही रखती थीं।

इसके अलावा इलाके के जातीय समुदाय जैसे तिब्बती, लाहोबा, मोंबा भी अपने अनुसार जगहों के नाम बदलते रहते थे। जब जैंगनेम पर भारत ने गैर कानूनी तरीके से कब्जा जमाया तो वहां की सरकार ने गैर कानूनी तरीकों से जगहों के नाम भी बदल दिए।

# प्रमुख एजेंसियों को राष्ट्रीय सुरक्षा, राष्ट्र के खिलाफ अपराध की जांच पर केन्द्रित रखा जाए : चन्द्रचूड़

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। मुख्य न्यायाधीश के. वाई चंद्रचूड़ ने सोमवार को कहा कि देश की प्रमुख जांच एजेंसियों का केवल ऐसे मामलों पर ही ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जो राष्ट्रीय सुरक्षा या राष्ट्र के खिलाफ अपराध से जुड़े हों।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि इन एजेंसियों को इधर-उधर के बहुत ज्यादा कामों में लगा दिया गया है। वह यहां केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की स्थापना दिवस पर आयोजित डी.पी. कोहली स्मारक व्याख्यान माला का 20वां व्याख्यान दे रहे थे। इसका विषय था 'बेहतर आपराधिक न्याय हेतु तकनीकों का अंगीकरण'। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि इसका



समाधान अन्वेषण प्रक्रिया का डिजीटलीकरण है। इसकी शुरुआत प्राथमिकी दर्ज करने के काम के डिजीटलीकरण से शुरू हो सकती है।

उन्होंने कहा कि मामलों की विशाल संख्या को देखते हुए प्रौद्योगिकी का सहारा लेना चाहिए ताकि काम में विलंब कम हो। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी के चलते आपराध की दुनिया बदल गयी है और जांच एजेंसियों को बड़ी जटिल चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि सीबीआई को उत्तरोतर ऐसे विविध प्रकार के आपराधिक मामलों की जांच के लिए कहा जा रहा है, जो एक आपराधों के अन्वेषण की उसकी भूमिका से परे होते हैं। इससे सीबीआई पर अपने ध्येय वाक्य को पूरा करने के लिए बहुत बड़ी जिम्मेदारी आ जाती है।

उन्होंने कहा, मेरी राय में हमने अपनी प्रमुख जांच एजेंसियों के काम को बहुत ज्यादा फैला दिया है। उन्हें केवल उन मामलों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जो राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्रीय के खिलाफ आर्थिक अपराधों से जुड़े हों।

## शार्ट न्यूज

### राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लडायन में नए सत्र का शुभारंभ

ललित कुमार गोठवाल



विभागीय आदेशों की अनुपालना में किए जा रहे प्रवेश उत्सव की विस्तृत जानकारी देते हुए विद्यालय प्राचार्य श्री दिलबाग सिंह जाखड़ ने बताया कि किसी भी शुभ कार्य को करने से पहले हमें उस कार्य में कामयाबी के लिए हवन यज्ञ करके शुभारंभ करना अनिवार्य है ! उसके बाद विद्यालय परिवार द्वारा यज्ञ आयोजित किया गया, जिसमे सभी विद्यार्थी एवं अध्यापक शामिल रहे। उसके बाद अध्यापकों द्वारा सभी बच्चों को उनकी नई कक्षाओं में आने पर शुभकामनाएं दी गई और बताया गया कि मेहनत और लगन से अपना अध्ययन कार्य करते रहे। प्रतिदिन विद्यालय में आए। अपने माता - पिता , गुरुजनों एवं बड़ों का सम्मान करें। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। उसके बाद विद्यार्थियों एवं अध्यापकों ने मिलकर जीरो ड्रॉपआउट तथा नामांकन बढ़ाने हेतु संयुक्त अभियान चलाया जिसके तहत गांव में गली - गली, घर - घर जाकर सर्वे किया गया। विशेष फोकस उन बच्चों पर रहा जो पिछले 1, 2 या 3 वर्ष से किसी भी वजह से अपनी पढ़ाई छोड़ चुके है। सरकार द्वारा दिए जाने वाली विभिन्न प्रोत्साहन राशियों के बारे में भी बताया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का जिसमें विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व उपस्थित हुए अभिभावकगण शिक्षितगण एवं समाज सेवकों का योगदान रहा।

### गांव लडायन में हर वर्ष होने वाले मेले व कुश्ती दंगल तीन अप्रैल बुधवार को

ललित गोठवाल



झज्जर। गांव लडायन में हर वर्ष होने वाले मेले व कुश्ती दंगल तीन अप्रैल बुधवार को होगा। दंगल में पहली कुश्ती एक लाख, दुसरी कुश्ती 51 हजार, तीसरी कुश्ती 31 हजार व हजारों रुपयों की अनेको कुश्तीयां करवाई जाएगी। कमेटी प्रधान पूर्व हैडमास्टर व एडवोकेट राजरूप जाखड़ ने बताया कि दंगल में अच्छे पहलवानों को देखते हुए ईनाम को बढ़ाया जा सकता है 36 जाखड़ व आसपास गावों के ग्रामीण माता रानी के दरबार में पहुंच अपनी अरदास लगाते है और अपनी मनोकामना मांगते है हर वर्ष बुधों माता का मेला व दंगल का आयोजन किया जा रहा है इस वर्ष दंगल व मेला 3 अप्रैल का रहेगा। रविवार को कमेटी की मीटिंग हुई जिसमें मेले व दंगल को सफल बनाने की रूप रेखा तैयार की गईं। इस मौके पर कमेटी प्रधान रिटायर्ड हैडमास्टर व एडवोकेट राजरूप जाखड़ मास्टर रूपराम, कैप्टन सतपाल, सूबेदार धर्मबीर, सूबेदार सुरेंद्र, रसलदार चंद्र वीर, सरपंच प्रतिनिधि बीर सिंह, दलबीर साहब , नंबरदार रणधीर, मास्टर रूपराम, एडीओ अजीत सिंह व गांव के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें।

### कश्मीर में कांग्रेस का पार्टी खातों को डी-फीज करने की मांग को लेकर विरोध-प्रदर्शन

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने सोमवार को श्रीनगर में विरोध प्रदर्शन किया और देश भर में आयकर विभाग की ओर से जब्त किए गए सभी बैंक खातों को लोकसभा चुनाव से पहले तत्काल डी-फ्रीज करने की मांग की। हाथों में तख्तियां लिए कार्यकर्ता श्रीनगर के मौलाना आजाद रोड स्थित पार्टी मुख्यालय में एकत्र हुए और लोकतंत्र की बहाली तथा लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी खातों पर रोक हटाने की मांग करते हुए सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) और आयकर विभाग के खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शनकारी देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बचाने के लिए कांग्रेस के सभी खातों को जल्द से जल्द बहाल करने की मांग कर रहे थे। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि आयकर विभाग ने ऐसे समय में कांग्रेस पार्टी के खाते फ्रीज कर दिए हैं, जब देश में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी चल रही है। इस दौरान नेताओं ने संवाददाताओं से कहा, भाजपा सरकार देश में चुनाव से पहले विपक्षी दलों के खाते फ्रीज करके अलोकतांत्रिक तरीके से उनका दमन कर रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) केवल विपक्षी नेताओं पर छापे मार रहा है, भ्रष्टाचार के आरोपों में शामिल सत्तारूढ़ दल के एक भी नेता पर अब तक छापा नहीं मारा गया है।

### कश्मीर में बारिश के बाद मौसम में सुधार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में पिछले तीन दिन से रुक-रुक कर हुई बारिश और हिमपात के बाद सोमवार को मौसम में सुधार हुआ। मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर ने अगले 24 घंटों तक शुष्क मौसम रहने का अनुमान जताया है प्रदेश में तीन अप्रैल को छिटपुट, अलग-अलग स्थानों पर बारिश और हिमपात के आसार हैं, जबकि छह से सात अप्रैल को छिटपुट स्थानों पर बारिश और हिमपात का अनुमान जताया गया है। इसके बाद 11 अप्रैल तक मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। कश्मीर के मैदानी इलाकों में व्यापक रूप से हल्की से मध्यम बारिश हुई, जबकि ऊपरी इलाकों में पिछले कई दिनों के दौरान हिमपात हुआ, जिससे घाटी के अधिकांश स्थलों पर पर तापमान में गिरावट दर्ज की गयी। सोमवार को श्रीनगर और कश्मीर घाटी के अन्य हिस्सों में सुहावने मौसम के साथ चमकदार धूप निकली। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार और सोमवार की दरमियानी रात में श्रीनगर का न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री सेल्सियस था। मौसम की इस अवधि के दौरान जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी के लिए यह सामान्य था। दक्षिण कश्मीर में अनंतनाग जिले के पर्यटन स्थल पहलगाम में पिछली रात के 0.8 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले तापमान गिरकर 0.7 डिग्री सेल्सियस हो गया और यहसामान्य से 1.0 डिग्री सेल्सियस कम था।

### बारामूला में तीन ड्रग तस्कर गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पुलिस ने तीन ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से प्रतिबंधित मादक पदार्थ बरामद किये हैं। पुलिस ने रविवार को कहा कि बारामूला के खानपोरा में स्थापित एक जांच चौकी पर दो लोगों को रोका गया, जिनकी पहचान नैदखाई निवासी आजाद अहमद भट और बाग-ए-इस्लाम के आकिब अहमद गोजरी के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा, तलाशी के दौरान, उनके कब्जे से 140 ग्राम प्रतिबंधित चरस जैसा पदार्थ बरामद किया गया। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया और पुलिस स्टेशन बारामूला में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां वे अभी हिरासत में हैं। दूसरी घटना में बोनियार की एक पुलिस टीम ने बिम्यार बोनियार में स्थापित एक चौकी पर एक मोटरसाइकिल चालक को रोका और तलाशी के दौरान उसके पास से 40 ग्राम प्रतिबंधित चरस जैसा पदार्थ बरामद किया। आरोपी की पहचान गंटामुल्ला निवासी मुदासिर राशिद वानी के रूप में हुई। उसे गिरफ्तार कर लिया गया और मौके पर ही मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली गयी। तदनुसार, बारामूला और बोनियार थानों में कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामले दर्ज किए गए हैं और जांच शुरू की गई है। पुलिस ने लोगों से आग्रह किया कि यदि वे आस-पास कहीं भी नशीली दवाओं की तस्करी या कोई अन्य अपराध देखते हैं, तो निकटतम पुलिस प्रतिष्ठान से संपर्क करें या 112 डायल करें।

# गौतमबुद्धनगर में 705 गांवों के 16 लाख मतदाता होंगे निर्णायक

## चुनावों में शहरी के मुकाबले ग्रामीण रहे आगे; 2.58 लाख मतदाता नए जुड़े

नोएडा। लोकसभा चुनावों में इस बार ग्रामीण मतदाता निर्णायक की भूमिका में रहेंगे। यही वजह है कि इस बार प्रमुख पार्टियों के प्रत्याशी भी ग्रामीण क्षेत्र के मतदाता को रिझाने का प्रयास कर रहे है।

भाजपा, सपा-कांग्रेस और बसपा तीनों प्रत्याशी ही जेवर, दादरी, खुर्जा और सिकंदराबाद के गांवों में एक दूसरे के वोटर में सेंध लगाने का प्रयास कर रहे है। अब देखना है कि मतदाता किस तरफ जाएंगे।

गौतमबुद्धनगर लोकसभा में करीब 26 लाख मतदाता है। जिसमें से करीब 16 लाख मतदाता ग्रामीण क्षेत्र से आते है। विगत तीन लोकसभा चुनावों में




मतदान के आंकड़े भी यही बयां कर रहे है। गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट में पांच विधानसभा आती है। इसमें तीन विधानसभा नोएडा, दादरी, जेवर गौतमबुद्धनगर जिले से है, जबकि खुर्जा व सिकंदराबाद विधानसभा बुलंदशहर जिले से आती है।

ऐसे में दोनों जिलों की पांचों विधानसभा को मिलाकर कुल 705 गांव है, ऐसे में ग्रामीण आबादी ही चुनावी मतदान में अहम भूमिका निभाने वाली है।

इस बार लोकसभा में करीब 2.58 मतदाता नए जुड़े है। जो इस भूमिका का और अधिक मजबूती देने जा रहे है।

ऐसे में शहरी मतदाता से अधिक ग्रामीण मतदाता की भूमिका अहम मानी जा रही है। बता दे गौतमबुद्ध नगर में 2019 में शहर में कुल 54 प्रतिशत मतदाता ने वोट दिया वहीं गांव में इसका प्रतिशत 64 रहा।

### दादरी और जेवर के वोटर सबसे ज्यादा जागरूक

साल 2019 में लोकसभा सीट पर हुए मतदान में सबसे अधिक दादरी व जेवर के गांव की भूमिका अहम रही। गौतमबुद्धनगर जिले में सर्वाधिक गांव 346, जिसमें से दादरी विधानसभा में सर्वाधिक 152 व जेवर में 93 गांव है। नोएडा में सिर्फ 81 गांव है, जिसमें से मूल आबादी वाले गांव की संख्या सिर्फ 68 ही है। ऐसे में दादरी के ग्रामीण क्षेत्र में मतदान 64.6 प्रतिशत और जेवर के ग्रामीण क्षेत्र का मतदान प्रतिशत 68.4 प्रतिशत रहा।

# चलती कार में लगी आग

## पुलिस ने फंसी महिला को सुरक्षित बाहर निकाला

नोएडा। सेक्टर-120 स्थित मिलेनियम स्कूल के पास सोमवार को चलती सीएनजी कार में आग लग गई। पुलिस ने देखा तो फौरन कार के पास पहुंच गई। उसने कार चला रही महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। दस मिनट में पूरी कार जलकर राख हो गई। महिला एक प्राइवेट कंपनी में एचआर के पद पर कार्यरत है। सीएफओ प्रदीप कुमार चौबे ने बताया, सोमवार सुबह आठ बजकर 37 मिनट पर कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि मिलेनियम स्कूल के पास एक चलती कार में आग लग गई है। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी मौके पर रवाना हुई। करीब 15 मिनट में कार में लगी आग को बुझा दिया गया। इस दौरान कार चला रही रूपाली घोष को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। आग लगने से महिला कार के अंदर ही फंस गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और राहगीरों की मदद से महिला को बाहर निकाला। जांच के



दौरान पुलिस को पता चला कि कार सीएनजी थी। कार का पेट्रोल का पाइप लीक हो गया था, जिसकी वजह से आग लगी। कार सवार महिला सेक्टर 82 स्थित एक नामी कंपनी में एचआर मैनेजर के रूप में काम करती है। जलती कार से महिला को सकुशल बचाने पर महिला ने पुलिस की सराहना की है। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। कुछ देर के लिए यातायात भी बाधित हुआ। पुलिस ने जली हुई कार को किनारे कराकर यातायात को पूरी तरह से सामान्य कराया। ग़नीमत रही कि जिस समय कार में आग लगी गति कम थी वर्ना महिला अंदर फंस सकती थी।

# घर में घुस कर शातिर चोर की लाखों की चोरी

एजेंसी

गौतम बुद्ध नगर। नोएडा के थाना सेक्टर 113 क्षेत्र में एक चोर ने घर मे घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। जब मकान मालिक घर पहुंचा तो चोर मकान मालिक को धक्का देकर कमरे मकान बंद कर मौके से फरार हो गया। चोर के भागने की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

दरअसल, थाना सेक्टर 113 क्षेत्र के सरफाबाद गांव में स्थित पंडित कॉलोनी में अक्षय राणा रहते है। दोपहर को जब वह घर का ताला लगाकर बाहर चले गए तो एक अज्ञात चोर ताला तोड़कर उनके घर में घुस गया और चोरी की वारदात को अंजाम देने लगा।

इसी दौरान वह वापस आ गए, जब उन्होंने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है तो वह तेजी से अंदर घर में घुसे तो देखा कि एक अज्ञात चोर के द्वारा घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने उस चोर को पकड़ने की कोशिश की और शोर मचा दिया, लेकिन वह चोर अक्षय को धक्का देने के बाद कमरे का बाहर से दरवाजा लगाकर मौके से फरार हो गया।

# 55 लाख के गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

## आंध्रप्रदेश से लेकर आए थे, मथुरा के आसपास बेचते थे

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा की थाना कासना पुलिस व एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने मेरठ की संयुक्त टीम द्वारा 2 गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। इन तस्करों के कब्जे से एक कुंतल से ज्यादा अवैध गांजा बरामद किया है। इस गांजे का अंतर्राष्ट्रीय मूल्य करीब 55 लाख रुपये है।

दरसअल कासना पुलिस ने एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स व मेरठ की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना के बाद सिरसा कट से एक ब्रेजा गाड़ी से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया। इस दौरान मथुरा निवासी मोनू व अशोक को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे



से 1 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद किया गया। इन लोगों ने ब्रेजा गाड़ी में यह गांजा छुपाया हुआ था।

ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना के बाद सिरसा कट से एक ब्रेजा गाड़ी को पकड़ा गया। उस गाड़ी में गांजा छुपाया हुआ था। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

इन लोगों ने पूछताछ में बताया कि यह लोग गांजा लेकर मथुरा जा रहे थे। इसको आंध्रप्रदेश से लेकर आए थे। मोटा मुनाफा कमाने के लिए यह लोग इस गांजे का अवैध कारोबार करते थे।

यह ब्रेजा गाड़ी में गांजे को छुपा कर लाया करते थे। मथुरा के आसपास इसको बेचा करते थे। फिलहाल पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। साथ ही पुलिस इनके गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में भी जानकारी जुटा रही है।

# 25 हजार का इनामी पुलिस मुठभेड़ में अरेस्ट

## लूट और चोरी के 26 मुकदमें, आपराधिक रिकार्ड खंगाला जा रहा है

नोएडा। पुलिस की देर रात एक 25 हजार के इनामी बदमाश के साथ मुठभेड़ हो गई। घायल अवस्था में गिरफ्तार कर उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया । बदमाश पर लूटपाट के 26 से ज्यादा मुकदमे दर्ज है। आपराधिक रिकार्ड खंगाला जा रहा है। बदमाश गन पाइंट पर लोगो से लूटपाट करता था।

दरअसल ,थाना सेक्टर-39 पुलिस रविवार देर रात सेक्टर-46 रेड लाइट के चौराहे पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया। जिसे रोकने का प्रयास किया



गया। लेकिन वह नहीं रुका। पुलिस टीम द्वारा करीब 200 मीटर पीछा करने पर मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति पीछा किया। उसे वॉर्निंग दी गई। अपने को घिरा देख उसने पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया। पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी कार्रवाई की गई। व्यक्ति के पैर में गोली लगी। वो मोटरसाइकिल के साथ गिर गया। घायल बदमाश का नाम राजेश कश्यप उर्फ भेड़ा पुत्र बिशना निवासी ग्राम बसई, थाना फेस-3 के रूप में हुई। उसकी उम्र करीब 30 साल है। आरोपी थाना सेक्टर-39 के एक गैंगस्टर एक्ट में वांछित था। उसके ऊपर 25,000 रुपये का इनाम घोषित किया था। इसके कब्जे से तमंचा .315 बोर मय 01 खोखा व 01 जिन्दा कारतूस, एक चोरी की मोटरसाइकिल अपाचे बरामद हुई है। इसके ऊपर विभिन्न थानों में लूट और चोरी आदि के 26 मुकदमे दर्ज है। बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

### नोएडा में गैस रिसाव से 2 रेस्टोरेंट में लगी आग

गौतम बुद्ध नगर। नोएडा के थाना सेक्टर 12 की मार्किट में दो रेस्टोरेंट में भीषण आग लग गई। आग लगते ही चारों तरफ अफरातफरी मच गई। रेस्टोरेंट में गैस सिलेंडर भी रखे हुए थे, जिसकी वजह से लोगों में और ज्यादा दहशत भी फैल गई। हालांकि सूचना के बाद दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस हादसे में कोई भी जन हानि नहीं हुई है। रविवार शाम 5 बजे नोएडा के थाना सेक्टर 24 क्षेत्र के सेक्टर 12 की मार्किट के जायका रेस्टोरेंट में आग लग गई। आग ने बराबर वाले रेस्टोरेंट कड़क सिंह ढाबा को भी अपने आगोश में ले लिया। थोड़ी ही देर में दोनों रेस्टोरेंट जलने लगे। आग लगते ही पूरी मार्किट में अफरा तफरी मच गई। आग लगने की सूचना दमकल विभाग की टीम को दी गई। जिसके बाद दमकल विभाग के तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची और करीब 15 मिनट की मशक्कत के बाद उन लोगों ने आग पर काबू पाया। आग इतनी भीषण थी कि जायका रेस्टोरेंट का पूरा सामन जलकर राख हो गया। साथ ही दूसरे रेस्टोरेंट का सामान भी जल गया। जिला दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि शाम को आग लगने की सूचना मिली थी। सेक्टर 12 के सामने एक्स ब्लॉक में दुकान नंबर 16,17 में चल रहे जायका किंग रेस्टोरेंट एवं कड़क सिंह ढाबा में गैस रिसाव के कारण यह आग लगी थी। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए फायर सर्विस यूनिट घटना स्थल पर रवाना हुई और 3 गाड़ियों की मदद से आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया है ।इस हादसे में कोई जन हानि नही हुई है ।

### झज्जर अनाज मंडी में आढ़ती किसान मुनीम मजदूर एकता जिंदाबाद के नारों का हुआ आगाज



हरियाणा स्टेट अनाज मंडी आढ़ती संगठन ने हरियाणा सरकार द्वारा आढ़तियों की मांगे नहीं माने जाने पर सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन जारी किया है आढ़तियों का कहना है कि सरकार ने करोना महामारी के काल में आढ़तियों के साथ कुछ मांगों को लेकर बातचीत हुई थी उसमे हमने सहमति जाहिर की थी लेकिन सरकार अब हमारी मांगों को नहीं मान रही उसके चलते हम अपना प्रदर्शन कर रहे है। सरकार या तो हमारी मांगों को मान ले नही तो हमारी एक फोन काल पर सभी मंडियों के आढ़ती यहां इकट्ठा हो जाएंगे और अब आने वाला समय चुनाव का आ रहा है और चुनाव में हम सरकार को अलग रास्ता दिखा सकते है। वही मंडी के प्रधान में बताया की सरकार आढ़तियों के साथ धोखे का काम कर रही है हमारा प्रदर्शन 5अप्रैल तक जारी रहेगा सरकार को हमारी बात माननी चाइए ताकि किसानों को और आढ़तियों को कोई दिक्कत ना आए ।वही मंडी में अपनी फसलों को लेकर पहुंचे किसानों ने भी काफी नाराजगी जाहिर की है ।अनाज मंडियों में मंडी के अधिकारियों का कहना है कि सरकार की तरफ से खरीद का काम शुरु हो चुका है लेकिन आढ़ती धरने पर बैठे है और किसान परेशान हो रहे है जल्द ही इस धरने को लेकर मामला सुलझ जाएगा।

# गांव ढाकला के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश उत्सव विशेष तरीके से मनाया गया

ललित कुमार गोठवाल

पहले ही दिन अलग-अलग कक्षाओं में 26 नए छात्रों ने दाखिला लिया। विद्यालय के प्राचार्य वेद प्रकाश ने बताया कि सबसे पहले विद्यालय के प्रवेश द्वार को स्वागतम् लिखकर रंगोली से सजाया गया। सभी स्टाफ सदस्यों ने मिलकर सरस्वती मां की पूजा व वंदना की। सभी आने वाले बच्चों के लिए स्वागत गीत गाया गया। उसके बाद विद्यालय में प्रवेश हेतू आने वाले एक- एक छात्र को तिलक करके मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया गया । कई अध्यापक-अध्यापिकाओं ने तो नए आने वाले छात्रों से हाथ मिलाया तथा उन्हें गले लगाया। हर बच्चे को पैन के रूप में एक एक गिफ्ट दिया गया। आने वाले



सभी नए बच्चों ने ग्रुप डांस किया। सभी बच्चों का एक ग्रुप फोटो किया गया। इसके बाद सभी बच्चों को विद्यालय के कैंपस का परिचय करवाया गया। अंत में दाखिले की प्रक्रिया पूरी करके सभी बच्चों को विद्यालय की ओर से पाठ्य पुस्तकें वितरित की गई। प्रवेश उत्सव समारोह में विद्यालय के स्टाफ सदस्य योगिता,राहुल तिवारी, विजय कुमार,मनोज कुमार, जसवंत सिंह, आनंद कुमार, संदीप कुमार, ब्रह्मपाल, ममता कुमारी,राकेश कुमार, विक्रम सिंह, अरुण नांदल, रमेश कुमार, अमित दलाल,,लख्मीचंद, पवन कुमार आदि सभी उपस्थित थे। समारोह में अभिभावक तथा गांव के गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। प्राचार्य वेद प्रकाश ने बच्चों को विद्यालय में आने पर स्वागत किया। प्राचार्य जी ने उपस्थित अभिभावकों को अधिक से अधिक बच्चों को सरकारी विद्यालय में दाखिला दिलाने के लिए प्रेरित किया।

अध्यापको व एसएमसी सदस्यो द्वारा घर-घर जाकर बच्चों के दाखिले के लिए जागरूक अभियान चलाया जा रहा है। ।उन्होंने बताया कि हमारे विद्यालय में अच्छी पढ़ाई के साथ साथ, बिजली ,ठंडा व शुद्ध पानी ,फर्नीचर, डिजिटल बोर्ड, टैबलेट्स, लाइब्रेरी, विज्ञान प्रयोगशाला, कंप्यूटर लैब, खेल कूद, अनुशासन ,हरा-भरा प्रांगण आदि सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हैं।

# उत्तराखंड में 10 करोड़, 71 लाख की अवैध राशि व सामग्री जब्त

देहरादून। उत्तराखंड में सामान्य लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया के अंतर्गत, आदर्श आचार संहिता लागू होने के 16 दिनों में कुल 10 करोड़, 71लाख की अवैध धन राशि और अवैध सामग्री पकड़ी अथवा जब्त की जा चुकी है।

यह जानकारी संवाददाताओं को सोमवार को राज्य के अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने दी। उन्होंने बताया कि पिछले 16 दिनों की अवधि में इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से इन्फोर्समेंट एजेंसी पुलिस विभाग, इनकम टैक्स, आबकारी विभाग, कस्टम और अन्य विभागों द्वारा रिपोर्टिंग की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था राज्य में पहली बार लागू की गई है। जोगदंडे ने बताया कि इसमें पुलिस द्वारा पांच करोड़ 29 लाख, इनकम टैक्स द्वारा चार करोड़ 95 लाख तथा आबकारी विभाग द्वारा 39 लाख मूल्य की जब्ती की गई। लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2019 में राज्य में पुलिस द्वारा एक करोड़ 97 लाख, इनकम टैक्स द्वारा 45 लाख और आबकारी विभाग द्वारा 19 लाख मूल्य की जब्ती की गई थी। उन्होंने बताया कि अभी तक कम्पोनेंट वाइज सीजर में तीन करोड़ 59 लाख का कैश, नारकोटिक्स, ड्रग्स और एन.डी.पी.एस के तहत दो करोड़ 55 लाख मूल्य की जब्ती, आबकारी के मामले में एक करोड़ 86 लाख मूल्य की जब्ती एवं दो करोड़ 70 लाख मूल्य की अन्य सामग्रियों की जब्ती हुई है। हरिद्वार जनपद में सबसे अधिक छह करोड़ 80 लाख मूल्य की, नैनीताल जनपद में एक करोड़ एक लाख मूल्य की जब्ती की गई है। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी निर्वाचक नामावलियां तैयार होने के उपरांत, सभी 11 हजार, 729 बूथों पर वोटर इन्फोर्मेशन स्लिप बांटने की कार्रवाई प्रारंभ हो गई है।

### आदि कैलाश, ओम पर्वत के लिये अब हेली सेवा शुरू

पिथौरागढ़/नैनीताल। उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड की ओर से पर्यटकों के लिये आदि कैलाश और ओम पर्वत के लिये हेली पर्यटन सेवा शुरू की गयी है। इस सेवा का शुभारंभ सोमवार को पिथौरागढ़ में किया गया। इस योजना के तहत चीन सीमा से सटे आदि कैलाश, ज्योलिकोंग और ओम पर्वत के दर्शन हेली सेवा से कराया जा रहा है। इसके लिये बोर्ड ने सिद्धार्थ एविएशन, कुमाऊं मंडल विकास निगम के साथ ही 'ट्रिप टू टैम्पल' से करार किया है। आज एमआई-17 हेलीकाप्टर से गुजरात, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, ओड़िशा, दिल्ली और हरियाणा के 16 पर्यटकों को हेली सेवा से प्रसिद्ध आदि कैलाश, ज्योलिकोंग और ओम पर्वत के दर्शन कराये गये। इस सेवा के शुरू होने से पर्यटकों में खासा उत्साह देखा गया। पिथौरागढ़ के जिला पर्यटन विकास अधिकारी कीर्ति चंद्र आर्य ने बताया कि आगामी 15 मई से यात्रा को विस्तार किया जाएगा। इसके तहत पर्यटकों को पांच दिन का एक विशेष पैकेज दिया जायेगा।

## शार्ट न्यूज

### ट्रेन में महिला अधिकारी से मारपीट, लूटपाट

नई दिल्ली। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन में कानपुर की एक महिला सहायक अभियोजन अधिकारी के साथ मारपीट कर लूटपाट का मामला सामने आया है। शिवाजी ब्रिज रेलवे स्टेशन से पहले बदमाश चलती स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस की बोगी में चढ़ गया और उनके साथ धक्का मुक्की कर बैग लूटकर ट्रेन से कूद गया। पीड़िता की पहचान स्वाति मौर्या के रूप में हुई है। नई दिल्ली रेलवे थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और बदमाशों की पहचान करने में जुटी है। स्वाति टाइप-4 ऑफिसर्स कॉलोनी, रावतपुर कानपुर नगर, यूपी में रहती हैं। वह कानपुर नगर में बतौर सहायक अभियोजन अधिकारी के रूप में काम करती हैं। पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी बहन की शादी होने वाली है। शादी की खरीदारी के लिए वह 28 मार्च को कानपुर रेलवे स्टेशन से दिल्ली आने के लिए स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस में सवार हुईं। रात करीब 10 बजे वह शिवाजी ब्रिज से पहले थीं, इसी दौरान चलती ट्रेन में उनकी बोगी में एक युवक सवार हो गया। युवक उनके पास आकर बैग छीनने की कोशिश करने लगा। विरोध करने पर मारपीट की और उसे धक्का देकर गिरा दिया, जिससे उनके हाथ में चोट लगी। ट्रेन के नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचने पर पीड़िता ने थाने में जाकर घटना की शिकायत की।

### युवक ने खुद के सीने में मारी गोली, हालत नाजुक

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मी नगर इलाके में एक युवक ने खुद के सीने में गोली मार ली। गंभीर हालत में उसे पहले नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, वहां से आरएमएल अस्पताल रेफर कर दिया गया। अस्पताल में जतिन कुमार (32) की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस को उसके पास से एक नोट मिला है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि पिछले कुछ समय से वह डिप्रेशन का शिकार है। पुलिस आशंका जता रही है कि इसी वजह से उसने खुद को गोली मारी। पुलिस को जतिन के घर से पिस्टल, एक खोखा और एक कारतूस बरामद हुआ है। क्राइम टीम के अलावा एफएसएल ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस के मुताबिक, जतिन अकेला वेस्ट गुरु अंगद नगर में रहता है। परिवार में पिता व अन्य सदस्य हैं। जतिन इंश्योरेंस एजेंट का काम करता है। करीब 20 साल पहले जतिन की मां की मौत हो गई थी। इसके बाद पिता ने दूसरी शादी कर ली थी। पिता अलग रहने लगे थे। जतिन अपने दादा के साथ रहने लगा। पिछले साल उनकी भी बीमारी की वजह से मौत हो गई थी। दादा की मौत के बाद से वह काफी परेशान रहने लगा। रविवार तड़के उसने अपने कमरे में खुद को गोली मार ली।

### आबकारी विभाग की टीम पर ट्रक चढ़ाकर मारने का प्रयास, गिरफ्तार

नई दिल्ली। शराब तस्करी के दौरान आबकारी विभाग की टीम पर ट्रक चढ़ाकर हत्या के प्रयास के आरोपी को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने दबोचा है। आरोपी की पहचान प्रकाश झा उर्फ गोटिया उर्फ ओम प्रकाश उर्फ संतोष (33) के रूप में हुई है। प्रकाश पहले से 20 आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। 24 अगस्त 2023 को समयपुर बादली इलाके में आरोपी और उसके साथियों ने आबकारी विभाग की टीम पर चेकिंग के दौरान ट्रक चढ़ाकर उनकी हत्या का प्रयास किया था। बाद में आरोपी ट्रक समेत मौके से फरार हो गया। इसके बाद जनवरी 2024 में आरोपी ने सुपारी से भरा ट्रक लूट लिया था। स्वरूप नगर और कीर्ति नगर थाने में लूटपाट के दो अलग-अलग मामलों में अदालत ने प्रकाश झा के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए हुए थे। इसके अलावा कई मामलों में पुलिस को आरोपी की तलाश थी। वारदात के बाद आरोपी बिहार भाग जाता था। माहौल शांत होने के बाद दोबारा वापस आकर वारदात को अंजाम देता था। अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त सतीश कुमार ने बताया कि इंस्पेक्टर सतीश मलिक व हवलदार विकास डबास की टीम को खबर मिली थी कि आरोपी प्रकाश झा लिबासपुर, समयपुर बादली में अपने परिजनों से मिलने के लिए आएगा।

### त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में रहेंगे केजरीवाल

नई दिल्ली। आबकारी नीति मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सोमवार शाम तिहाड़ जेल भेज दिया गया। वह जेल नंबर दो की एक सेल में रहेंगे। जेल सूत्रों ने बताया कि केजरीवाल तीन लेयर की सुरक्षा में रहेंगे। उनके सेल व आसपास करीब आधा दर्जन सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं, जिसकी मॉनिटरिंग जेल महानिदेशक करेंगे। इसके अलावा सेल की सुरक्षा के लिए एक हेड वार्डर तैनात रहेगा। क्यूआरटी टीम भी 24 घंटे निगरानी करेगी। सेल में एक टेलीविजन की व्यवस्था होगी। साथ ही वह लाइब्रेरी से किताब लेकर पढ़ सकेंगे। सोमवार शाम करीब 4.02 बजे जेल वैन से अरविंद केजरीवाल तिहाड़ के जेल नंबर दो में पहुंचे। जेल में पहुंचने के बाद उन्हें ड्योढ़ी (कार्यालय) पर ले जाया गया। जहां उनका नाम, पता सहित अन्य जानकारी हासिल करने के बाद जेल अधिकारियों ने उनका मेडिकल करवाया। इसके बाद उन्हें सेल में भेज दिया गया। जेल सूत्रों का कहना है कि अदालत के आदेश के मुताबिक ही उन्हें सुविधा दी जाएगी। उन्होंने अदालत से जेल में रहने के दौरान कुछ किताब व अन्य सामान की मांग की है, जिसे जेल प्रशासन की ओर से मुहैया करवाया जाएगा। अदालत से अरविंद केजरीवाल को जेल भेजे जाने के आदेश होने के बाद उनके समर्थक जेल के बाहर जुटने लगे।

### कैंसर पर सटीक वार करेगा लेडी हार्डिंग

नई दिल्ली। लेडी हार्डिंग अस्पताल आने वाले दिनों में कैंसर पर सटीक वार कर सकेगा। यह सुविधा शुरू होने पर कैंसर मरीजों का इंतजार घटेगा। साथ ही एक ही जगह पर आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। मौजूदा समय में अस्पताल के कैंसर सेंटर में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग केवल कीमोथेरेपी की सुविधा दे रहा है। अन्य सुविधाओं के लिए मरीजों को दूसरे अस्पताल या सेंटर का रुख करना पड़ता था। ऐसे में कैंसर विभाग में सुविधाओं को बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार ने बजट आवंटित किया। इस बजट की मदद से रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग में नई मशीन आई हैं। इन मशीनों को चलाने के लिए अगले कुछ दिन में लाइसेंस लेने की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। विशेषज्ञों का कहना है कि लेडी हार्डिंग अस्पताल में हर दिन आठ हजार से अधिक मरीज इलाज करवाने आते हैं। इनमें से बड़ी संख्या में मरीज स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग, कान, नाक गला विभाग सहित अन्य विभाग में इलाज करवाते हैं। इन मरीजों की जांच के बाद कई तरह के कैंसर का पता चलता है। इन कैंसर मरीजों के इलाज के लिए अस्पताल में ब्रैकीथेरेपी, सीटी सिम्युलेटर व एमआरआई मशीन लाई गई है।

# आप ने भाजपा पर लगाया दिल्ली सरकार को अस्थिर करने का आरोप

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर दिल्ली सरकार को अस्थिर करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि उनके विधायकों को 25-25 करोड़ रुपये की पेशकश की जा रही है। दिल्ली विधानसभा के सत्र के दौरान आम आदमी पार्टी के विधायक ऋतुराज गोविंद ने सोमवार को कहा कि अब भाजपा ने दिल्ली में अपना घटिया काम फिर से शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि अभी तक तो केवल राष्ट्रपति शासन लगाने की बाते सुनने में आ रही थी लेकिन वह रविवार को एक शादी में गये तो वहां तीन-चार लोग उन्हें एक तरफ ले गए और कहा कि हम आपको बार-बार फोन पर मनाने और बताने की कोशिश कर रहे हैं। अगर आप नहीं मानोगे तो कुछ नहीं मिलेगा। दिल्ली के अंदर राष्ट्रपति शासन लगाने वाले हैं। आप मान जाओ और अपने साथ 10 विधायकों को तोड़कर ले आओ। सबको 25-25 करोड़ रुपए देंगे और आपको मंत्री पद देंगे।

गोविंद ने कहा कि रात में उनसे बातचीत होने के बाद, आज सुबह एक इंटरनेट कॉल आई, जिसपर धमकी दी गई कि रात में हमारे बीच जो बातचीत हुई है, अगर उसके बारे में किसी को बताया तो आपके साथ ठीक नहीं होगा। सदन में अपनी बात रखने के दौरान विधायक भावुक हो गए। उन्होंने कहा, इन लोगों ने हमारे नेता को झूठे मुकदमे में अंदर कर दिया और अब हम लोगों को डरा रहे हैं, लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं। हम मर जाएंगे, कट जाएंगे लेकिन अपने नेता अरविंद केजरीवाल के साथ कभी गद्दारी नहीं करेंगे।




उन्होंने कहा कि 21 मार्च को देश के सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक झूठे केस में फंसाकर गिरफ्तार कर लिया गया। सरथ रेड्डी और मगुंटा रेड्डी समेत चार लोगों की फर्जी गवाही के आधार पर गिरफ्तारी हुई। अगर गवाही पर ही गिरफ्तारी होनी है तो प्रधानमंत्री मोदी जिस वक्त गुजरात के मुख्यमंत्री थे, उस समय सामने आई सहारा और बिड़ला की डायरी में भी साफ-साफ लिखा था कि तत्कालीन मुख्यमंत्री को कितना पैसा दिया गया। अभी तक उनको जेल में होना चाहिए था।

वहीं, आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि दिल्ली विधानसभा के पटल पर जिस तरह से विस्फोटक खुलासे हुए, उससे एक बार फिर यह स्पष्ट हो गया कि अगर देश के लोकतंत्र और बाबा साहब अंबेडकर के लिखे संविधान को खतरा है, तो वह सिर्फ भाजपा से हैं। भाजपा ऑपरेशन लोटस के नाम पर देश में असंवैधानिक और अनैतिक तरीके से विधायकों और सांसदों की खरीद- फरोख्त करके और केंद्रीय एजेंसियों के जरिये उन पर दबाव बनाकर लगातार चुनावी लोकतंत्र को अस्थिर करती रही है। हमने दिल्ली में भी देखा कि एक समय में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने दिल्ली के विधायकों को पांच-पांच करोड़ रुपए में खरीदने की कोशिश की थी। पिछले कुछ में महीनों में भी दिल्ली में ऐसी कई सारी घटनाएं हुईं। पंजाब के विधायक को तोड़ने और खरीदने की कोशिश की गई, जिसका पंजाब के विधायकों ने खुलासा किया।

पांडे ने कहा कि श्री केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद भाजपा ने अपना लोकतंत्र विरोधी घिनौना चेहरा सामने लाते हुए दिल्ली के विधायकों को तोड़ने की फिर नाकाम कोशिश की है। उन्होंने कहा, भाजपा सारे प्रलोभन देने के बाद भूल गई कि आम आदमी पार्टी के विधायक भगत सिंह के चेले हैं। हम अरविंद केजरीवाल के सच्चे सिपाही हैं। हमने मरते दम तक दिल्ली के लोगों की सेवा करने की जो प्रतिज्ञा ली थी, उसका अरविंद केजरीवाल के दिशा निर्देशों पर पालन करते रहेंगे।

# सभ्यता फाउंडेशन दिल्ली के चार ऐतिहासिक स्मारकों की करेगा देखरेख

नयी दिल्ली। गैर लाभकारी संगठन सभ्यता फाउंडेशन ने सोमवार को कहा कि उसे संस्कृति मंत्रालय की ओर से राजधानी के पुराना किला , हुमायूं का मकबरा , सफदरजंग मकबरा और मेहरौली पुरातात्विक पार्क की देखरेख और प्रोत्साहन का दायित्व मिला है।

संस्कृति मंत्रालय और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण संस्थान (एएसआई) की ओर से शुरू की गयी इस पहल का उद्देश्य निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों के साथ सहभागिता करके केंद्रीयकृत संरक्षित स्मारकों और स्थलों में सुविधायें उपलब्ध और विकसित करना है।

इसकी घोषणा रविवार को यहां आयोजित एक कार्यक्रम में की गयी। इस कार्यक्रम में विदेश मंत्री एस जयशंकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।



संस्कृति मंत्रालय के सचिव गोविंद मोहन ने इस मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विरासत भी, विकास भी' के दृष्टिकोण के साथ यह पहल हमारी भारतीय विविध धरोहर को संरक्षित रखने के लिये हमारे संयुक्त प्रयासों की प्रतिबद्धता को व्यक्त करती है।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के महानिदेशक यदुबीर सिंह रावत ने इस अवसर पर कहा कि 'एडॉप्ट ए हेरिटेज 2.0' की शुरुआत वर्ष 2017 में शुरू किये गये पहले दौर की सफलता के बाद किया गया है।

उन्होंने कहा, लाल किला एक शानदार उदाहरण है कि कैसे हमने तकनीक और आधुनिकता को जोड़कर अपने धरोहर स्थलों के अनुभवों को उन्नत किया है। हालांकि, हमारे पास इस तरह की 4000 धरोहर हैं, जिन्हें इस तरह के प्रयासों की आवश्यकता है और हमें निजी संस्थाओं से सहयोग की आवश्यकता है ताकि राष्ट्रीय सांस्कृतिक खजाने भविष्य की पीढ़ियों के लिये प्रेरणा स्रोत बने रह सकें। हम उनके निरंतर समर्थन और प्रोत्साहन के लिये संस्कृति मंत्रालय के आभारी हैं।

एचईजी लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं सभ्यता फाउंडेशन के बोर्ड सदस्य रवि झुनझुनवाला ने कहा कि सभ्यता फाउंडेशन देश की सांस्कृतिक और विरासत पारिस्थितिकी को संरक्षित और प्रोत्साहित करने के लिये प्रतिबद्ध है और भारतीय विरासत, कला, वास्तुकला और संस्कृति के विश्वस्त संग्रहों का विश्व स्तरीय अनुभव प्रदान करने के लिये समर्पित है।

# राजधानी में छह-12 अप्रैल तक प्रदर्शनी आयोजित होगी

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के ललित कला अकादमी में छह से 12 अप्रैल तक रामायण पर बिहार के मिथिला क्षेत्र की 37 महिला कलाकारों की प्रदर्शनी का लगायी जायेगी।

यह प्रदर्शनी मिथिला के अलग-अलग क्षेत्रों की 37 महिला कलाकारों द्वारा बनायी गयी 100 दुर्लभ पेंटिंग का संकलन है।

इस प्रदर्शनी को मधुबनी कला केंद्र की संस्थापक और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कलाकार मनीषा झा की ओर से प्रदर्शित की जायेगी।

इन कलाकारों में पदमश्री पुरस्कार विजेता जगदंबा देवी, गोदावरी दत्ता, बउआ देवी, दुलारी देवी के साथ फन में माहिर वरिष्ठ चित्रकारों जैसे विमला दत्ता और गोपाल साहा की पेंटिंग्स का प्रदर्शन किया जाएगा। इस प्रदर्शनी का आयोजन करने का उद्देश्य मिथिला की समृद्ध लोककला की परंपरा को जीवित रखना है। मिथिला चित्रकला की पौराणिक उत्पत्ति का मूल रामायण महाकाव्य के बालकांड में देखा जा सकता है, जिसमें महाराजा जनक का जिक्र किया गया है। महाकाव्य रामायण के बाल कांड में यह वर्णन किया गया है कि महाराजा जनक ने राजकुमारी सीता के विवाह के दौरान अपने सभी नगरिकों को इन पेंटिंग को दीवार पर सजाने के आदेश दिए थे।

रामायण महाकाव्य में उर्मिला, अहिल्या, सुमित्रा, कैकेयी, शबरी, शूर्पणखा, मंदोदरी, तारा, त्रिजटा सुलोचना (इंद्रजीत की पत्नी), रूमा (सुग्रीव की पत्नी) और शांता (भगवान राम की बड़ी बहन) सहित कई अन्य महिलाओं ने अपनी-अपनी भूमिका निभायी है।

इस प्रदर्शनी के माध्यम से दर्शकों को उनके सूक्ष्म नजरिए और मानव जीवन की गहरी समझ देखने को मिलेगी।

## ईडी ने सीएम केजरीवाल पर लगाया गोलमोल जवाब देने का आरोप

दिल्ली। दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने सोमवार को कथित शराब घोटाले के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 15 अप्रैल तक बढ़ा दी है। पेशी के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि अरविंद केजरीवाल जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं और जांच एजेंसी को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। ईडी ने केजरीवाल पर जांच में गोलमोल जवाब देने का आरोप लगाया है। ईडी ने कहा है कि वह अभी भी मामले में मुख्यमंत्री की भूमिका की जांच कर रही है, मामले में शामिल अन्य व्यक्तियों की पहचान की जा रही है। साथ ही कहा कि केजरीवाल ने हिरासत में पूछताछ के दौरान गोलमोल जवाब दिए और जानकारी छिपाई। मुख्यमंत्री के बयान नौ दिनों की अवधि में लिए गए और उनका विभिन्न गवाहों और मामले से जुड़े अन्य अभियुक्तों के बयानों से सामना कराया गया। ईडी ने कहा कि केजरीवाल ने बताया है कि विजय नायर उन्हें नहीं बल्कि दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी और सौरव भारद्वाज को रिपोर्ट करते थे और नायर के साथ उनकी बातचीत सीमित थी। जबकि ईडी का कहना है कि नायर के बयानों से पता चला कि वह एक कैबिनेट मंत्री के बंगले में रहे और मुख्यमंत्री के कैंप कार्यालय से काम किया।

## चश्मे बनाने वाली फैक्ट्री में आग

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना ट्रोनिका सिटी इंडस्ट्रियल एरिया में एक फैक्ट्री में आग लग गई। इस फैक्ट्री में चश्मों के फ्रेम बनाये जाते है। यह फैक्ट्री तीन मंजिल में स्थित है। आग ग्राउंड फ्लोर पर लगी जिसकी लपटे ऊपर तक दिखाई दे रही थी। दमकल की पांच गाड़ियां ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जांच में सामने आया है की फैक्ट्री में मानकों के अनुसार अग्निशमन की व्यवस्था नहीं थी। गाजियाबाद में दमकल विभाग के चीफ फायर ऑफिसर राहुल पाल ने बताया की लोनी फायर स्टेशन को सूचना मिली कि ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र के इंडस्ट्रियल एरिया में आग लग गई है।

# चुनाव में हार देख भाजपा ने केजरीवाल को गिरफ्तार कराया : दिलीप पांडे

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता दिलीप पांडे ने सोमवार को कहा कि यह बात सच साबित हो गई कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को लोकसभा चुनाव में हार का डर सता रहा है, इसलिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कराया गया है। पांडे ने यहां संवाददाताओं से कहा कि आम आदमी पार्टी की यह बात सच साबित हो गई है कि भाजपा को लोकसभा चुनाव में हार का डर सता रहा है। इसी से बौखला कर भाजपा ने केजरीवाल को गिरफ्तार कराया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अदालत से केजरीवाल का रिमांड नहीं मांगा,




बल्कि उनको न्यायिक हिरासत में भेजने पर अपनी सहमति जताई है। जब ईडी को उनसे पूछताछ नहीं करनी है तो फिर एक मुख्यमंत्री को जेल में रखने का क्या तर्क है?

भाजपा की साजिश का सच जनता के सामने आ गया है कि ईडी का मकसद केजरीवाल से कभी पूछताछ का था ही नहीं। इसके पीछे मकसद केवल इंडिया समूह के प्रमुख चेहरे को चुनाव प्रचार से रोकना था।

उन्होंने कहा कि आज भाजपा का घिनौना चेहरा और असली मकसद अदालत और विधानसभा के सामने बेनकाब हो गया है। देश और दिल्ली की जनता के सामने सच आ गया है कि भाजपा ये नहीं चाहती कि आम आदमी पार्टी और केजरीवाल लोकसभा चुनाव का प्रचार करें। भाजपा नहीं चाहती कि आम आदमी पार्टी दिल्ली की जनता की सेवा करके उनका आशीर्वाद प्राप्त कर सकें।

# डेटिंग एप के जरिये सेक्सटॉर्शन, अश्लील वीडियो बनाया

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के शकरपुर इलाके में डेटिंग एप के जरिये एक लड़के से दोस्ताना बढ़ाना युवक को महंगा पड़ गया। लड़का युवक से मिलने के लिए कार लेकर पहुंच गया। उसने पीड़ित युवक को कार के अंदर बैठा लिया। दोनों शकरपुर इलाके में पहुंचे और कार का कवर डालकर उसके भीतर अश्लील हरकत करने लगे। इस बीच चार-पांच आरोपी वहां पहुंचे और उन्होंने बिना कपड़ों के वीडियो बना लिया। इसके बाद मारपीट कर वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर रुपये मांगने लगे। आरोपियों ने पीड़ित की पत्नी से भी रुपये मांगे। बाद में पीड़ित का फोन भी छीन लिया। किसी तरह युवक ने मामले की सूचना पुलिस को दी। शकरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एरिया प्रीत विहार का बताकर युवक को प्रीत विहार थाने छोड़ दिया गया। इसके बाद प्रीत विहार वाले वापस शकरपुर छोड़ गए। बाद में पीड़ित की शिकायत पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित युवक सलमान (29) (बदला हुआ नाम) पूर्वी दिल्ली के गणेश नगर इलाके में रहता है। वह एक निजी कंपनी में सिक्योरिटी का काम देखता है। सलमान ने पुलिस को बताया कि उसने कुछ दिन पहले अपने फोन पर एक डेटिंग एप डाउनलोड किया था। एप पर एक युवक से उसकी दोस्ती हुई। दोनों एक दूसरे से बातचीत करने लगे। दोनों ने एक दूसरे को अपनी फोटो भी भेजी। इसके बाद मुलाकात की बात तय हुई। 29 मार्च को मिलने का प्लान बना और युवक कार लेकर निर्माण विहार मेट्रो स्टेशन के पास पहुंच गया।

### मध्य प्रदेश से हथियार लाकर दिल्ली-एनसीआर में करता था सप्लाई, गिरफ्तार

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश के दतिया से हथियार लाकर दिल्ली-एनसीआर में सप्लाई करने वाले बदमाश को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने दबोचा है। आरोपी की पहचान रोहित पाल (21) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से दो पिस्टल और चार कारतूस बरामद किया है। छानबीन के दौरान पुलिस को पता चला कि सोशल मीडिया के जरिये एक किशोरी को प्यार के जाल में फंसाकर उसको अगवा करने के मामले में रोहित के खिलाफ राजस्थान के भरतपुर में पॉक्सो समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज हुआ था। जेल में जाने के बाद उसकी मुलाकात हथियार तस्करों से हुई। उनके कहने पर जेल से बाहर आकर तस्करी में जुट गया।

# निगम स्कूलों के रखरखाव के नाम पर करोड़ों की धांधली : भाजपा

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश भाजपा ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी शासित एमसीडी स्कूलों के रखरखाव के नाम पर करोड़ों रुपये की धांधली हो रही है। निगम के 1534 स्कूलों को रखरखाव फंड के 25 करोड़ रुपये 27 मार्च से 30 मार्च के बीच दिए गए और मेयर व शिक्षा निदेशक कार्यालय स्कूलों के प्रिंसिपल पर दबाव डाल रहे हैं कि वे रखरखाव के ठेके, भुगतान और काम पूरा होने का प्रमाणपत्र सत्ताधारी पार्षदों के मर्जी के ठेकेदारों को 31 मार्च तक दे दें, जो काम करना होगा वह बाद में कर लेंगे।

दिल्ली भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने शनिवार को कहा कि निगम स्कूलों के प्रिंसिपल और शिक्षक चिंता में हैं कि एक ओर मेयर और शिक्षा निदेशक कार्यालय इन पर भुगतान का दबाव बना रहे हैं, दूसरी ओर इन्हें संभावित सतर्कता विभाग की जांच का डर सता रहा है। मेयर और शिक्षा निदेशक दोनों की भूमिका इस मामले में संदिग्ध है।

आखिर इन्होंने केवल 2 से 4 दिन में खर्च के लिए इतना बड़ा आवंटन क्यों होने दिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी की सत्ता के 15 माह में हर दिन नई धांधली और पार्षदों की लूट खसोट के किस्से उजागर हो रहे। ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी, स्कूल ड्रेस, स्टेशनरी, किताबों के वितरण जैसे हर मुद्दे में गड़बड़ी की शिकायतें आती रही हैं और यह क्रम जारी है, इसकी सतर्कता जांच होनी चाहिए।

प्रवीण शंकर कपूर ने बताया कि निगम के 1534 प्राइमरी स्कूलों को हर साल स्कूल के आकार अनुसार रखरखाव फंड मिलता है। एक से 10 क्लास रूम वाले स्कूल को 1 लाख रुपये, 10 से 30 क्लास रूम वाले स्कूल को 1.5 लाख रुपये, 20 से अधिक क्लास रूम वाले स्कूल को 2 लाख रुपये दिए जाते हैं।

## कैंसर पर सटीक वार करेगा लेडी हार्डिंग

नई दिल्ली। लेडी हार्डिंग अस्पताल आने वाले दिनों में कैंसर पर सटीक वार कर सकेगा। यह सुविधा शुरू होने पर कैंसर मरीजों का इंतजार घटेगा। साथ ही एक ही जगह पर आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। मौजूदा समय में अस्पताल के कैंसर सेंटर में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग केवल कीमोथेरेपी की सुविधा दे रहा है। अन्य सुविधाओं के लिए मरीजों को दूसरे अस्पताल या सेंटर का रुख करना पड़ता था। ऐसे में कैंसर विभाग में सुविधाओं को बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार ने बजट आवंटित किया। इस बजट की मदद से रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग में नई मशीन आई हैं। इन मशीनों को चलाने के लिए अगले कुछ दिन में लाइसेंस लेने की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

# जगतपुर गांव में घुसा तेंदुआ, चार लोगों को किया घायल

## हमला करने के बाद एक घर में घुसा, छह घंटे तक चला रेस्क्यू ऑपरेशन

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली के जगतपुर गांव में सोमवार सुबह तेंदुआ घुस गया। इससे लोगों में अफरातफरी मच गई। इसी बीच तेंदुए ने चार लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। एक घायल को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी मिल गई, जबकि तीन का इलाज जारी है। घायलों की पहचान स्थानीय निवासी विपिन, नितिन, आकाश और सतीश कुमार के रूप में हुई है। यह पहली बार है जब तेंदुए ने लोगों पर हमला किया है। इस घटना के बाद से पूरे गांव में दहशत का माहौल है।

सोमवार सुबह 6ः15 बजे गांव में तेंदुआ घुसने की जानकारी मिलने के बाद पुलिस, दमकल विभाग और वन विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। तेंदुए के हमले के डरे-सहमे लोग अपने-अपने घरों में घुस गए। वन विभाग की अलग-अलग जोन की टीमें मौके पर तैनात रहीं। इसके बाद तेंदुए का रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू ऑपरेशन करीब छह घंटे तक चला। वयस्क नर तेंदुए को ट्रैंक्यूलाइज कर वन विभाग की टीम परीक्षण के लिए ले गई। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि तेंदुए को जरूरी स्वास्थ्य सुविधा दी जा रही है। फिलहाल तेंदुए को कहीं चोट लगी है या नहीं, इसका पता किया जा रहा है। जल्द उसे जंगल में छोड़ दिया जाएगा।

वन और वन्यजीव विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मध्य वन विभाग को सुबह वन्यजीव विंग मुख्यालय से तत्काल तेंदुए के बचाव की कॉल प्राप्त हुई। इसे जगतपुर गांव में देखा गया था। इसके बाद वन्यजीव बचाव दल तुरंत जुट गया। साथ ही, 30 मिनट के भीतर घटना स्थल पर पहुंच गया।

तेंदुआ कुछ लोगों को घायल करने के बाद एक घर के कमरे में घुस गया। इसके बाद एक एनजीओ बचाव दल द्वारा कमरे को बाहर से बंद कर दिया गया। दिल्ली वन एवं वन्यजीव विभाग के मुख्य वन्यजीव वार्डन व एचओडी डॉ. सुनीश बक्सी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि घर के अंदर से तेंदुए को बचाने की योजना बनाई गई। उन्होंने बताया कि जिस कमरे में तेंदुए को बंद किया गया था, वह दूसरे कमरे में खुलता था जिसके दोनों ओर दो छोटे-छोटे कमरे थे। उन्होंने कहा कि तेंदुए को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इस दौरान डीसीएफ मध्य और उत्तर रेंज अधिकारी अनामिका, वन्यजीव गार्ड और पशु संचालक भी पहुंचे।

वहीं, डबल और सिंगल बैरल डार्ट गन से राष्ट्रीय प्राणी उद्यान के पशु चिकित्सक डॉ. अभिजीत भवाल और दक्षिण वन प्रभाग के डॉ. सुमित नागर लैस थे।

इस बीच कमरे को घेर लिया गया और जमीन पर एक मोटा जाल बिछा दिया गया, जिसे सुरक्षा उपाय के रूप में घर की सनरूफ पर तैनात एक टीम द्वारा नियंत्रित किया जा रहा था।

# संपादकीय

## समृद्धि की अर्थव्यवस्था

पिछले दशक में भारत ने आर्थिक क्षेत्र में अभूतपूर्व तरक्की की है। दस वर्ष पहले भारत विश्व की दसवीं आर्थिक शक्ति था, आज पांचवीं हो गया। यह भी कहा जा रहा है कि दुनिया की चौथी औद्योगिक क्रांति का मूलाधार भारत होगा। इस विकास के साथ-साथ देश महामंदी से बच निकला है। उसकी आर्थिक विकास दर महाबली देशों के मुकाबले कहीं अधिक हो गई और हमारे विस्तृत बाजार की शक्ति देश में मांग की शक्ति बनकर न केवल घरेलू निवेश बल्कि विदेशी निवेश को भी अपनी ओर आकर्षित करने लगी। भारत दुनिया में चीन प्लस का विकल्प बनकर उभर रहा है। आज जहां देश में औद्योगीकरण और आधुनिकीकरण के बदलते तेवर नजर आ रहे हैं, वहां अंतरिक्ष क्षेत्र में भी उसकी और इसरो की उपलब्धियां इतनी स्पर्धायोग्य हैं कि वे केवल छोटे देशों ही नहीं, अमेरिका और रूस जैसे बड़े देशों के लिए भी एक और प्रकाशस्तम्भ बनकर उभर रहा है। विश्व आर्थिक मंच और सेंटर फॉर फोर्थ इंडस्ट्रियल रिवॉल्यूशन (सी4आईआर) में भारत के समावेशी विकास का संज्ञान लेते हुए उसके बदलते चेहरे की पहचान करने के लिए कहा है। मंच का कहना है कि इसका आधार बना है पिछले दो वर्ष से भारत की बजट नीति में परिवर्तन और प्रत्यक्ष सार्वजनिक निवेश का बढ़ना। भारत की बड़ी उपलब्धि है कि हमने अंतरिक्ष क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति की है और उसे एक व्यावसायिक तेवर दे दिया है। भारत का सार्वजनिक ही नहीं बल्कि निजी क्षेत्र भी कमाई के नये क्षितिज खुलते हुए पा रहा है। छोटे देशों का उपग्रह प्रक्षेपण सस्ती दरों पर कभी भी न हो पाता, अगर भारत इस दिशा में कदम न बढ़ाता। अभी जो इसरो के नये प्रयोग हुए हैं, उसमें यात्रियों को अंतरिक्ष तक ले जाना, पर्यटन करवाना और सुरक्षा के साथ वापस ले आना भी शामिल है। अब अगला लक्ष्य पर्यटकों को चांद तक ले जाना और उन्हें वापस लाना है। दूसरी बात, ये प्रयोग किफायती दर पर हो रहे हैं। ठीक समय पर अपने अंतरिक्ष और सौर ग्रह अभियानों में निजी क्षेत्र के लिए द्वार खोल देना भी भारत की दूरदर्शी नीति का परिचायक है। दरअसल, इस समय भारत की सबसे बड़ी समस्या अंतर्राष्ट्रीय विनिमय क्षेत्र में अपनी मुद्रा के मूल्य को बढ़ाना और विदेशी मुद्रा की कमाई है। इस दिशा में हमने अपने प्रयास में धरती का विकास ही नहीं, अंतरिक्ष का व्यावसायीकरण भी शामिल कर लिया। इसके लिए नये अंतरिम बजट के बाद नई सरकार के जुलाई मास में आने वाले नये बजट में भी एक साझा बुनियादी ढांचा बनाने का संकल्प लिया गया है। देश में डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा बनाया जा रहा है। इससे धरती और आकाश में उद्यमिता के मामले में तेजी आएगी।

नई आर्थिक नीति को निर्धारित करने के लिए जो रोडमैप बनाया जा रहा है, वह समावेशी आर्थिक उन्नति का रोडमैप है। इसमें देश को आयात आधारित अर्थव्यवस्था से बदलकर निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था बनाने का प्रयास किया जा रहा है। यहां यह बता दिया जाए कि यह प्रयास तब तक सफल नहीं हो सकते जब तक हम पक्के कदमों से आगे नहीं बढ़ते। अगर आलम यह हो कि ऊर्जा के लिए कच्चे तेल का 85 प्रतिशत आयात करना पड़े और देश को अगर कृत्रिम मेधा, चिप, सेमीकंडक्टर युग और रोबोटिक्स में आगे बढ़ाना है तो उसके लिए विद्युत के भारी उत्पादन की आवश्यकता मुखर हो तो ऐसे माहौल में केवल अभूतपूर्व प्रगति के संकल्पों के ज्ञान से ही काम नहीं चलेगा। ऊर्जा का वैकल्पिक उत्पादन देशभर में सोलर ऊर्जा के साथ-साथ परम्परागत पेट्रोलियम ऊर्जा के नये कुओं की तलाश में भी आगे बढ़ना होगा। आयल एंड नैचुरल गैस कमिशन की इस दिशा में लगातार चुप्पी परेशान करती है।

## पूरे देश का मुद्दा है सोनम वांग्चुक का अनशन

लद्दाख के जाने-माने इनोवेटर, शिक्षाविद और पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांग्चुक ने नाजुक हिमालय को बचाने के लिए रखे गए 21 दिन के अपने अनशन को पूरा किया। विभिन्न सामाजिक-राजनीतिक एवं रीतिगत स्तरों पर इस उपवास का प्रतीकात्मक महत्व बहुत अधिक है। गांधीजी का भी सबसे लंबा अनशन 21 दिन चला था, और वांग्चुक केंद्रीय सरकार और इसकी नौकरशाही को झकझोरने के लिए आत्म-शक्ति के जरिये प्रतिरोध के तरीके से इस मानक को पाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर धरने पर बैठे थे। उनकी मांगों को गहराई से पढ़ने की जरूरत है, खासकर संसद में 'प्रकृति नुमाइंदे' होने वाली। सुनने में यह भले अटपटी लगे लेकिन 'प्रकृति नुमाइंदे' का अर्थ बहुत गहरा है। 60000 वर्ग कि. मी. वाले लद्दाख इलाके के लिए महज एक सांसद है, जाहिर है उसकी आवाज़ कोई मायने नहीं रखती। पांच अगस्त, 2019 को जम्मू और कश्मीर संभाग से अलग किए जाने के बाद से लद्दाख का शासन नौकरशाह चला रहे हैं। भाजपा ने अपने 2019 के चुनावी घोषणापत्र में वादा किया था कि इस केंद्र शासित क्षेत्र को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल किया जाएगा, लेकिन यह वादा खोखला निकला। भारतीय राष्ट्र की मुकुट धरा में लोकतांत्रिक शून्यता कायम है, यह स्थिति अफसोसनाक और खतरनाक, दोनों है।

माइनेस 12 डिग्री सेंटीग्रेड में खुले आसमान के तले, 300 अन्य सत्याग्रहियों के साथ उपवास और रहना-सोना करके वांग्चुक ने अपने ऊपर बहुत कष्ट झेला है ताकि बाकी की दुनिया देख सके कि लद्दाख में सरकार ने विकास का जो रास्ता अख्तियार किया है, उनमें स्थानीय लोगों की भागीदारी नदारद है। यह स्थान वैश्विक चर्चा का बिंदु भी है। दुनिया में आणविक हथियारों से लैस दो सबसे बड़ी सेनाओं के जवान आज इस सीमा पर आंखों में आंखें डाले आमने-सामने की स्थिति में हैं। तिस पर यह बेहद शीतलतम स्थान नाजुक बने पर्यावरण और ग्लेशियरों की स्थिति से मौसमीय पारिस्थितिकी बिंदु पर है, जिसे हर हाल में आने वाले समय में बचाकर रखना होगा।

लद्दाख में राजनीतिक प्रतिनिधित्व के लिए लड़ाई सत्ता में हिस्सेदारी के लालच में न होकर इस शीत मरुस्थल को बचाने और चीनी मंसूबों के विरुद्ध सुरक्षा की पहली पंक्ति बने रहने वाले लद्दाखियों के मन में घर कर गए भय का निदान करने के वास्ते है। इसलिए वांग्चुक का सत्याग्रह एक राष्ट्रीय मुद्दा है। उनकी मांगों में, लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने और संविधान की छठी अनुसूची के अंतर्गत केंद्रशासित प्रदेश का सुरक्षा आवरण पाना शामिल है। अनुसूची के अंतर्गत आने पर जाहिर है राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में लिए फैसलों पर तेजी से क्रियान्वयन की राह में जिला और क्षेत्रीय परिषदें बाधाएं बन सकती हैं। लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि लद्दाख औद्योगिक भूमि आवंटन नीति 2023 में स्थानीय लोगों को पूरी तरह नज़रअंदाज किया जाए, जिसको बनाते वक्त महत्वपूर्ण कमेटियों में स्थानीय लोगों का अर्थपूर्ण प्रतिनिधत्व न रखकर, भूमि आवंटन करने में एकल खिड़की प्रावधान बना डाला है। कहने को तो जिला, विभाग और राज्य स्तर पर तीन एकल खिड़की अनुमति कमेटियां बनाई गई हैं लेकिन यह व्यवस्था न तो स्थानीय लोगों के मन में विश्वास जगाती है और न ही उनकी चिंताओं का निवारण करती है। जाहिर है वांग्चुक की मुम्बई, दिल्ली के लोगों से सरल जीवन जीने और प्रकृति का अत्यधिक दोहन न करने वाली अपील उन्हें रूमानी लगेगी।

हॉलीवुड फिल्म 'वॉल स्ट्रीट' में अभिनेता माइकेल डगलस द्वारा निभाया गॉर्डन गीको का पात्र कहता है 'लालच अच्छा है', आज जिसे हम विकास मान रहे हैं, यह उसका मूलमंत्र बना हुआ है। लेकिन वांग्चुक चाहते हैं कि हम ग्लेशियरों, वादियों, पहाड़ों, चरागाहों और उस जीवनशैली को निहारते हुए इस मंत्र पर पुनर्विचार करें, जो निवेश, आप्रवासी कर्मियों और नए मालिकों की आमद से आजिज आ गयी है। संक्षेप में, क्या सीमा पर नए गांव बसाकर भारत चीन के बुनियादी ढांचा विकास मॉडल का अनुसरण करना चाहता है।

भारत की क्षेत्रीय संप्रभुता और चीन के साथ अपनी सीमाओं की सुरक्षा से निस्संदेह कोई समझौता नहीं हो सकता, लेकिन स्थानीय जनता की संवेदनाओं की कद्र करने की लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर भी यही बात लागू है।

# इंडिया की लोकतंत्र बचाओ महारैली के बेसूरे स्वर



-ललित गर्ग-

दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्षी गठबंधन इंडिया की लोकतंत्र बचाओं महारैली में जुटे 28 दलों के नेता आगामी लोकसभा चुनाव की दृष्टि से कोई प्रभावी संदेश देने में नाकाम रहे हैं। भले ही चुनाव के ठीक पहले विपक्षी दलों ने इसके जरिए अपनी एकजुटता प्रदर्शित करने में कामयाबी हासिल की हो। लेकिन यह एकजुटता भ्रष्ट नेताओं को बचाने की एक मुहिम ही बनकर सामने आयी है। इसमें स्पष्ट रूप से केन्द्र सरकार की भ्रष्टाचार पर गई कार्रवाई की बौखलाहट झलक रही थी। इस रैली में सभी दलों के नेताओं ने देश विकास के मुद्दों, सिद्धान्तों एवं नैतिक तकाजे की बजाय मोटे तौर पर सत्ता पक्ष की भ्रष्टाचार के खिलाफ की जा रही कार्रवाई को लोकतंत्र पर हमला बताते हुए इसी के इर्दगिर्द ही अपनी बातें रखीं। लोकतंत्र बचाओ रैली से उपजे विचारों ने किन्हीं पवित्र उद्देश्यों के बजाय सत्ता हासिल करने की लालसा को ही उजागर किया, यह निराश करने वाली रैली किसी बड़े बदलाव की वाहक बनती हुई नजर नहीं आयी।

इस रैली में भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शानदार जीत की संभावना से बौखलाए नेताओं की खींच ही ज्यादा सामने आयी है। यही कारण है कि रैली में जो मुद्दा जोरशोर से उठा, वह यह रहा कि यदि भाजपा फिर से सत्ता में आ गई तो लोकतंत्र भी खत्म हो जाएगा और संविधान भी। यह समझना कठिन है कि कोई दल लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करता है तो उससे लोकतंत्र और संविधान कैसे खत्म हो जाएगा। आम जनता के मतों से जीत हासिल करने वाला दल किस तरह से लोकतंत्र को ध्वस्त करने वाला हो सकता है। विपक्षी एकता का यह महाकुंभ मोदी को कोसने की बजाय किन्हीं ठोस मुद्दों के सहारे कोई प्रभावशाली विमर्श खड़ा करने की कोशिश करता तो वह आम जनता को आकर्षित करता और यही स्वस्थ राजनीतिक परिपक्वता का परिचायक होता। लेकिन ऐसा न होना समूचे देश के विपक्षी दलों की नाकामी, उद्देश्यहीनता एवं राजनीतिक अपरिपक्वता का द्योतक हैं।

इस रैली में अनेक मुद्दे उठे, जिनमें प्रमुख रहा केंद्रीय एजेंसियों का कथित दुरुपयोग और राजनीतिक भ्रष्टाचार। प्रियंका गांधी ने इस रैली में सरकार के सामने पाँच माँगें रखीं। इनमें प्रमुख दो हैं जिनमें चुनाव आयोग से माँग की गई है कि विपक्षी नेताओं पर छापों की कार्रवाई रोकी जाए। दूसरी और महत्वपूर्ण माँग ये है कि गिरफ्तार हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल को तुरंत रिहा किया जाए। इस रिहाई की माँग के पीछे कांग्रेस का उद्देश्य बचे-खुचे संगठनों या पार्टियों को इंडिया गठबंधन से जोड़े रखना है। नीतीश कुमार और ममता बेनर्जी जैसे मज़बूत खम्भे पहले ही उखड़ चुके हैं इसलिए जो कुछ बचा है उसे कांग्रेस समेटे रखना चाहती है, यही उसकी विवशता है। वैसे, इंडिया गठबंधन के घटक दलों के आपसी अंतर्विरोध की छाया भी इस




रैली दिखी। कांग्रेस की तरफ से कहा गया कि विरोध किसी खास व्यक्ति से जुड़ा नहीं बल्कि मौजूदा सरकार की तानाशाही के खिलाफ केंद्रित है। जबकि इस रैली का मकसद आम आदमी पार्टी की तरफ से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध करना बताया गया। यहां आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस के बीच के अन्तर्विरोध को सहज ही समझा जा सकता है।

यह रैली भले ही अठाइस दलों का जमावड़ा बनी, इसे विपक्षी दलों की एकजुटता का प्रदर्शन भी कहा गया है। लेकिन जबसे इंडिया गठबंधन बना है, तब से उसमें टूट एवं बिखराव के स्वर सुनाई दे रहे हैं। विचारभेद के साथ मनभेद भी सामने आये हैं। महाराष्ट्र से लेकर बिहार तक तमाम राज्यों में टिकट बंटवारे के सवाल पर इंडिया गठबंधन से जुड़े दलों की आपसी खटपट की खबरें भी आ रही थीं। भले ही ये विवाद गिनी-चुनी सीटों को लेकर थे, लेकिन संदेश स्पष्ट था कि चुनाव सिर पर आने के बाद भी इंडिया गठबंधन से जुड़े दल एकजुट नहीं हो पा रहे। रामलीला मैदान की रैली के जरिए इन दलों ने यह संदेश देने का प्रयास किया है कि मोदी विरोध एवं भाजपा को सत्ता से दूर करने के मुद्दों पर वे एक स्वर में बोल सकते हैं और लगातार बोलते भी रहे हैं, फिर उसके लिये इस महारैली की क्या जरूरत? निश्चित ही एकजुटता के ये स्वर बेसूरे, असहज एवं बनावटी है, इंडिया गठबंधन के राजनैतिक क्षितिज पर जो वरिष्ठ राजनेता हैं उनकी आवाज व किरदार भारतीय जीवन को प्रभावित नहीं कर रहा है। इंडिया गठबंधन से जुड़े दलों की केन्द्र एवं प्रांतों की सरकारों के शासन-काल में तो अपराध, भ्रष्टाचार और साम्प्रदायिकता के जबड़े फैलाए, आतंकवाद, प्रांतवाद, जातिवाद की जीभ निकाले, मगरमच्छ सब कुछ निगलता रहा है। सब अपनी जातियों और ग्रुपों को मजबूत करते रहे हैं-- देश को नहीं। प्रथम पंक्ति का नेता ही नहीं है जिसे मोदी के मुकाबले में खड़ा किया जा सके। भारत के लोग केवल बुराइयों से लड़ते नहीं रह सकते, वे व्यक्तिगत एवं सामूहिक, निश्चित सकारात्मक लक्ष्य के साथ जीना चाहते हैं। अन्यथा जीवन की सार्थकता नष्ट हो जाएगी। दो तरह के नेता होते हैं- एक वे जो कुछ करना चाहते हैं, दूसरे वे जो कुछ होना चाहते हैं। असली नेता को सूक्ष्मदर्शी और दूरदर्शी होकर, प्रासंगिक और अप्रासंगिक के बीच भेदरेखा बनानी होती है। संयुक्त रूप से कार्य करें तो आज भी वे भारत को विकास की नई ऊंचाइयां दे सकते हैं। लेकिन उन्होंने सहचिन्तन को शायद कमजोरी मान रखा है। नेतृत्व के नीचे शून्य तो सदैव खतरनाक होता ही है पर यहां तो ऊपर-नीचे शून्य ही शून्य है। इंडिया गठबंधन की चोटी से लेकर प्रांत स्तर पर, समाज स्तर पर तेजस्वी और खरे नेतृत्व का नितान्त अभाव है। यह सोच का दिवालियापन ही है कि दिखते हुए भ्रष्टाचार के बावजूद उसका विरोध नहीं करके, ऐसे भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिये लोकतंत्र बचाओ रैली का आयोजन हो रहे हैं। राजनीतिक भ्रष्टाचार एक कड़वी सच्चाई है, लेकिन वह भी उतना सच है कि इस मामले में कोई भी दल दूध का धुला नहीं है। राजनीति के हमाम में सब नंगे हैं। विपक्षी दल कुछ भी दावा करें, सच्चाई यह है कि राजनीतिक भ्रष्टाचार की समस्या का समाधान उनके पास भी नहीं है। राजनीति में काले धन का इस्तेमाल होता रहा है और कोई भी यह दावे के साथ कहने की स्थिति में नहीं कि भविष्य में ऐसा नहीं होगा। जो विपक्षी नेता भ्रष्टाचार के आरोप में केंद्रीय एजेंसियों की जांच का सामना कर रहे हैं अथवा उन्हें जेल जाना पड़ा है, उनके बारे में यह नहीं कहा जा सकता कि उन्होंने कहीं कुछ गलत नहीं किया। प्रधानमंत्री ने मेरठ में चुनावी महासंग्राम की शुरुआत करते हुए कहा कि अगर विपक्षी नेता पाक-साफ़ हैं तो सुप्रीम कोर्ट उन्हें छोड़ क्यों नहीं रहा है? कुछ तो गड़बड़ होगी ही। कुल मिलाकर बयानों का तीखापन यहाँ- वहाँ आने लगा है। लोकसभा चुनाव के प्रचार में धार आ गई है। यह धार दिन ब दिन और पैनी होती जाएगी। भारत के केनवास पर शांति, प्रेम, ईमानदारी, विकास और सह-अस्तित्व के रंगों की जरूरत है, पर आज इंडिया गठबंधन इन रंगों को भरने की पात्रता खोकर नायकविहीन है। रंगमंच पर नायक अभिनय करता है, राजनीतिक मंच पर नायक के चरित्र को जीना पड़ता है, कथनी-करनी में समानता, दृढ़ मनोबल, इच्छा शक्ति और संयमशीलता के साथ। लेकिन भारतीय लोकतंत्र की यह एक बड़ी विडम्बना है कि यहां विपक्षी दलों में नायक कम, खलनायक अधिक है। तभी एक मोदी अठाइस दलों के नेताओं पर भारी पड़ रहा है। देखना यह है कि विपक्षी दलों ने राजनीतिक भ्रष्टाचार का मामला उठाकर मोदी सरकार को घेरने की जो कोशिश की, उससे देश की जनता कितनी प्रभावित होगी और इसकी आवश्यकता महसूस करेगी या नहीं कि इस गठबंधन को सत्ता में लाना आवश्यक है। विपक्षी दलों ने जो मुद्दे उठाये, वे प्रभाव पैदा नहीं कर पाये। चुनावी बांड का ही मुद्दा ले, इसमें संदेह नहीं कि चुनावी बांड से दिए जाने वाले चंदे का जो विवरण सामने आया है, उससे अनेक गंभीर सवाल खड़े हुए हैं, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि जिन कंपनियों का नाम लेकर यह कहा जा रहा है कि मोदी सरकार ने उन पर अनुचित दबाव डालकर चंदा हासिल किया, उनमें से अनेक ने विपक्षी दलों को भी अच्छा-खासा चंदा दिया है।

## विस्तारवाद की चाहत के लिए खतरनाक वैश्विक युद्ध की आशंका

अंतर्राष्ट्रीय न्यूज़ एजेंसी के अनुसार अमेरिकी अरबपति निवेशक जॉर्ज सोरस ने सचेत किया है कि रूस और चीन का सीमा विहीन गठबंधन वैश्विक शांति एवं सभ्यता के लिए खतरनाक हो सकता है। यदि पुतिन और शी जिनपिंग के बीच का गठजोड़ रूस यूक्रेन युद्ध में कारगर साबित होता है तो विश्वयुद्ध की संभावनाएं बढ़ जाएंगी और विश्व युद्ध वर्तमान की मानवीय सभ्यता के लिए एक गतिहीन अवरोध होगा। इस अरबपति अमेरिकी निवेशक जॉर्ज सोरस ने दावोस में अपने वार्षिक प्रतिवेदन में कहा है कि दुनिया को इस युद्ध को जल्द से जल्द समाप्त करने का प्रयास करना चाहिए और इसमें पूरे संसाधन झोंक देने चाहिए। वैश्विक सभ्यता को संरक्षित, पल्लवित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ और संभवत एकमात्र तरीका पुतिन को जल्द से जल्द हराना होगा। यह हमला तीसरे विश्वयुद्ध की शुरुआत कर सकता है और हमारी सभ्यता इसे झेल नहीं पाएगी और तहस-नहस हो जाएगी। दावा किया गया है कि पुतिन ने शी जिनपिंग को पहले से ही बता दिया था और दोनों नेताओं की बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में मुलाकात भी हुई थी दोनों ने एक लंबा बयान जारी कर घोषणा की थी कि उन दोनों के बीच संबंधों की और सहयोग की कोई सीमा नहीं है। पुतिन ने सी जिनपिंग को यूक्रेन के विरुद्ध विशेष सैन्य अभियान की जानकारी भी दे दी थी। तब शी जिनपिंग ने पुतिन से ओलंपिक खेलों के होते तक सैन्य अभियान रोकने की बात कही थी। इसी बीच रूस के एक राजदूत ने इस्तीफा देकर पुतिन की इस कार्रवाई का खुलकर विरोध किया था और युद्ध में मारे गए सैनिकों के परिवार ने भी रूस में अपना विरोध दर्ज किया है। पुतिन को अपनी गलतियों का अब धीरे-धीरे एहसास हो रहा है जब यूक्रेन में रहने वाले रूसी भाषा के नागरिकों ने यूक्रेन पर हमले की घोर निंदा की है जबकि पुतिन को उनके समर्थन आशा थी जबकि ऐसा कुछ हुआ नहीं। पुतिन को अब यह एहसास हो गया है कि उन्होंने यूक्रेन पर आक्रमण करके एक बड़ी गलती की है। अब वह संघर्ष विराम के लिए पृष्ठभूमि तैयार करने में लगे हैं जो वर्तमान संदर्भों में संभव नहीं है। क्योंकि विश्व समुदाय का रूस पर भरोसा खत्म हो चुका है। अब या तो पुतिन अपनी हार छुपाने के लिए चाइना की मदद विश्व युद्ध लेंगे या फिर अपनी हार स्वीकार कर अपने पद से इस्तीफा देकर पलायन कर जाएंगे। रूस यूक्रेन युद्ध मैं आज तक कुल मिलाकर 30 लाख करोड़ों रुपए खर्च हो चुके हैं और युद्ध खत्म होने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है। अमेरिका सहित नैटो देश के सदस्य और अन्य यूरोपीय सदस्य लगातार यूक्रेन की आर्थिक तथा सामरिक मदद करते आ रहे हैं और इस स्थिति में रूस ही कमजोर नजर आ रहा है क्योंकि रूस के तमाम कमांडर और सैनिकों का मनोबल अब लगातार गिरते जा रहा है, इसके पश्चात रूस के नागरिक भी इस युद्ध के अंदरूनी खिलाफ है जबकि यूक्रेन के नागरिक उसी हौसले और उत्साह के साथ अपने नेता जेलेंस्की के साथ खड़े हुए हैं। अब स्थिति यह है कि यूक्रेन के पास ना तो पैसे की कमी है ना ही हथियारों की, वह लगातार रूसी सैनिकों तथा कमांडरों का जमकर विरोध कर रहा है।




## आओ दिव्यांगजनों को सम्मानजनक भाव वाले नजर से आत्मियता रख चुनौतियों में उनकी मदद करें



वैश्विक स्तरपर दिव्यांगजनों को विकलांगता शब्द के रूप में जाना जाता है ।अधिकांश विकसित देशों में विकलांगता को मानव जीवन का हिस्सा माना जाता है। ऐसे समाज में ऐसी व्यवस्थाएँ की जाती हैं कि एक विकलांग व्यक्ति भी रोजमर्रा की हर गतिविधि में हिस्सा ले सके। इन जगहों पर अमूमन लोग यह मानते हैं कि स्थाई या अस्थाई रूप से हर व्यक्ति अपने जीवन में विकलांगता को कभी-न-कभी महसूस करता है। यही कारण है कि यहाँ विकलांगता को एक सामान्य प्राकृतिक घटना की तरह देखा जाता है। गैर-विकसित और कम पढ़े-लिखे समाज में विकलांगता को विकलांग व्यक्ति की निजी समस्या के रूप में देखा जाता है। विकलांगता को अक्सर पूर्व जन्म के बुरे कर्मों से भी जोड़ दिया जाता है। ऐसे समाज में आधारभूत संरचनाओं को विकलांग लोगों के लिए सुगम्य बनाने पर कोई ख़ास ध्यान नहीं दिया जाता। ऐसी जगहों पर विकलांगजन के पास कोई विशेषाधिकार भी नहीं होते ।इस प्रकार हम कह सकते हैं कि विकलांगता एक सापेक्ष शब्द है ङ्क जिसका अर्थ अलग-अलग व्यक्तियों के लिए अलग हो सकता है ।परंतु भारत में इनका नाम दिव्यांग रूपी सम्मानजनक भाव वाले नजर से रखा गया है ।सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के अंतर्गत जागरूकता के लिए 21 प्रकार की दिव्यांगताओं को शामिल किया गया है। अधिनियम में पूर्व में प्रचलित 7 प्रकार की दिव्यांगताओं के स्थान पर अब 21 प्रकार की दिव्यांगताएं शामिल की गई है। अधिनियम के अंतर्गत दिव्यांगता के 21 प्रकार एवं उनके लक्षण जैसे चलन दिव्यांगता, बौनापन, मांसपेशी दुर्विकास, तेजाब हमला पीड़ित, दृष्टि बाधित, अल्पदृष्टि, श्रवण बाधित, कम, ऊंचा सुनना, बोलने एवं भाषा की दिव्यांगता, कुष्ठ रोग से मुक्त, प्रमस्तिष्क घात, बहु दिव्यांगता, बौद्धिक दिव्यांगता, सीखने की दिव्यांगता, स्वलीनता, मानसिकरूगणता, बहु-स्केलेरोसिस पार्किसंस, हेमोफीलिया, थेलेसीमिया, सिक्कल कोशिका रोग शामिल है। वैसे तो भारत में दिव्यांगजनों के सम्मान हेतु अनेक योजनाएं बनाई गई है जो केंद्र राज्य से लेकर जिला स्तर पर कार्यालय है भारतीय निर्वाचन आयोग ने भी अनेक स्तरों पर सुविधा दिव्यांगजनों को प्रदान की है। परंतु चूंकि सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री के नेतृत्व में दिव्यांगता पर केंद्रीय सलाहकार बोर्ड के छठे बैठक में अनेक योजनाओं कार्यों पर मंथन किया गया है और चुनाव आयोग द्वारा भी दिव्यांगों के लिए राजनीतिक दलों को दिशा निर्देश जारी किए गए हैं, इसलिए आज हम मीडिया पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे दिव्यांगजनों की चुनौतियों का समाधान करने कार्यवाही उन्मुख समयबद्ध समाधान करना समय की मांग हैं। साथियों बात अगर हम दिनांक 21 दिसंबर 2023 को चुनाव आयोग द्वारा जारी राजनीतिक दलों के लिए दिशा निर्देशों की करें तो, दिशानिर्देशों की मुख्य विशेषताएं ये हैं (1) राजनीतिक दलों और उनके प्रतिनिधियों को किसी भी सार्वजनिक बयान/भाषण के दौरान, अपने लेखन/लेख/आउटरीच सामग्री या राजनीतिक अभियान में निश्शक्तिता/दिव्यांगजनों पर गलत/अपमानजनक/निरादरयुक्त संदर्भों का उपयोग नहीं करना चाहिए।(2) राजनीतिक दलों और उनके प्रतिनिधियों को किसी भी सार्वजनिक भाषण के दौरान, अपने लेखन/लेखों याराजनीतिक अभियान में मानवीय अक्षमता के संदर्भ में निश्शक्तंता/दिव्यांगजनों का या निश्शक्तेता/दिव्यांगजनों को निरूपित करने वाले शब्दों का उपयोग नहीं करना चाहिए।(3)राजनीतिक दलों और उनके प्रतिनिधियों को निश्शक्तपता/ दिव्यांगजनों से संबंधित ऐसी टिप्पणियों से सख्ती से बचना चाहिए जो आक्रामक हो सकती हैं या रूढ़िवादिता और पूर्वाग्रहों को कायम रख सकती हैं(4)ऐसी भाषा, शब्दावली, संदर्भ, उपहास, अपमानजनक संदर्भ के उपयोग या दिव्यांगजनों का अपमान जैसा कि बिंदु (i), (ii) और (iii) में उल्लिखित है, पर दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 92 के प्रावधान लागू हो सकते हैं।

(5)भाषणों, सोशल मीडिया पोस्ट, विज्ञापनों और प्रेस विज्ञप्तियों सहित सभी प्रचार अभियान सामग्रियों की राजनीतिक दल के भीतर आंतरिक समीक्षा अवश्य की जानी चाहिए ताकि लोगों/दिव्यांगजनों के प्रति सक्षमवादी भाषा, चाहे वह आक्रामक या भेदभावपूर्ण, सक्षमवादी भाषा के दृष्टांतों की पहचान और दोष सुधार की जा सके।(6) सभी राजनीतिक दलों को यह सुनिश्चित करना चाहिए और अपनी वेबसाइट पर घोषित करें कि वे निश्शक्त ता एवं जेंडर की दृष्टि से संवेदनशील भाषा और शिष्ट भाषा का उपयोग करेंगे और साथ ही अंतर्निहित मानवीय समानता, समता, गरिमा और स्वायत्तता का सम्मान करेंगे। (7) सभी राजनीतिक दल सीआरपीडी (दिव्यांगजनों के अधिकारों पर कन्वेंशन) में उल्लिखित अधिकार-आधारित शब्दावली का उपयोग करेंगे और किसी भी प्रकार की अन्य शब्दावली के उपयोग से बचेंगे।(8) सभी राजनीतिक दल अपनेसार्वजनिक भाषणों/ अभियानों/ कार्यकलापों/कार्यक्रमों को सभी नागरिकों के लिए सुलभ बनाएंगे।(9) सभी राजनीतिक दल अपनी वेबसाइट और सोशल मीडिया विषय-वस्तु को डिजिटल रूप से अभिगम्य बनाएंगे, ताकि दिव्यांगजन सुगमतापूर्वक इंटरएक्शन कर सकें। (10) सभी राजनीतिक दल राजनीतिक प्रक्रिया के सभी स्तरों पर पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए दिव्यांगता पर एक प्रशिक्षण मॉड्यूल प्रदान कर सकते हैं और सक्षम भाषा के उपयोग से संबंधित दिव्यांगजनों की शिकायतों को सुनने के लिए नोडल प्राधिकारी नियुक्त करेंगे। (11) राजनीतिक दल पार्टी और जनता के व्यवहार संबंधी अवरोध को दूर करने और समान अवसर प्रदान करने के लिए सदस्यों और पार्टी कार्यकर्ताओं जैसे स्तरों पर अधिक दिव्यांगजनों को शामिल करने का प्रयास कर सकते हैं। साथियों बात अगर हम छठवीं केंद्रीय सलाहकार समिति की बैठक की करें तो, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री के सक्रिय नेतृत्व में दि० ?यांगता पर केंद्रीय सलाहकार बोर्ड की छठी बैठक डीएआईसी, नई दिल्ली में आयोजित की गई। बैठक में ओडिशा, यूपी, गोवा, तमिलनाडु के प्रतिष्ठित मंत्रियों के साथ-साथ राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों और विभिन्न संगठनों के प्रमुख प्रतिनिधियों ने भाग लिया, बैठक में दिव्यांगता क्षेत्र के केन्द्रीय मुद्दों को संबोधित किया गया, जिससे परिवर्तनकारी प्रगति के एक नए युग की शुरुआत हुई,विचार विमर्श में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई, जिसमें दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 के कार्यान्वयन की स्थिति, सुगम्य भारत अभियान, विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र परियोजना और दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) के सशक्तिकरण के लिए डीईपीडब्ल्यूडी द्वारा अभिनव पहल शामिल हैं।

# शार्ट न्यूज

## प्रयागराज में विवाद में युवक की हत्या

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के फाफामऊ में पुरानी रंजिश को लेकर हुए विवाद के दौरान गोली चलने से एक युवक की मृत्यु हो गयी। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी-गंगानगर) अभिषेक भारती ने सोमवार को बताया कि गद्दोपुर क्षेत्र में रविवार की रात संदीप पाल और हर्ष उर्फ बिल्ला के बीच किसी पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट के दौरान हर्ष उर्फ बिल्ला ने संदीप पाल पर गोली चला दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां देर रात उसकी मौत हो गयी। उन्होने बताया कि पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पांच टीमों का गठन किया गया था। इन टीमों द्वारा फाफामऊ क्षेत्र में देर रात चेकिंग के दौरान तेज गति से आते हुए एक मोटरसाइकिल सवार को रोकने का प्रयास किया। मोटरसाइकिल सवार रूकने के बजाय पुलिस टीम पर फायर कर भागने लगा। पुलिस को भी आत्मरक्षार्थ गोली चलानी पड़ी जिससे आरोपी के पैर में लगी और वह गिर पड़ा। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर अस्पताल में भर्ती कराया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इसकी शिनाख्त आरोपी हर्ष उर्फ बिल्ला के रूप में किया है। इसके पास से एक तमंचा और कारतूस जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि मृतक संदीप पाल के भाई रंजीत पाल की तहरीर पर फाफामऊ में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## घरेलू विवाद में युवक ने की आत्महत्या

सीतापुर। उत्तर प्रदेश में सीतापुर जिले के शहर कोतवाली क्षेत्र में घरेलू विवाद को लेकर सोमवार को एक युवक ने गोली मारकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस के अनुसार तरीनपुर मोहल्ले में रानू सिंह (30) ने आज दिन में पारिवारिक विवाद को लेकर तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। एक अन्य सड़क दुर्घटना में एक युवक एवं उसकी भाभी की मृत्यु हो गई। थाना मानपुर के बखरिया गांव के पास रविवार देर रात मोटरसाइकिल पर देवर भाभी एवं उनका बच्चा अपने गांव वापस आ रहे थे कि अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई और घायल देवर को उपचार के लिये बिसवन अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तीन वर्षीय बालक को गंभीर अवस्था में जिला चिकित्सालय भेजा गया है।पुलिस के अनुसार थाना ताल गांव के कड़ी सराय निवासी शफीक अपनी भाभी रुखसाना एवं उसके तीन वर्षीय पुत्र के साथ बीती रात माधवपुर से वापस अपने गांव लौट रहे थे कि सीतापुर बिसवन मार्ग पर ग्राम बखरिया के पास अज्ञात वाहन की टक्कर में रुखसाना (28) की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल शफीक को अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## 25 हजार के ईनामिया को किया गिरफ्तार

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ में फर्नीचर कारोबारी की हत्या के मामले में 25 हजार के इनामिया आरोपी को एसाओजी और पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। नाबालिग बेटे ने फर्नीचर कारोबारी की गोली मारकर हत्या कराई थी और 6 लाख रुपए की सुपारी दी थी। एक लाख रुपए एडवांस दिया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रतापगढ़ के पट्टी कस्बे के चिकपट्टी मोहल्ले के रहने वाले मोहम्मद नईम पुत्र मोहम्मद राजा की बीते 21 मार्च को सुबह 9: 30 बजे गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। मुख्य आरोपी स्वप्नदीप यादव उर्फ कल्लू डान को भी पुलिस, स्वाट टीम के सहयोग से गिरफ्तार कर चुकी है। सिर्फ एक आरोपी आकाश गुप्ता फरार चल रहा था। एसपी ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की थी। वहीं, आज घटना में बचे एकमात्र आरोपी आकाश गुप्ता उर्फ बाबा पुत्र लक्ष्मण गुप्ता निवासी चंदुआपट्टी थाना कधई को पट्टी चांदा मार्ग पर आमापुर मोड़ के समीप से एसओजी और पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर एक जींस पैंट जिस पर खून के धब्बे मौजूद हैं पुलिस ने बरामद किया। आरोपी आकाश गुप्ता पर भी एसपी सतपाल अंतिल ने 25000 का इनाम भी घोषित किया था। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने न्यायालय के पेश करते हुए जेल भेज दिया।

## आंगनबाड़ी सहायिका का घर में शव मिला

कानपुर देहात। कानपुर देहात के थाना शिवली क्षेत्र के अंतर्गत एक आंगनबाड़ी सहायिका का शव संदिग्ध हालत में घर के अंदर चारपाई पर पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित किया है। बताते चलें कि शिवली के लालपुर शिवराजपुर गांव की आंगनबाड़ी सहायिका ज्ञानवती उर्फ गीता के दो लड़के कानपुर व पूना में रहकर पेंटिंग का काम करते हैं। तीसरा पुत्र अहमदाबाद में प्राइवेट नौकरी कर रहा है। इस समय ज्ञानवती गांव में अकेली रह रही थी। सोमवार को संदिग्ध हालात में शव घर के अंदर चारपाई में पड़ा हुआ मिला। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस फोर्स के साथ एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति पहुंचे। छानबीन कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं महिला की मौत की सूचना पर कानपुर से आए उनके बेटे मान कुमार ने हत्या की आशंका जताई है। वहीं पूरे मामले को लेकर एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने बताया कि संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला का शव घर के अंदर मिला है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## घर के बाहर बैठी तीन महिलाओं पर चढ़ी कार-एक की मौत, दो की हालत गंभीर

चित्रकूट। चित्रकूट में घर के दरवाजे में बैठी तीन महिलाओं के ऊपर चार पहिया कर चढ़ गई। इसमें एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो का इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है। इसकी सूचना परिजनों को मिलते ही घर में कोहराम मच गया। तीनों महिला एक ही परिवार की थीं। गाड़ी भी महिलाओं के पड़ोस की थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिक्रमा मार्ग चौकी क्षेत्र अंतर्गत नगर पालिका क्षेत्र खोही में रविवार की देर रात घर का काम करने के बाद तीन देवरानी जेठानी अपने दरवाजे के पास बैठी थीं। चौराहे की तरफ से चार पहिया वाहन आया और उन्हें कुचल दिया। इससे पार्वती केसरवानी पत्नी कैलाश की मौके पर मौत हो गई। वहीं, खुशबू और निर्मल बुरी तरह घायल हो गईं, जिनको परिजनों ने सीएचसी सीतापुर में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। खुशबू को जिला अस्पताल से प्रयागराज के लिए डॉक्टरों ने रेफर कर दिया है। डॉक्टरों ने बताया कि उसके कमर और पैर में ज्यादा चोट है और हालत गंभीर है इसलिए उसे प्रयागराज स्वरूप रानी रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने चार पहिया वाहन को कब्जे में ले लिया है। ड्राइवर अभी फरार चल रहा है। चौकी प्रभारी रमेश यादव ने बताया कि चार पहिया वाहन की चपेट में आकर एक महिला की मौत हुई है और दो महिलाएं घायल हैं।

## मेरठ में दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट

मेरठ। मेरठ के कस्बा किठौर में मकान के निर्माण को मंगाई ईंटों ने बखेड़ा करा दिया। स्कूल के सामने रखी ईंटों को न हटाने पर पड़ोस के रहने वाले दबंगों ने पड़ोस के परिवार पर जानलेवा हमला बोल दिया। इस दौरान दबंगों ने महिलाओं को भी नहीं बक्सा और परिवार के लोगों को दौड़ा-दौड़ा कर पीट दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वही पीड़ित परिवार से थाना पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए एसएसपी से कार्यवाही की मांग की है। कस्बा किठौर की रहने वाली अमरीन ने बताया कि पति जब्बार ने अपने मकान बनाने के लिए कुछ ईंट मंगाई थी। जो कि आसिफ द्वारा संचालित स्कूल के एक कोने पर लगा दी गयी थी। जिस समय ईंटे लगायी गयी, आसिफ उस समय वहीं पर मौजूद था। लेकिन उस वक्त उसने कोई विरोध नही किया। इसके कुछ देर बाद ही आसिफ ने जब्बार को घर के बाहर बुलाया और ईंटों को तुंरत हटाने को कहा। आसिफ ने यह भी धमकी दी कि यदि अभी नहीं हटाई तो सारी ईंट स्कूल में रख लेगा। जब जब्बार ने शाम तक का समय देने को कहा तो आसिफ ने मात्र दस मिनट का समय देने की कहते हुए चला गया।

# आज गुंडे हुए असुरक्षित और आमजन सुरक्षित

## आये दिन दंगा, कर्फ्यू और अराजकता के कारण न बेटियां सुरक्षित थीं, न व्यापारी



बुलंदशहर। लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीत का भरोसा जताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कहा कि पहले की सरकारों के संरक्षण में आमजन की आवाज को दबाने का कार्य किया जाता था, मगर आज प्रदेश में गुंडे और अपराधी खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं और आम जनता के भीतर सुरक्षा का भाव उत्पन्न हुआ है।

बुलंदशहर में प्रबुद्धजनों के सम्मेलन को संबोधित करते हुये योगी ने दावा किया कि प्रदेश की जनता लगातार तीसरी बार न सिर्फ भाजपा की सरकार बनायेगी बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को '80 मनकों की माला' भी पहनायेगी। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों की दंगा पॉलिसी के कारण प्रदेश को काफी नुकसान उठाना पड़ा। आये दिन दंगा, कर्फ्यू और अराजकता के कारण न बेटियां सुरक्षित थीं, न व्यापारी। यहां तक कि बुलंदशहर को अराजकता और आतंक का पर्याय बना दिया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छी सरकार जब आती है तो बुलंद इरादे से बुलंदशहर की तरह ही विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करते दिखती है। कभी स्वर्गीय कल्याण सिंह की कर्मभूमि के रूप में इस धरती को पहचाना जाता था। महाभारत कालीन इस भूमि को मां गंगा और मां यमुना का आशीर्वाद प्राप्त है। मगर, पिछली सरकारों की गुंडा पॉलिसी ने इसे अपराध और आतंक का पर्याय बना दिया था। गलत हाथ में वोट जाता है तो गुंडागर्दी फैलती है, जब वोट सही जगह दिया जाता है तो मोदी जी के नेतृत्व में विकास ही विकास दिखता है। एक वोट अराजकता भी ला सकता है और एक वोट आस्था का सम्मान और आजीविका के अवसरों में वृद्धि भी करता है।

योगी ने कहा कि प्रदेश के गांव गांव में सदियों से गाया जाता था कि होली खेले रघुबीरा, अवध में..., मगर अयोध्या में सदियों तक रामलला होली नहीं खेल सके और पहली बार 500 साल बाद अयोध्या में रामलला ने खूब होली खेली है। यह परिवर्तन ही तो है। जो कभी असंभव लगता था, वह संभव हो चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों के संरक्षण में आमजन की आवाज को बंद कर दिया जाता था। व्यापारी, बेटी, नौकरीपेशा, किसान और युवा सब असुरक्षित थे। सुरक्षित केवल गुंडे और कुछ चुनिंदा परिवार थे। मगर, आज गुंडे असुरक्षित हुए हैं और जनता सुरक्षित महसूस कर रही है। एक वोट हमारी किस्मत की तस्वीर और तकदीर दोनों को बदल सकता है। लोकतंत्र का सदुपयोग भविष्य को सुनहरा बना सकता है और दुरुपयोग हमारे भविष्य को बर्बाद कर सकता है। मुख्यमंत्री ने बुलंदशहर को इस बात के लिए धन्यवाद दिया कि 2017 के बाद से हर चुनाव में यहां से बीजेपी को भारी मत प्राप्त हुआ है।

# चीनी कंपोनेंट के अनुमोदन का मामला विद्युत नियामक आयोग के पास

लखनऊ। केंद्र सरकार की गाइडलाइन के विपरीत उत्तर प्रदेश में लगने वाले तीन करोड़ स्मार्ट प्रीपेड मीटर के अंदर कॉम्पोनेंट चाइनीज लगाने के जीटीपी अनुमोदन पर मामला विद्युत नियामक के पास पंहुचा है। विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने सोमवार को बताया कि उन्होने विद्युत नियामक आयोग अध्यक्ष अरविंद कुमार व सदस्य संजय कुमार सिंह से मुलाकात कर एक जनहित प्रस्ताव सौंपा है जिसमे कहा गया है कि बिजली कंपनियां केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में घटिया सामग्री खरीद के लिए गुपचुप तरीके से चीन निर्मित कंपोनेंट का अनुमोदन कर रही है, ऐसे में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की जरूरत है। उन्होने कहा कि जिस प्रकार से पूर्व में विद्युत नियामक आयोग द्वारा अनुमोदित रोल आउट प्लान के तहत स्मार्ट मीटर की परियोजना एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड द्वारा टेक्निकल पैरामीटर का उल्लंघन करने पर आज पूरी तरह फ्लाप साबित हुई और उसका खामियाजा आज भी प्रदेश के 12 लाख विद्युत उपभोक्ता जिनके घरों में पुरानी तकनीकी के स्मार्ट मीटर लगे हैं वह उठा रहे हैं अब उसी तर्ज पर फिर केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना उत्तर प्रदेश में आने वाले समय में फ्लॉप होना तय है क्योंकि बिजली कंपनियों मे कुछ अभियंता उद्योगपतियों के पक्ष में चीनी कंपोनेंट के आधार पर जीटीपी अनुमोदित कर रहे हैं जबकि केंद्र सरकार द्वारा जारी आदेश में यह स्पष्ट है कि बॉर्डर वाले देशों से कोई भी कंपोनेंट बिना केंद्र सरकार की पूर्व अनुमति के नहीं खरीद की जाएगी फिर चीन से बिना केंद्र सरकार की अनुमति के खरीद के लिये चीनी कंपोनेंट का अनुमोदन क्यों दिया गया।

# बदायूं में दिल्ली के युवक का मर्डर

बदायू। बदायूं में युवक की हत्या कर दी गई। युवक दिल्ली का रहने वाला था और यहां रिश्तेदारी में आया था। उसका शव खाली मकान में नग्नावस्था में मिला। वहीं रिश्तेदार वहां से भाग चुके हैं। हालांकि पुलिस ने एक युवती को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वारदात मूसाझाग थाना क्षेत्र के गांव किसरुआ की है। यहां रहने वाले जगदीश के दामाद अजय का चचेरा भाई डालचंद्र उर्फ डल्लू (32) पुत्र बदन सिंह निवासी प्रताप नगर हर्श बिहार, नई दिल्ली रविवार को जगदीश के घर आया था।

### जगदीश के परिवार का विवाद हुआ था

बताया जाता है कि डल्लू से साल भर पहले जगदीश के परिवार का विवाद हुआ था। विवाद की वजह एक युवती बनी थी। हालांकि बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया था। ऐसे में डल्लू का आना-जाना दोबारा शुरू हो गया। सोमवार को जगदीश के भाई जगपाल के खाली घर में डल्लू का शव खून से लतपथ पड़ा मिला। कपड़े के नाम पर महज एक अंडरवियर वह पहने हुए था। जगपाल के बेटे राहुल की पत्नी वहां पहुंची तो उसने लाश देखी और शोर मचाया तो वहां अफरातफरी मच गई।

### 10 बजे तक दिखा था डल्लू

गांव वालों के मुताबिक सुबह तकरीबन 10 बजे तक डल्लू को गांव वालों ने घूमता हुआ देखा था। जबकि इसके बाद दोपहर को उसका शव मिला। किसी ने गर्दन के पिछले हिस्से पर धारदार हथियार से प्रहार किया था। वहीं जगदीश समेत उसका पूरा परिवार गांव से फरार हैं। पुलिस मौके पर पहुंची और उस युवती को कस्टडी में लिया है जिसको लेकर पहले विवाद हुआ था।

# कुत्ते के विवाद में युवक की पीट-पीटकर हत्या

आगरा। आगरा में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। रविवार देर रात कुत्ते को लेकर विवाद हुआ था। 3 लड़कों ने लोहे की सरिया से युवक को पीटा। फिर अधमरा छोड़कर फरार हो गए। परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत बता दिया। घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने शव को थाने के सामने रखकर हंगामा किया। इस दौरान लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। तनाव को देखते हुए पीएसी तैनात की गई है। पुलिस ने 3 आरोपियों को हिरासत में लिया है। मामला न्यू आगरा इलाके का है। युवक जैकी की हत्या से संबंधित एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। इसमें दिख रहा है कि कुछ लोग इकट्ठा हैं। उनके हाथ में पत्थर और डंडे हैं। रास्ते से लोग निकल भी रहे हैं। कुछ देर में भगदड़ मचने लगती है।

# युवक की हत्या के आरोप में दो गिरफ्तार



बदायूं। उत्तर प्रदेश की बदायूं पुलिस ने पिछले माह एक युवक की हत्या का पर्दाफाश करते हुये आरोपी प्रेमिका समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है जबकि एक की तलाश की जा रही है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि दातागंज थाना क्षेत्र में पिछली 25 मार्च को सुमित (25) नामक युवक लापता हो गया था जिसका शव अगले दिन रामगंगा में उतराता मिला था।

उन्होने बताया कि जांच में पता चला कि प्रेमप्रसंग के चलते युवक की हत्या की गयी थी। उसकी प्रेमिका रिंकी ने कबूला कि पहले उसने अपने प्रेमी सुमित को मिलने के लिए बुलाया फिर सुनोयजित तरीके से पति मुकेश और पिता राधेश्याम के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी। कहीं राज न खुल जाए इसलिए प्रेमी के शव को बोरे में भरकर घटनास्थल से तीन किमी दूर रामगंगा में फेंक दिया।उसने यह भी बताया कि कहीं शव पानी में तैरने न लगे इसलिए उसने बोरे में ईंट पत्थर भी रखे थे।हालांकि पुलिस ने प्रेमिका रिंकी और उसके पति रमेश को हिरासत में ले लिया है । रिंकी का पिता अभी भी फरार है।

सूत्रों के अनुसार मामला सुमित (25) होली की शाम को लापता हो गया था। घर वालों ने समझा कि वह होली मिलने गांव में गया है। देर रात उसकी पत्नी के पास सुमित का फोन आया उसने बताया कि वह बक्सेना गांव गया हुआ है रात तक आ जायेगा।उसके बाद उसका फोन बंद जाने लगा।

परिजनों ने अगले दिन खोजबीन के बाद गुमशुदगी दर्ज कराई। परिजनों का कहना है कि यदि पुलिस समय रहते कार्यवाही करती तो शायद सुमित की जान बच जाती।

इधर पुलिस ने कॉल डिटेल की मदद से सुमित से बात करने वाली रिंकी का पता चला।शक के आधार पर जब पुलिस ने रिंकी और उसके पति को हिरासत में लेकर पूंछताछ की तो उसने मौत का राज खोल दिया और सब सच सच उगल दिया।

इस मामले में इंस्पेक्टर दातागंज अरिहंत सिद्धार्थ का कहना है कि युवक का उसकी बहिन की ननद रिंकी से प्रेम प्रसंग चल रहा था,रिंकी की शादी हो चुकी है उसका कहना है कि युवक उसे ज्यादा परेशान करता था,वह होली के त्योहार पर अपने मायके आई थी,जहां उसने युवक को बुलाकर योजनाबद्ध तरीके से घटना को अंजाम दिया,हत्या में रिंकी उसका पति रमेश और पिता राधे श्याम शामिल थे।

# विभागीय कार्यवाही के बगैर पुलिस कर्मियों का निलंबन गलत : उच्च न्यायालय



प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि नियमित विभागीय कार्यवाही के बगैर पुलिस कर्मचारियों को निलम्बित करना गलत है। कोर्ट ने इसी के साथ दरोगा व हेड कान्स्टेबल के निलंबन को गलत मानते हुए आदेश रद्द कर याचिका मंजूर कर लिया है।

याचिका के अनुसार याची लाल प्रताप सिंह उपनिरीक्षक, एवं बृजेश कुमार मुख्य आरक्षी, विशेष अभिसूचना विभाग ललितपुर, में कार्यरत थे। इन्हें उप्र अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की (दण्ड एवं अपील) नियमावली 1991 के नियम-17 (1) (क) के प्राविधानों के तहत दिनांक 24 जनवरी को निलम्बित कर दिया गया एवं निलंबन की अवधि में पुलिस अधीक्षक (क्षेत्रीय) विशेष शाखा अभिसूचना विभाग कानपुर नगर से सम्बद्ध कर दिया गया। निलंबन आदेश में यह आरोप था कि इन्होंने अपने से जुड़े लोगों को कहा कि अगर किसी मामले में कथित न्याय नहीं मिल रहा है, तो वे मुख्यमंत्री आवास पर जाकर धरना/प्रदर्शन/आत्मदाह करें। यह भी कहा कि ऐसा लिखकर प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी या पुलिस अधीक्षक को दें, जिससे जिला स्तर से ही काम हो जायेगा।

निलंबन आदेश के खिलाफ याचीगण ने अलग-अलग याचिकाएं दाखिल की जिसमें कहा गया कि उन पर निलंबन आदेश में जो आरोप लगाये गये है वह बिल्कुल निराधार एवं असत्य है।

याची पुलिस कर्मियों के वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम एवं अतिप्रिया गौतम ने कोर्ट को बताया कि निलंबन आदेश जारी करने के बाद पुलिस अधीक्षक (क्षेत्रीय) विशेष शाखा अभिसूचना विभाग उत्तर प्रदेश के आदेश दिनांक 29 जनवरी के तहत मण्डलाधिकारी अभिसूचना विभाग उत्तर प्रदेश कानपुर को प्रारम्भिक जॉच आवंटित की गयी तथा मण्डलाधिकारी अभिसूचना विभाग उत्तर प्रदेश कानपुर नगर ने याचीगणों को उक्त प्रकरण में अपना अभिकथन प्रारम्भिक जॉच में अंकित कराने के लिए दिनांक 13 फरवरी को निर्देशित किया।

वरिष्ठ अधिवक्ता गौतम का कहना था कि निलम्बित करते समय सक्षम अधिकारी के पास कोई साक्ष्य नहीं था और बिना ठोस साक्ष्य के निलम्बित करने का आदेश मनमाना कार्य है।

# बहराइच मे हत्या कर शव को फेंका

बहराइच। उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के रानीपुर क्षेत्र में कुछ लोगों ने एक ग्रामीण की पीट पीट कर हत्या कर दी और शव को नदी के किनारे फेंक कर फरार हो गये। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि क्षेत्र के कलुवापुर ग्राम पंचायत के पण्डितपुरवा गांव निवासी वकील अहमद (45) की थाना क्षेत्र के कुट्टी बाजार में साइकिल रिपेयरिंग की दुकान है। प्रतिदिन की तरह रविवार की रात को वह दुकान बंद कर घर के लिए निकला, लेकिन घर नहीं पहुंचा। सोमवार सुबह बलचनपुरवा नहर के किनारे उसका शव नहर के किनारे लहूलुहान अवस्था में मिला। मृतक के चेहरे पर ईंट से हमले के निशान थे, उसके दांत भी टूटे हुए थे। परिवार के लोगों ने पिटाई के बाद धारदार हथियार से हमला कर हत्या किए जाने की तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक आरती वर्मा ने बताया कि जांच शुरू कर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# लखनऊ में भीषण सड़क हादसा, 2 की मौत

## पीजीआई के सामने तेज रफ्तार कंटेनर ने टेंपो और ऑटो में मारी टक्कर, 10 घायल

लखनऊ। लखनऊ के पीजीआई थाना क्षेत्र में स्थित पीजीआई अस्पताल के गेट के बाहर सोमवार सुबह एक तेज रफ्तार कंटेनर ने एक टेंपो और ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि टेंपो का पिछला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

हादसे की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को पास के एपेक्स ट्रामा सेंटर टू पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने दो को मृत घोषित कर दिया।

वहीं करीब दस घायलों का इलाज चल रहा है। पुलिस ने कंटेनर और उसके चालक को हिरासत में ले लिया हैं। पूछताछ की जा रही हैं ।

वहीं मृतकों की पहचान बिहार के मोतिहारी निवासी ऋतुराज चौधरी (62) और झारखंड निवासी कृष्णा (25) के तौर पर हुई है। वहीं घायलों में नथूनी राम पुत्र स्व0 गुड्डू साहू निवासी, राजकुमारी पत्नी विजय चौधरी, वंश गोपाल सिंह पुत्र कैलाश सिंह, शिव प्रकाश सिंह पुत्र वंश गोपाल सिंह, ओमप्रकाश यादव पुत्र लालबहादुर, प्रीतम सिंह यादव पुत्र लाल चंद, अंजली पुत्री दीपक कुमार, आलोक कुमार पुत्र ओमप्रकाश, नित्यानंद गोस्वामी पुत्र स्व. राम तपस्या यह सभी लोग बिहार और झारखंड के रहने वाले हैं।

वहीं एक घायल मनोज पुत्र राम बालक निवासी मानकनगर, लखनऊ का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि टेंपों ने अचानक मोड़ लिया। इतने में कंटेनर चालक ब्रेक नहीं लगा सका और हादसा हुआ।

# तेज रफ्तार कार फ्लाईओवर से नीचे सर्विस लेन पर गिरी

## हादसे में 2 की मौत, 2 गंभीर; टॉयर फटने से हादसे की आशंका



**कानपुर।** कानपुर के नौबस्ता फ्लाईओवर पर सोमवार दोपहर एक कार बेकाबू होने के बाद रेलिंग को तोड़ते हुए करीब 15 फीट की ऊंचाई से नीचे सर्विस लेन पर जा गिरी। हादसे में 2 की मौत हो गई जबकि 2 की हालत गंभीर बनी हुई है।

कार रामादेवी से इटावा की तरफ जा रही थी। डीसीपी साउथ रवींद्र कुमार ने बताया, सोमवार दोपहर को एक गाजीपुर जिले की नंबर की कार (यूपी-61-एआर-1220) रामादेवी चौराहा से इटावा की तरफ जा रही थी। नौबस्ता फ्लाईओवर के पास कार बेकाबू हुई और हाईवे पर मौजूद एक युवक को उड़ाते हुए सीधे रेलिंग को क्षतिग्रस्त करते हुए नीचे सर्विस लेन पर जा गिरी। करीब 15 फीट ऊंचाई से कार सर्विस लेन पर उल्टा गिरने से कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

कार में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जांच के दौरान डॉक्टरों ने 2 को मृत घोषित कर दिया है। उनके परिजनों को हादसे की जानकारी दी गई है। वहीं फ्लाईओवर पर हादसे का शिकार हुए युवक को भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# मिर्जापुर में भाई ने भाई को पीट पीटकर मार डाला

मिर्जापुर। मिर्जापुर के कटरा कोतवाली इलाके के शुक्लहा मोहल्ले में तेज आवाज में डीजे बजाने से मना करने पर भाई ने अपने ही भाई की पीट पीट कर मार डाला। घटना शनिवार रात की है। पिटाई से गंभीर रूप से घायल विष्णु सोनकर (30) को रात में खून की उल्टी होने लगी। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई में जुटीं है। चार लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर मिलने पर पुलिस ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया हैं। नगर में कटरा कोतवाली क्षेत्र के शुक्लहा मोहल्ला में रहने वाले मृतक विष्णु सोनकर के भाई के बेटी के बच्चे का जन्मदिन था। तेज आवाज में डीजे बजाया जा रहा था। इधर विष्णु के घर में कुत्ते के काटने से बेटा बीमार था। जिस पर विष्णु सोनकर ने डीजे के तेज आवाज को धीमा करने को कहा ।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर में घटिया सामान खरीदने का आरोप

## उत्तर प्रदेश राज्य उपभोक्ता परिषद ने नियामक आयोग में दर्ज कराई शिकायत

एजेंसी

**लखनऊ।** स्मार्ट मीटर लगाने के मामले में बड़ी गड़बड़ी का आरोप लगा है। उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने आरोप लगाया है कि स्मार्ट मीटर के अंदर जो उपकरण लगाए जा रहे हैं वह चाइनीज़ है। इसकी क्वालिटी भी खराब है।

उपभोक्ता परिषद ने इस मामले में नियामक आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने विद्युत नियामक आयोग अध्यक्ष से मुलाकात कर विस्तार चर्चा की। उन्होंने कहा प्रदेश की बिजली कंपनियां भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में घटिया सामग्री खरीद के लिए गुपचुप तरीके से चीन निर्मित कॉम्पोनेंट्स की अनुमति दे रही है। ऐसे में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्वाई करने की जरूरत है। अगर ऐसा नहीं किया जाता है तो योजना फ्लॉप हो जाएगी।

### 25 हजार करोड़ की लागत से लगेंगे मीटर

यूपी में मीटर लगाने के लिए करीब 25 हजार करोड़ रुपए का बजट है। इस दौरान 3 करोड़ से ज्यादा उपभोक्ताओं के यहां मीटर लगाया जाएगा।

अवधेश वर्मा ने बताया कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर के अंदर लगने वाल कंपोनेंट में चाइनीज कॉम्पोनेंट्स शामिल किया गया है। विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन अरविंद कुमार व सदस्य संजय कुमार सिंह को जनहित प्रस्ताव दिया गया है। प्रदेश के12 लाख विद्युत उपभोक्ता जिनके घरों में पुरानी तकनीकी के स्मार्ट मीटर लगे हैं।

वह भी पहले से ठीक नहीं है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर की घटिया तकनीक के इस्तेमाल से उसमें बिजली चोरी करना आसान होगा।

उपभोक्ता परिषद ने कहा कि जल्द ही उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं की गई तो प्रदेश में बड़ा आंदोलन खड़ा होगा। चुनाव के दौरान सरकार बिजली को लेकर अपनी वाहवाही लेती है। लेकिन जब जनता को इसके बारे में पता चलेगा तो उनका विश्वास सरकार से उठेगा।

उन्होंने पूरे मामले में सीएम योगी आदित्यनाथ से हस्तक्षेप करने की मांग उठाई है।

## शार्ट न्यूज

### अर्बनवर्क ने ओखला में 275 सीटों का नया प्रीमियम फ्लेक्सी कार्यस्थल पेश किया

**नयी दिल्ली।** अर्बनवर्क ने सोमवार को कहा कि उसने दिल्ली में मैक्स हाउस, ओखला में 275 सीट की क्षमता वाले एक प्रीमियम फ्लेक्सी स्पेस (कार्यस्थल) की पेशकश की है। पुणे, मुंबई, दिल्ली, गुरुग्राम, हैदराबाद और कोलकाता में कंपनी द्वारा प्रबंधित कार्यस्थल सुविधाएं पेश कर रही इस अर्बनवर्क की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में एंटरप्राइज-मैनेज्ड वर्कस्पेस इंडस्ट्री में, खासकर एक उल ?लेखनीय कदम है। टेक्नोलॉजी से लैस और पर्यावरण के अनुकूल इस कार्यस्थल में विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियों को अनुकूल जगह मिल सकती थी। कंपनी ने कहा है कि उसकी यह सुविधा राजधानी क्षेत्र में लचीले कार्यस्थल की बढ़ती मांग के बिल्कुल अनुरूप है। अर्बनवर्क के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अनुज मुनोट ने इस पहल पर रोमांच व्यक्त करते हुए मैक्स हाउस के स्थान और मैक्स एस्टेट्स के साथ भागीदारी को रणनीतिक महत्व वाला बताया। उन्होंने कहा, इस कदम में अर्बनवर्क की महत्वाकांक्षी विस्तार योजनाएं देखी जा सकती है। कंपनी को भविष्य की तरक्की के लिये एनसीआर क्षेत्र की संभावना पर भरोसा भी है। एनसीआर के फ्लेक्सी स्पेस सेक्टर बाजार में 2023 में वृद्धि 7.4 प्रतिशत रही। एवेंडस की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक फ्लेक्सी स्पेस उद्योग में अवसर बढ़ रहे हैं और यह बाजार नौ अरब डॉलर सालाना तक पहुंच गया है।

### सेल ने समाप्त वित्त वर्ष में किया अबतक का सर्वाधिक उत्पादन

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र इस्पात उत्पादक महारत्न कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान हॉट मेटल, क्रूड स्टील और सेलेबल स्टील का अब तक का सर्वाधिक उत्पादन किया है, जो एक मील का पत्थर है। कंपनी ने सोमवार को जारी बयान में बताया कि सेल ने 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में वित्त वर्ष 2023-24 में हॉट मेटल के उत्पादन में छह प्रतिशत, क्रूड स्टील उत्पादन में पांच प्रतिशत और सेलेबल स्टील उत्पादन में सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान 2.5 करोड़ टन हॉट मेटल, 1.92 करोड़ टन क्रूड स्टील और 1.84 करोड़ टन सेलेबल स्टील का उत्पादन किया। कंपनी ने इस अवधि में 1.71 करोड़ टन इस्पात की बिक्री की है, जो अबतक का सर्वाधिक और इसके पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के मुक़ाबले पांच प्रतिशत अधिक है। सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन का श्रेय इस्पात बाजार की बढ़ती मांग के साथ कंपनी के रणनीतिक तालमेल को दिया।

### हम जल्द होंगे तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

सूरत। साउथ गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के कार्यक्रम में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था, भारत-यूएई संबंध और फ्रांस से रिश्तों को लेकर खुलकर बातचीत की है। अपने संबोधन में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि आज हम दुनिया के शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में से एक हैं। जैसे-जैसे भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से विकास कर रही है इससे साफतौर पर लगता है कि बहुत जल्द हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे। मोदी की गारंटी की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी जानते हैं कि यह किसकी गारंटी है। हमें पूरा विश्वास है कि अगले 25 वर्षों में हम भारत को 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बना देंगे। साउथ गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के कार्यक्रम में विदेश मंत्री जयशंकर ने भारत-यूएई संबंधों पर जोर देते हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों में यूएई में भारत के बारे में धारणा बदल गई है। उन्होंने हमारे साथ मुक्त व्यापार समझौता किया और आज यूएई के साथ व्यापार करीब 80 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। हमने वहां मंदिर बनाने के लिए अनुरोध किया था तो उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया था।

### केरल सरकार की याचिका पर आदेश, मामला पांच जजों की संविधान पीठ को भेजा

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने कुल उधारी की अधिकतम सीमा से जुड़े मसले पर केरल सरकार की ओर से दायर वाद को पांच सदस्यीय संविधान पीठ के पास भेज दिया है। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने राज्य सरकार की याचिका पर आदेश पारित किया है। याचिका में केंद्र पर कर्ज की सीमा तय कर राज्य के वित्त नियमन के लिए अपनी विशेष, स्वायत्त और पूर्ण शक्तियों के इस्तेमाल में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया गया है। पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 293 का हवाला दिया जो राज्यों द्वारा उधार लेने से संबंधित है और कहा कि इस प्रावधान पर अभी तक शीर्ष अदालत की ओर से कोई प्रामाणिक व्याख्या उपलब्ध नहीं है। संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत दायर एक मूल मुकदमे में, केरल सरकार ने कहा है कि संविधान राज्यों को विभिन्न अनुच्छेदों के तहत अपने वित्त को विनियमित करने के लिए राजकोषीय स्वायत्तता प्रदान करता है, और कर्ज सीमा जैसे विषय राज्य के कानून द्वारा विनियमित होते हैं। संविधान का अनुच्छेद 131 केंद्र और राज्यों के बीच किसी भी विवाद में शीर्ष अदालत के मूल अधिकार क्षेत्र से संबंधित है।

### वार्षिक क्लोजिंग के कारण एसबीआई की नेट बैंकिंग और मोबाइल सेवाएं बंद

नई दिल्ली। एसबीआई इंटरनेट बैंकिंग, योनो लाइट, योनो बिजनेस वेब व मोबाइल ऐप, योनो और यूपीआई एक अप्रैल को भारतीय समयानुसार 12.20 बजे से 15.20 बजे के बीच उपलब्ध नहीं होंगे। स्टेट बैंक ने सोमवार को एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। बैंक ने बयान में कहा कि ऐसा वार्षिक क्लोजिंग गतिविधि के कारण होगा। इस अवधि के दौरान यूपीआई लाइट और एटीएम की सेवाएं उपलब्ध होंगी। इसके अलावा एक अप्रैल को 2,000 रुपये के नोटों को बदलने और जमा करने की सुविधा नहीं होगी। आरबीआई ने एक बयान में कहा, %खातों के सालाना क्लोजिंग से जुड़े परिचालन की वजह से रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में 2,000 रुपये के नोटों को बदलने/जमा करने की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। यह सुविधा मंगलवार, 2 अप्रैल, 2024 को फिर से शुरू होगी। आरबीआई ने 28 मार्च, 2024 को जारी एक अधिसूचना में यह बात कही थी। वहीं, एचडीएफसी बैंक ने भी अपने ग्राहकों को सूचित किया है कि नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर संचालन 1 अप्रैल, 2024 को उपलब्ध नहीं होगा। बैंक ने कहा कि जो ग्राहक सेवा का उपयोग कर सकते हैं, वे कुछ देरी का सामना करना पड़ सकता है।

# 10 वर्षों में भारतीय बैंकिंग सिस्टम मजबूत और टिकाऊ बन गया है : मोदी



मुंबई । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि पिछले 10 वर्षों में जो बदलाव हुआ है उसके कारण आज भारत के बैंकिंग सिस्टम को दुनिया में एक मतबूज और टिकाऊ सिस्टम माना जा रहा है तथा जो बैंकिंग सिस्टम कभी डूबने की कगार पर था वह बैंकिंग सिस्टम अब प्रॉफिट में आ गया है और क्रेडिट में रिकॉर्ड वृद्धि दिखा रहा है।

प्रधानमंत्री ने यहां भारतीय रिजर्व बैक के 90वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुये कहा कि जब नियत सही होती है तो नीति सही होती है, जब नीति सही होती है तो निर्णय सही होते हैं और जब निर्णय सही होते हैं तो नतीजे सही मिलते हैं। उन्होंने कहा मैं जब 2014 में रिजर्व बैंक की 80 वर्ष के कार्यक्रम में आया था तब हालत एकदम अलग थे। भारत का पूरा बैंकिंग सेक्टर समस्याओं और चुनौतियों से जूझ रहा था। एनपीए को लेकर भारत के बैंकिंग सिस्टम की स्थरिता और उसके भविष्य को लेकर हर कोई आशंका से भरा हुआ था। लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है।

मोदी ने कहा कि कैसे देश का बैकिंग सिस्टम बदला ये अपने आप में एक अध्ययन का विषय है। सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को सुधारने की दिशा में बड़े कदम उठाए। उन्होंने कहा, पिछले 10 साल में जो हुआ वो तो सिर्फ ट्रेलर है, अभी तो बहुत कुछ करना है। अभी तो हमें देश को बहुत आगे ले जाना है। बहुत जरूरी है कि हमारे पास अगले 10 का लक्ष्य स्पष्ट हो। अगले 10 साल के लक्ष्य को तय करते हुए हमें एक बात और ध्यान रखनी है, वह है भारत के युवाओं की आकांक्षायें। भारत आज दुनिया के सबसे युवा देश में से एक है इस युवा आकांक्षा को पूरा करने में रिजर्व बैंक का अहम रोल है।

उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में इनोवेशन का बहुत बड़ा महत्व रहने वाला है। सरकार इनोवेशन पर रिकॉर्ड निवेश कर रही है। उन्होंने कहा, हमें कैशलेस इकोनॉमी से आ रहे बदलावों पर नजर रखनी होगी। इतनी बड़ी जनसंख्या की बैंकिंग जरूरतें भी अलग-अलग हो सकती है। कई लोगों को फिजिकल बैकिंग तो कई को डिजिटल बैकिंग पसंद हैं। देश को ऐसी नीति बनाने की जरूरत है जिससे लोगों को सुविधा हो। जिस देश की प्राथमिकता स्पष्ट हो उसे प्रोगेस करने से कोई नहीं रोक सकता है। हमने कोरोना के साथ सामान्य नागरिक के जीवन पर भी ध्यान दिया। यही वजह है कि भारत का सामान्य नागरिक भी भारत की अर्थव्यवस्था को गति दे रहा है, जबकि दुनिया के कई देश अभी इससे उबरने की कोशिश कर रहे हैं।

मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने पहचान, समाधान और पुनर्पूंजीकरण (थ्री आर) की रणनीति पर काम किया है। साथ ही सरकार ने हालत सुधारने के लिए 3.5 लाख करोड़ रुपये का पूंजी निवेश किया। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने शासन-संबंधी सुधार किए। दिवाला और दिवालियापन संहिता की नई प्रणालियों के साथ लगभग 3.25 लाख करोड़ रुपये के ऋणों का समाधान किया गया। उन्होंने कहा कि 52 करोड़ जन धन बैंक खाते हैं और उनमें से 55 प्रतिशत से अधिक महिलाओं के हैं। 7 करोड़ से अधिक किसान, मछुआरे और पशुपालकों के पास किसान क्रेडिट कार्ड हैं। हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बहुत बड़ा बढ़ावा मिला है। पिछले 10 वर्षों में सहकारी क्षेत्र को भी भारी बढ़ावा मिला है। यूपीआई अब विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त मंच है। हर महीने 1200 करोड़ से अधिक यूपीआई लेनदेन हो रहे हैं। इससे पहले उन्होंने कहा कि आज भारत का रिजर्व बैंक एक ऐतिहासिक पड़ाव पर पहुंचा है । आरबीआई ने अपने 90 साल पूरे किए हैं। एक संस्थान के रूप में आरबीआई आजादी के पहले और आजादी के बाद का गवाह है। श्री मोदी ने कहा, आज पूरी दुनिया में आरबीआई की पहचान उसके पेशेवर और वादे की वजह से बनी है। इस समय जो लोग आरबीआई से जुड़े हैं, उन्हें मैं बहुत सौभाग्यशाली मानता हूं। आज आप जो नीतियां बनाएंगे, जो काम करेंगे उनसे आरबीआई के अगले दशक की दिशा तय होगी। ये दशक इस संस्थान को उसके शताब्दी वर्ष तक ले जाने वाला दशक है और ये दशक विकसित भारत की संकल्प यात्रा के लिए भी उतना ही अहम है। आने वाला दशक इस संस्थान को इसकी शताब्दी वर्ष तक ले जाने वाला है। मैं आरबीआई को उसके लक्ष्यों और संकल्पों के लिए बधाई देता हूं। इस मौके पर आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि एक संस्था के रूप में आरबीआई का विकास भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास के साथ गहराई से जुड़ा हुआ है। एक केंद्रीय बैंक होने से लेकर मुख्य रूप से योजना अवधि के दौरान दुर्लभ संसाधनों के आवंटन के बाद आरबीआई बाजार अर्थव्यवस्था के लिए एक समर्थक बन गया है। इस मौके पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधारी और वित्त राज्य मंत्री भवगत किशनराव कराड़ भी मौजूद थे।

# लगातार तीसरे दिन चढ़ा बाजार, सेंसेक्स 74 हजार अंक के पार



मुंबई। अमेरिकी फेड रिजर्व के जून में ब्याज दरों में कटौती शुरू करने की उम्मीद में विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर रियल्टी, धातु, दूरसंचार, कमोडिटीज और यूटिलिटीज समेत अठारह समूहों में हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत आज सेंसेक्स लगातार तीसरे दिन चढ़ता हुआ 74 हजार अंक के पार पहुंच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 363.20 अंक की छलांग लगाकर तीन सप्ताह बाद 74 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 74,014.55 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 135.10 अंक की तेज़ी के साथ 22,462.00 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली की रफ्तार अधिक तेज रही, जिससे मिडकैप 1.64 प्रतिशत उछलकर 39,968.43 और स्मॉलकैप 2.98 प्रतिशत मजबूत होकर 44,454.63 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 4058 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3235 में लिवाली जबकि 665 में बिकवाली हुई वहीं 158 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ़्टी की 31 कंपनियों में तेजी जबकि 18 में गिरावट रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

निवेश सलाह देने वाली कंपनी जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत में भारतीय बाजार चढ़ गया और निकट भविष्य में इस अनुकूल गति के जारी रहने के संकेत मिल रहे हैं। जून में अमेरिकी केंद्रीय बैंक के ब्याज दर में कटौती की उम्मीद में वैश्विक तेज़ी और वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में घरेलू आय में बढ़ोतरी होने के अनुमान से बाजार को बल मिला है। आगे आरबीआई की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के निर्णय, देश का पीएमआई आंकड़ा और अमेरिकी गैर-कृषि रोज़गार आंकड़े बाजार की दिशा तय करेंगे।

इस दौरान बीएसई में कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और ऑटो समूह की 0.25 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर शेष 18 समूहों में तेजी का रुख रहा। इससे रियल्टी 4.18, दूरसंचार 3.44, धातु 3.39, कमोडिटीज 2.91, वित्तीय सेवाएं 1.30, हेल्थकेयर 1.20, इंडस्ट्रियल्स 2.16, यूटिलिटीज 2.62, कैपिटल गुड्स 1.72, पॉवर 2.05 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.98 प्रतिशत चढ़ गए।

विदेशी बाजारों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.26, जर्मनी का डैक्स 0.08, हांगकांग का हैंगसेंग 0.91, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.05 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 1.19 प्रतिशत उछल गया वहीं जापान के निक्केई में 1.40 प्रतिशत की गिरावट रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 317 अंक की मजबूती के साथ 73,968.62 अंक पर खुला और दमदार लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 74,254.62 अंक के सार्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली के दबाव में दोपहर बाद यह 73,909.39 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 73,651.35 अंक के मुकाबले 0.49 प्रतिशत चढ़कर 74,014.55 अंक हो गया।

निफ्टी भी 128 अंक उछलकर 22,455.00 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,529.95 अंक के उच्चतम जबकि 22,427.75 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,326.90 अंक की तुलना में 0.61 प्रतिशत की तेजी के साथ 22,462.00 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स की जिन प्रमुख कंपनियों के शेयरों में उछाल रहा उनमें जेएसडब्ल्यू स्टील 4.81, टाटा स्टील 4.62, अल्ट्रासिमको 2.38, एनटीपीसी 1.88, एलटी 1.66, एचडीएफसी बैंक 1.52, पावरग्रिड 1.06, विप्रो 1.03, एचसीएल टेक 0.89, एशियन पेंट 0.88, टीसीएस 0.82, एसबीआई 0.74, एक्सिस बैंक 0.46, आईसीआईआई बैंक 0.31 और बजाज फिनसर्व 0.12 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, टाइटन 1.76, नेस्ले इंडिया 1.43, भारती एयरटेल 0.82, इंडसइंड बैंक 0.77, टेक महिंद्रा 0.45, आईटीसी 0.44, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.29, रिलायंस 0.25, मारुति 0.22, इंफ़ोसिस 0.20 और टाटा मोटर्स के शेयर 0.09 प्रतिशत नुकसान में रहे।

## बैंकों में अब तक 2000 के करीब 97.69 फीसदी नोट वापस आए




मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कहा कि 2,000 रुपये के करीब 97.69 फीसदी नोट बैंकिंग प्रणाली वापस आ गए हैं। केंद्रीय बैंक ने जानकारी दी कि चलन से बाहर किए गए नोटों में से केवल 8,202 करोड़ रुपये ही अभी भी जनता के पास हैं।

आरबीआई ने 19 मई 2023 को 2,000 रुपये मूल्य वर्ग के बैंक नोटों को प्रचलन से वापस लेने का एलान किया था। एक बयान में आरबीआई ने कहा, 19 मई 2023 को कारोबार बंद होने के समय प्रचलन में 2000 रुपये के बैंक नोटों का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था, जब 2000 रुपये के बैंक नोटों को वापस लेने की घोषणा की गई थी। 29 मार्च 2024 को कारोबार बंद होने पर यह घटकर 8,202 करोड़ रुपये रह गया है।

इस तरह 19 मई 2023 तक प्रचलन में 2000 रुपये के बैंक नोटों का 97.69 फीसदी वापस आ गया है। 2,000 रुपये के बैंक नोट अभी भी वैध मुद्रा बने हुए हैं। लोग देशभर में आरबीआई के 19 कार्यालयों में 2000 रुपये के बैंक नोट जमा या बदल सकते हैं और देश में अपने बैंक खातों में क्रेडिट के लिए किसी भी डाकघर से आरबीआई के किसी भी कार्यालय में इंडिया पोस्ट के जरिए 2000 रुपये के बैंक नोट भेज सकते हैं। इससे पहले ऐसे नोटों को रखने वाली सार्वजनिक और निजी संस्थाओं को शुरू में 30 सितंबर 2023 तक या तो उन्हें बदलने या बैंक खातों में जमा करने के लिए कहा गया था। बाद में समयसीमा बढ़ाकर 7 अक्तूबर 2023 कर दी गई थी। बैंक शाखाओं में जमा और विनिमय सेवाएं 7 अक्तूबर 2023 को बंद कर दी गईं। इसके बाद 8 अक्तूबर 2023 से लोगों को आरबीआई के 19 कार्यालयों में या तो मुद्रा का विनिमय करने या उनके बैंक खातों में समान राशि जमा करने का विकल्प प्रदान किया गया।

बैंक नोटों को जमा या बदलवाने वाले आरबीआई के 19 कार्यालय अहमदाबाद, बंगलूरू, बेलापुर, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली, पटना और तिरुवनंतपुरम में हैं।

### पंजाब में गेहूँ की खरीद सीजन शुरु

चंडीगढ़। पंजाब में रबी सीजन 2024-25 के दौरान गेहूँ की खरीद का सीजन सोमवार से शुरू हो गया है जो कि 31 मई 2024 को मुकम्मल होगा। खाद्य, सिवल सप्लाई और उपभोक्ता मामलों के विभाग के सचिव विकास गर्ग ने बताया कि राज्य में 1908 रेगुलर खरीद केन्द्रों को मंडी यार्ड घोषित करके समूह खरीद एजेंसियों के बीच खरीद केन्द्रों की अलाटमैंट की गई है। मंडियों में खरीद के काम को निर्विघ्न रूप से पूरा करने के लिए अस्थायी खरीद केंद्र भी खोले जा रहे हैं। राज्य की खरीद एजेंसियों को 115.50 लाख टन के बनते हिस्से के गेहूँ की खरीद करने के लिए 30, 770. 36 करोड़ रुपए की कैश क्रेडिट लिमट अपेक्षित थी, जिसके सम्बन्ध में अप्रैल महीने में गेहूँ की खरीद के लिए 27077. 91 करोड़ रुपए की सी. सी. एल प्राप्त हो चुकी है और बाकी की सी. सी. एल. मई 2024 के दौरान प्राप्त हो जायेगी। गेहूँ की भराई के लिए राज्य की खरीद एजेंसियों को 4.62 लाख जुट बैग/बोरियां ज़रूरी हैं, जिसमें से राज्य की खरीद एजेंसियों के पास 31 मार्च, 2024 तक 3.51 लाख जुट बैग/बोरियां उपलब्ध हैं और बाकी की बैग/बोरियां सीजन के दौरान प्राप्त हो जाएंगी। अन्य राज्यों से अनाधिकृत तौर पर फिर पंजाब राज्य में एम. एस. पी पर बेचने के लिए लाई जाने वाली पी. डी. एस. / नुकसानी गेहूँ को रोकने के लिए डायरैक्टर जनरल आफ पुलिस और पंजाब मंडी बोर्ड और अन्य सबंधितों को पंजाब राज्य के अंतरराज्यीय बैरियरों पर नाके लगाने सम्बन्धी हिदायतें जारी की जा चुकी हैं जिससे गेहूँ की जाली खरीद को रोका जा सके।

# मार्च में जीएसटी राजस्व 1.78 लाख करोड़ के पार




नयी दिल्ली। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह मार्च 2024 में 1.78 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा है और यह मार्च 2023 में संग्रहित 1.60 लाख करोड़ रुपए से करीब 11.5 प्रतिशत अधिक है।

फरवरी 2024 में जीएसटी राजस्व संग्रह 1,68,337 करोड़ रुपये रहा था। मार्च 2024 वित्त वर्ष 2023-24 में 10वां ऐसा महीना है जब जीएसटी संग्रह 1.60 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। मई 2023 और अगस्त 2023 में जीएसटी संग्रह 1.60 लाख करोड़ रुपये से कुछ कम रहा था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल में यह सबसे अधिक 1,87,035 करोड़ रुपये रहा था। चालू वित्त वर्ष में औसत मासिक जीएसटी संग्रह 1.68 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।

वित्त मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी जीएसटी के आंकड़ों के अनुसार मार्च 2024 में कुल जीएसटी संग्रह 1,78,484 करोड़ रुपये रहा है। इसमें सीजीटी 34532 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 43746 करोड़ रुपये, आईजीएसटी 87947 करोड़ रुपये है, जिसमें आयात पर संग्रहित 40322 करोड़ रुपये भी शामिल है। इसके साथ ही जीएसटी क्षतिपूर्ति कर के तौर पर 12259 करोड़ रुपये, जिसमें आयात पर संग्रहित 996 करोड़ रुपये भी शामिल है।

सरकार ने नियमित निपटान के तहत आईजीएसटी में से सीजीएसटी में 43264 करोड़ रुपए और एसजीएसटी में 37704 करोड़ रुपये दिये है। इस तरह से कुल सीजएसटी 77,796 करोड़ रुपये और एसजीएसटी 81,450 करोड़ रुपये रहा है।

मार्च 2024 में समाप्त वित्त वर्ष में कुल जीएसटी संग्रह 20.14 लाख करोड़ रुपये रहा है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में संग्रहित राशि से 11.7 प्रतिशत अधिक है।

# सोना 1070 रुपये उछलकर ऑलटाइम हाई पर पहुंचा, चांदी भी मजबूत हुई



नई दिल्ली। वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं में तेजी के बीच सोमवार को दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 1,070 रुपये की तेजी के साथ 68,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 67,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। इस दौरान चांदी भी 1,120 रुपए उछलकर 78,570 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 77,450 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार के अनुसार अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में कटौती के करीब पहुंच गया है इससे सोने की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई हैं। इसके अलावा चीन की मजबूत मांग से भी बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी आई है।

उधर, एमसीएक्स पर वायदा कारोबार में सोने का जून अनुबंध 978 रुपये की बढ़त के साथ 68,679 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। चांदी के मई अनुबंध की कीमत 763 रुपये की तेजी के साथ 75,811 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। वैश्विक बाजारों में कॉमेक्स पर हाजिर सोने का भाव 2,265.73 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया और आखिरकार 2,257.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार करता दिखा। अमेरिका की वृद्धि दर के आंकड़ों और महंगाई दर के 2.5 प्रतिशत से अधिक रहने से फेड की ओर से ब्याज दरों में कटौती की संभावना बढ़ी है इससे विदेशी वायदा में सोना 2,280 डॉलर प्रति औंस और एमसीएक्स वायदा पर 69,487 रुपये प्रति 10 ग्राम की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के उपाध्यक्ष (ईबीजी-कमोडिटी एंड करेंसी रिसर्च) प्रणव मेर ने कहा, ईस्टर की छुट्टी के कारण आज कई बाजार बंद हैं, जिससे डॉलर सूचकांक स्थिर रूप से कारोबार कर रहा है। चांदी का भाव भी तेजी के साथ 25.13 डॉलर प्रति औंस हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 24.55 डॉलर प्रति औंस के भाव पर बंद हुई थी। शेयरखान बाय बीएनपी परिबास के सहायक उपाध्यक्ष (बुनियादी मुद्राएं व जिंस) प्रवीण सिंह ने कहा, विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक और अमेरिका के प्रमुख आंकड़े सोमवार को जारी होंगे इससे फेडरल रिजर्व के फैसले का अनुमान लगेगा और बाजार की दिशा तय होगी।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने बनाए बिक्री के नए रिकार्ड

**नयी दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने मार्च माह में 27,180 वाहनों और वित्तीय वर्ष 2023-24 (अप्रैल-मार्च) में कुल 2,63,512 वाहनों की बिक्री के साथ एक वित्तीय वर्ष और एक माह में थोक बिक्री के अपने नए रिकार्ड बनाए हैं। कंपनी ने सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि मार्च, 2024 में कंपनी ने 27,180 वाहन बेचे। यह पिछले साल के इसी माह के 21,783 वाहनों की बिक्री की तुलना में 25 प्रतिशत वृद्धि दर्शाती है। विज्ञप्ति के अनुसार मार्च माह में कंपनी ने घरेलू थोक बाजार में 25,119 इकाइयों की बिक्री की जबकि 2061 वाहनों का निर्यात किया गया। इसी तरह कंपनी की वार्षिक बिक्री वर्ष 2022-23 के 1,77,683 मुकाबले वर्ष 2023-24 में 48 प्रतिशत बढ़ कर 2,63,512 रही। कंपनी के उपाध्यक्ष (बिक्री-सेवा-प्रयुक्त कार व्यवसाय) सबरी मनोहर ने इस उपलब्धि का श्रेय कंपनी की ग्राहकउन्मुख रणनीति को दिया और कहा कि वह ग्राहकों की वैविध्यपूर्ण आवश्यकताओं को समझ कर उसके समाधान प्रस्तुत करने में विश्वास रखती है और यह नीति जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि बाजार अच्छा चल रहा है और हम उससे उत्साहित हैं।

# शार्ट न्यूज

## फुटबॉल लीग से होगी प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान

मुंबई। देश में फुटबॉल की प्रतिभाओं और तलाशने और उन्हे प्रोत्साहित करने के मकसद से ड्रीम स्पोर्ट्स फाउंडेशन ने सोमवार को ड्रीम स्पोर्ट्स चैंपियनशिप (डीएससी) के लॉन्च की घोषणा की। अप्रैल और मई में राष्ट्रीय स्तर की इस चैंपियनशिप में देश के छह प्रमुख फुटबॉल सेंटर शामिल होंगे। प्रमुख एआईएफएफ-मान्यता प्राप्त क्लबों और अकादमियों की टीमों को लेकर आयोजित होने वाली यह प्रतियोगिता भारतीय फुटबॉल में यूथ-बेस्ड कम्पटीशन को ऊपर उठाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की भागीदारी के साथ यह टूर्नामेंट खिलाड़ियों को जून में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय शिविर के लिए चयन का मार्ग प्रशस्त करेगा। लीग के लॉन्च पर ड्रीम स्पोर्ट्स के सीओओ और सह-संस्थापक भावित शेठ ने कहा, हमारा मानना है कि विश्व स्तरीय चैंपियन बनाने का रास्ता दीर्घकालिक और टिकाऊ प्रोग्राम पर निर्भर करता है। हमारे पहले से मौजूद जमीनी स्तर के प्रशिक्षण और मेंटरशिप प्रोग्राम्स के अलावा, हमने अब ड्रीम स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के माध्यम से हाई क्वालिटी कम्पटीशन और युवा प्रतिभा की पहचान के रास्ते जोड़े हैं। आशा करते हैं कि डीएससी भविष्य के राष्ट्रीय चैंपियनों की पहचान के लिए एक स्प्रिंगबोर्ड बनेगा।

## मैच का चौथा दिन गेंदबाजों का रहा

चटगांव । बंगलादेश और श्रीलंका के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन गेंदबाजों का बोलबाला रहा। दूसरी पारी में लगातार गिरते हुए विकेटों के बीच श्रीलंका ने छह विकेट पर 102 रन बना लिये है और उसकी बढ़त 455 रनों हो गई है। दिन का खेल समाप्त होने तक एंजलो मैथ्यूज नाबाद 39 रन और प्रभात जयसूर्या नाबाद तीन रन पर क्रीज पर मौजूद थे। जहूर अहमद चौधरी स्टेडियम में टेस्ट मैच के तीसरे दिन श्रीलंकाई गेंदबाजों असिथा फर्नांडो के चार विकेट, विश्वा फर्नांडो, लाहिरू कुमारा और प्रभात जयसूर्या ने दो-दो विकेट चटाते हुए बंगलादेश की पहली पारी को 178 रन पर समेट दिया। उसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंकाई टीम की बल्लेबाजी लड़खड़ा गई। उसके बल्लेबाजों की बंगलादेश के तेज गेंदबाज हसन महमूद और खालिद अहमद ने खूब खबर ली और किसी को भी पिच पर टिकने नहीं दिया। हसन महमूद ने 51 रन देकर चार विकेट और खलिद अहमद 29 रन देकर दो विकेट की कातिलाना गेंदबाजी के दम पर मैच पर पकड़ बनाने का प्रयास करते देखे गये। श्रीलंका ने पहली पारी में कुसल मेंडिस 93 रन, कप्तान धनंजय डीसिल्वा 70 रन और दिनेश चांदीमल 59 रनों की शानदार परियों के दम पर 531 रन बनाये थे और बाद में उसके गेंदबाजों ने बंगलादेश को पहली पारी में तीसरे दिन 178 रन पर समेट दिया था।

## कानपुर यूनिवर्सिटी ने जलगांव यूनिवर्सिटी को सुपर ओवर में 2 रन से हराया

झुंझुनं। अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वावधान में श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी में चल रही ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट (पुरूष वर्ग) चैंपियनशिप के तीसरे दिन छत्रपति साहू जी महाराज यूनिवर्सिटी कानपुर और कवयित्री बहिणाबाई चौधरी उत्तर महाराष्ट्र यूनिवर्सिटी जलगांव के बीच रोचक मुकाबला सुपर ओवर तक खिंचा, जहां कानपुर यूनिवर्सिटी ने जलगांव यूनिवर्सिटी को 2 रन से हरा दिया। वहीं दूसरे मुकाबले में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावटी यूनिवर्सिटी सीकर ने हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी शिमला को 45 रन से शिकस्त दी। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल यूनिवर्सिटी जौनपुर ने सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी राजकोट को 9 विकेट से हराया। पूल बी के मुकाबले में छत्रपति साहू जी महाराज यूनिवर्सिटी कानपुर ने टॉस जीतकर कवयित्री बहिणाबाई चौधरी उत्तर महाराष्ट्र यूनिवर्सिटी जलगांव को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जलगांव यूनिवर्सिटी ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 163 रन बनाए। इसमें नीरज जोशी ने 49 रन और तुषार ने 42 रन का योगदान दिया। कानपुर यूनिवर्सिटी की ओर से अमन यादव ने 4 ओवर में 21 रन देकर 3 विकेट झटके।

## बोपन्ना 44 की उम्र में बने मास्टर्स विजेता, एबडेन के साथ जीता पुरुष युगल खिताब

नई दिल्ली। रोहन बोपन्ना ने 44 वर्ष की उम्र में ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यु एबडेन के साथ मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल का खिताब जीत लिया। भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने फाइनल में क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिसेक को 6-7 (3), 6-3, 10-6 से पराजित किया। इस जीत के साथ बोपन्ना एटीपी मास्टर्स पुरुष युगल का खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। उन्होंने बीते वर्ष 43 वर्ष की उम्र में इंडियन वेल्स में जीते गए खिताब के अपने ही रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। यह उनका 26वां एटीपी पुरुष युगल खिताब है। वह अब तक 14 एटीपी मास्टर्स और 63 एटीपी टूर्नामेंट के पुरुष युगल के फाइनल में पहुंच चुके हैं। बोपन्ना इस जीत के साथ पुरुष युगल में फिर से विश्व नंबर की कुर्सी पर काबिज हो गए हैं। बोपन्ना ने जीत के बाद कहा कि वह मास्टर्स 1000 और ग्रैंड स्लैम में अच्छा करना चाहते हैं। रिकॉर्ड को आगे जारी रखना अच्छा है। सभी नौ एटीपी मास्टर्स के फाइनल में पहुंचने वाले बोपन्ना, लिएंडर पेस के बाद दूसरे भारतीय हैं। पहले सेट में बोपन्ना-एबडेन 6-5 से आगे थे और उनके पास तीन सेट प्वाइंट भी थे, लेकिन उन्होंने सर्विस गंवा दी और टाईब्रेकर भी हार बैठे।

## पैरा-बैडमिंटन खिलाड़ी की हत्या के आरोप में दो गिरफ्तार

जमशेदपुर। झारखंड के हजारीबाग जिले से जमशेदपुर के एक पैरा-बैडमिंटन खिलाड़ी की हत्या करने के आरोप में एक महिला सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यहां की एक पुलिस टीम ने अपने हजारीबाग पुलिस के सहयोग से 20 दिनों से लापता प्रशांत कुमार सिन्हा का क्षत-विक्षत शव बरामद किया यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने कहा कि आरोपी काजल सुमन (28) और उसके मित्र रौनक कुमार (19) को पुलिस टीम ने शनिवार को हजारीबाग के चड़वा पुल के नीचे से प्लास्टिक की बोरी में बंद सिन्हा का शव बरामद करने के बाद गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी हजारीबाग के लोहसिंघना इलाके के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि हत्या के पीछे सिन्हा और काजल के बीच पैसों को लेकर विवाद माना जा रहा है। काजल ने रौनक के साथ मिलकर साजिश रची और कुछ दिन पहले हजारीबाग के हासमियां मोहल्ले में रौनक के गौशाला में सिन्हा की गला दबाकर हत्या कर दी। सिन्हा के परिजनों ने 22 मार्च को यहां बिरसानगर थाने में सिन्हा के लापता होने की प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

## हार्दिक-टेटे ने साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवॉर्ड जीता, इनाम में मिले 25-25 लाख रुपये

नई दिल्ली। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उपकप्तान और मिडफील्डर हार्दिक सिंह ने हॉकी इंडिया अवॉर्ड्स में पुरस्कारों की झड़ी लगा दी। इस कड़ी में उन्होंने पीआर श्रीजेश, हरमनप्रीत सिंह और मनप्रीत सिंह जैसे कई खिलाड़ियों को पीछे छोड़ा। हार्दिक ने साल 2023 के लिए भारत के सर्वश्रेष्ठ पुरुष हॉकी खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। महिलाओं की श्रेणी में साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवॉर्ड सलीमा टेटे ने जीता। हार्दिक और सलीम को बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार दिया गया। साथ ही 25-25 लाख रुपये भी दिए गए। इतना ही नहीं, हार्दिक ने साल (2023) के सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर होने के लिए अजीत पाल सिंह अवॉर्ड भी जीता। उन्हें इनाम के तौर पर पांच लाख रुपये भी मिले। भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरममप्रीत सिंह सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर चुने गए और उन्हें परगट सिंह अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें भी इनाम के तौर पर पांच लाख रुपये दिए गए। वहीं, भारत के दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश को साल का सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर चुना गया। उन्हें बलजीत सिंह गोलकीपर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

# हॉकी इंडिया ने की कोचिंग शिविर के लिए 60 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा

नयी दिल्ली। हॉकी इंडिया ने आगामी कोचिंग शिविरों और अंतरराष्ट्रीय दौरे के मद्देनजर बेंगलुरु में सोमवार से सात अप्रैल तक चलने वाले आंकलन शिविर के लिए 60 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की।

इस शिविर में छह और सात अप्रैल को चयन परीक्षण आयोजित कर 33 खिलाड़ियों को चुना जाएगा। ये सभी खिलाड़ी आगामी कोचिंग शिविरों और अंतरराष्ट्रीय दौरे में हिस्सा लेंगे। पुणे में हाल ही में संपन्न 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन के बाद 60 खिलाड़ियों के कोर समूह को सूचीबद्ध किया गया है। यह चयन पूरे टूर्नामेंट में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर विभिन्न राज्यों की होनहार प्रतिभावान की पहचान करता है। इन खिलाड़ियों पर निगरानी के जरिए भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए अंतिम 33 सदस्यीय कोर संभावितों का चयन होगा।

उपयुक्त मुख्य कोच की नियुक्ति होने तक खिलाड़ी महिला हॉकी टीम की कोच अंकिता बी.एस. को रिपोर्ट करेंगी।

हॉकी इंडिया के हाई परफॉर्मेंस निदेशक हरमन क्रूज ने आज एक आधिकारिक बयान में कहा, 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ियों की सोने की खान साबित हुई है। हमने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में टीमों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को चुना है, भले ही वे राष्ट्रीय पर पहले से शामिल रही हों। अब हमारे पास ऐसे खिलाड़ियों का मिश्रण है जो राष्ट्रीय टीम में रही हैं और ऐसे खिलाड़ियों ने जिन्होंने अपार क्षमता का प्रदर्शन किया है। इसका उद्देश्य भारतीय महिला हॉकी टीम की मुख्य संभावित खिलाड़ियों के लिए सर्वश्रेष्ठ 33 खिलाड़ियों को चुनना है।

### घोषित की गई 60 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम इस प्रकार है-

गोलकीपर: – सविता, सोनल मिंज, बिचू देवी खारीबाम, माधुरी किंडो, बंरी सोलंकी, प्रोमिला कर और राम्या कुरमापु।

डिफेंडर्स : – उदिता, निक्की प्रधान, रोपनी कुमारी, लालह्लुनमावी, प्रीति, टी सुमन देवी, अंजना डुंगडुंग और निशी यादव।

मिडफील्डर: – मोनिका, सोनिका, नेहा, महिमा चौधरी, इशिका चौधरी, रितान्या साहू, ज्योति छत्री, अजमीना कुजूर, सुजाता कुजूर, कृतिका एसपी, महिमा टेटे, ममता भट्ट, एडुला ज्योति, निशा, ज्योति, सलीमा टेटे, मनश्री शेडेज, अक्षता अबासो ढेकाले, लालरुअतफेली, मरीना लालरामनघाकी, प्रभलीन कौर, मनीषा चौहान, अनिशा डुंगडुंग, भावना खाड़े और मैक्सिमा टोप्पो।

फॉरवर्ड : – दीपिका, शर्मिला देवी, नवनीत कौर, दीपिका सोरेंग, संगीता कुमारी, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, रुताजा दादासो पिसल, लालरिंडिकी, लालरेमसियामी, बलजीत कौर, वंदना कटारिया, दीपी मोनिका टोप्पो, वर्तिका रावत, प्रीति दुबे, रितिका सिंह, मारियाना कुजूर, मुमताज खान, तरणप्रीत कौर, काजल एस अटपडकर और मंजू चौरसिया।

# मुझे हर मैच अपना शत-प्रतिशत देना है : पंत

विशाखापत्तनम। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने रविवार को खेले गये मैच में अपने पुराने रंग में बल्लेबाजी करने के बाद कहा कि एक क्रिकेटर के तौर पर मुझे हर मैच में अपना शत-प्रतिशत देना है।

कार दुर्घटना के बाद लगभग डेढ़ वर्ष बाद ऋषभ पंत ने जब पहली बार मैदान पर वापसी की थी तब उन्होंने एक कैमियो पारी खेली, लेकिन कल विशाखापत्तनम में खेले गये मैच में पंत अपने पुराने अंदाज में नजर आए। पंत ने 32 गेंदों का सामना करते हुए 51 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। पंत ने धीमी शुरुआत के साथ पहली 23 गेंदों पर 23 रन और उसके बाद अगली आठ गेंदों पर 28 रन ठोक दिये।



पंत ने पोस्ट मैच प्रेजेटेशन में अपनी वापसी को लेकर कहा, एक क्रिकेटर के तौर पर मैं यह नहीं सोचता कि मैं वापसी कर रहा हूं, मुझे हर दिन अपना शत-प्रतिशत देना है। इसलिए मैंने शुरुआत में अपना समय लिया क्योंकि मैंने पिछले डेढ़ दो साल में पर्याप्त क्रिकेट नहीं खेली थी। हालांकि उसी समय मेरे मन में यह भी चल रहा था कि मैं आखिर में मैच का रुख बदल सकता हूं। उन्होंने कहा, हां यह इंतजार काफी लंबा था, लेकिन कई बार आपको वही करना होता है जो आप एक क्रिकेटर होने के नाते कर सकते हैं और आपको इन अनुभवों से सीखना होता है। मेरे अंदर यह दृढ़ विश्वास था कि चाहे जिंदगी में कुछ भी हो जाए, मुझे मैदान पर वापसी करना है।

## धीमे ओवर रेट के लिए ऋषभ पंत पर 12 लाख रुपए का जुर्माना

विशाखापटनम। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर विशाखापटनम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ कल खेले गए मुकाबले में स्लो ओवर रेट का दोषी पाये जाने पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल द्वारा जारी किए गए मीडिया रिलीज के अनुसार, 31 मार्च को विशाखापटनम के डॉ वाईएस राजशेखर रेड्डी स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेले गए मुक़ाबले में स्लो ओवर रेट के चलते दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर जुर्माना लगाया गया है। इस सत्र में टीम की पहली गलती मानते हुए आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के अनुसार सबसे न्यूनतम दंड के तहत पंत पर 12 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि इस सत्र में इससे पहले गुजरात टाइटंस पर चेन्नई के खिलाफ मैच में स्लो ओवर रेट के कारण कप्तान शुभमन गिल पर जुर्माना लगाया गया था।

# एकदिवसीय मुकाबले में इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया

वेलिंगटन। एमी जोन्स की नाबाद 92 रन और चार्ली डीन के नाबाद 42 रनों की पारी के साथ ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड की महिला टीम ने न्यूजीलैंड की महिला टीम को एकदिवसीय मुकाबले में चार विकेट से हरा दिया है।




जोन्स और डीन की जोड़ी ने 130 रन की अटूट साझेदारी कर ना केवल अपनी टीम को ऐसे समय संकट से निकाला जब टीम छह विकेट पर 79 रन के स्कोर पर संघर्ष कर रही थी। यह महिला एकदिवसीय मुकाबले में सातवें विकेट या निचले क्रम की सबसे बड़ी साझेदारी है। 208 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में टैमी ब्यूमोंट का विकेट गवां दिया। माया बाउचर 31 रन, हैदर नाइट 12 रन, नेट साइवर ब्रंट 12 रन और डैनी व्याट 16 रन बनाकर आउट हुई। इंग्लैंड ने एक समय एक के बाद एक अपने छह विकेट 79 के स्कोर पर गवां दिये। उसके बाद एमी जोन्स और चार्ली डीन की महत्वपूर्ण साझेदारी के जरिए पारी को संभाला और टीम को 41.2 ओवर में छह विकेट पर 209 रन बनाकर टीम को चार विकेट से जीत दिला दी। केर और अमेलिया केर ने दो-दो विकेट लिये। ली ताहुहु ने एक बल्लेबाज को आउट किया। जोन्स को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। इससे पहले इंग्लैंड की लॉरेन बेल और चार्जी डीन की घातक गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड को 48.2 ओवर में 207 रनों पर समेट दिया था।

न्यूजीलैंड की ओर से सलामी बल्लेबाज सुजी बेट्स ने सर्वाधिक 50 रनों की पारी खेली, बर्नाडाइन बेजुइडेनहौट 35 रन बनाये।

# तोशाखाना केस में इमरान-बुशरा की सजा पर रोक

## दो और मामलों के चलते जेल में ही रहेंगे खान; ईद के बाद दोबारा सुनवाई शुरू होगी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को सरकारी खजाने के तोहफे बेचने के मामले (तोशाखाना केस) में राहत मिल गई है। 'जियो न्यूज लाइव' के मुताबिक- इस केस में खान और पत्नी बुशरा को 14 साल की सजा सुनाई गई थी। फिलहाल, इस सजा पर इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। हालांकि, खान को जेल में ही रहना होगा, क्योंकि उनको दो और मामलों में सजा सुनाई गई है।



तोशाखाना केस में इमरान और बुशरा को 31 जनवरी को सजा सुनाई गई थी। इसके अलावा गैरकानूनी तौर पर निकाह के मामले में दोनों को 7 साल की सजा सुनाई जा चुकी है। सीक्रेट लेटर चोरी केस में खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को 10 साल की सजा सुनाई जा चुकी है।

### ईद के बाद सुनवाई

'डॉन न्यूज' के मुताबिक- सोमवार को सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस आमिर फारूख ने कहा कि खान के खिलाफ इस मामले की सुनवाई ईद की छुट्टियों के बाद दोबारा शुरू होगी। फिलहाल, इमरान अडियाला जेल में हैं, जबकि बुशरा को इमरान के बनीगाला वाले घर में रखा गया है। इस घर के एक हिस्से को जेल में तब्दील कर दिया गया है। यहां बुशरा सख्त निगरानी में रहती हैं।

### क्या है तोशाखाना केस

पिछले साल उस वक्त की सरकार ने चुनाव आयोग के सामने तोशाखाना गिफ्ट मामला उठाया था। कहा था कि इमरान ने अपने कार्यकाल के दौरान विभिन्न देशों से मिले गिफ्ट को बेच दिया था। इमरान ने चुनाव आयोग को बताया था कि उन्होंने तोशाखाने से इन सभी गिफ्ट्स को 2.15 करोड़ रुपए में खरीदा था, बेचने पर उन्हें 5.8 करोड़ रुपए मिले थे। बाद में खुलासा हुआ कि यह रकम 20 करोड़ से ज्यादा थी।

करीब तीन साल पहले अबरार खालिद नाम के एक पाकिस्तानी शख्स ने इन्फॉर्मेशन कमीशन में एक अर्जी दायर की थी। कहा- इमरान को दूसरे देशों से मिले गिफ्ट्स की जानकारी दी जाए। जवाब मिला- गिफ्ट्स की जानकारी नहीं दी जा सकती। खालिद भी जिद्दी निकले। उन्होंने इस्लामाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी।

इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने इमरान से पूछा था- आप तोहफों की जानकारी क्यों नहीं देते? इस पर खान के वकील का जवाब था- इससे मुल्क की सलामती यानी सुरक्षा को खतरा है। दूसरे देशों से रिश्ते खराब हो सकते हैं। इसलिए अवाम को दूसरे देशों से मिले तोहफों की जानकारी नहीं दे सकते।

### नियम क्या है

पाकिस्तान की पत्रकार आलिया शाह के मुताबिक पाकिस्तान में प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति या दूसरे पद पर रहने वालों को मिले तोहफों की जानकारी नेशनल आर्काइव को देनी होती है। इन्हें तोशाखाना में जमा कराना होता है। अगर तोहफा 10 हजार पाकिस्तानी रुपए की कीमत वाला होता है तो बिना कोई पैसा चुकाए इसे संबंधित व्यक्ति रख सकता है। तोहफे की अनुमानित कीमत अगर 10 हजार से ज्यादा है तो 20% कीमत देकर गिफ्ट अपने पास रखा जा सकता है। अगर 4 लाख से ज्यादा का गिफ्ट है तो इसे सिर्फ वजीर-ए-आजम (प्रधानमंत्री) या सदर-ए-रियासत (राष्ट्रपति) ही खरीद सकता है। अगर कोई नहीं खरीदता तो नीलामी होती है। इमरान ने यहां भी खेल कर दिया। 2 करोड़ का तोहफा कहीं 5 लाख तो कहीं 7 लाख का बता दिया। इसी कीमत पर इन्हें खरीदा और फिर ओरिजिनल कीमत से भी कई गुना ज्यादा पर बेच दिया। यह काम खान के मंत्री जुल्फी बुखारी और बुशरा बीबी की दोस्त फराह खान उर्फ फराह गोगी ने किया था।

# पाकिस्तान दिवालिया होने की कगार पर

## टैक्स चोरी इसकी वजह; पेट्रोल के दाम 9 रुपए बढ़े, अब कीमत 289 रुपए लीटर

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के डिफेंस मिनिस्टर ख्वाजा आसिफ का कहना है कि देश दिवालिया होने की कगार पर है। उन्होंने इसकी वजह टैक्स की चोरी को बताया है। उन्होंने कहा, खुदरा विक्रेता (रीटेलर) और थोक विक्रेता (होलसेलर) टैक्स देने से बच रहे हैं, ये देश के आर्थिक संकट का मुख्य कारण है।

इधर, पाकिस्तान की शाहबाज शरीफ सरकार ने पेट्रोल के दामों में भारी बढ़ोतरी की है। पेट्रोल के दाम 9.66 पाकिस्तानी रुपए बढ़कर 289.41 रुपए हो गए हैं। वहीं हाई-स्पीड डीजल 3.32 रुपए कम होकर 282.24 पाकिस्तानी रुपया हो गया है। नए रेट्स लागू भी कर दिए गए हैं।



### अंतरराष्ट्रीय कीमतों में बढ़ोतरी को वजह बताया

पाकिस्तानी मीडिया द डॉन के मुताबिक, सरकार ने कहा है कि देश में पेट्रोल की कीमतें बढ़ाने की वजह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ी पेट्रोल की कीमतें हैं। दरअसल, सरकार हर 15 दिनों में ईंधन की कीमतों की समीक्षा करती है और वैश्विक तेल की कीमतों के उतार-चढ़ाव और स्थानीय मुद्रा के एक्सचेंज रेट के आधार पर उन्हें बढ़ाती या घटाती है।

### पहले पेट्रोल की कीमत 279.75 रुपए थी

16 मार्च को सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं किए थे।

प्रति लीटर पेट्रोल की कीमत 279.75 रुपये और एक लीटर डीजल की कीमत 285.56 रुपये थी। यानी पेट्रोल के दामों में 15 दिनों में करीब 9 रुपए की बढ़ोतरी हुई है।

## सोमालिया को ओरल हैजा वैक्सीन की 14 लाख खुराकें मिली

मोगादिशु। सोमालिया को देश में हैजे के बढ़ते मामलों के बीच संयुक्त राष्ट्र बाल कोष से 25 लाख अमेरिकी डॉलर मूल्य की ओरल हैजा वैक्सीन की 14 लाख खुराकें मिली है। यूनिसेफ की ओर से जारी बयान के मुताबिक इस बीमारी के प्रकोप को रोकने के लिए उठाए गए कदमों के तहत देश भर के पांच हॉटस्पॉट जिलों में टीके वितरित किए जाएंगे। हैजे से जनवरी से अब तक 4388 लोग संक्रमित हुए है और 54 लोगों की जानें गयी है, जिनमें से दो-तिहाई बच्चे थे। संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने कहा है कि टीकों और आपूर्ति के साथ, यूनिसेफ और साझेदार प्रभावित क्षेत्रों में पानी, स्वच्छता और स्वच्छता सेवाओं में सुधार के साथ ही समुदायों को रोकथाम के बारे में जागरुक किया जा रहा है।

## रूस के पायनियर खदान में फंसे श्रमिकों हेतु चलाये जा रहे बचाव अभियान को बंद किया

मॉस्को । रूस के सुदूर पूर्वी अमूर क्षेत्र में पायनियर खदान में चट्टान गिरने से फंसे 13 खनिक के बचाव के लिए पिछले दो सप्ताह से चलाया जा रहे अभियान को अन्य चट्टान के गिरने के जोखिम के मद्देनजर रोक दिया गया है। खदान संचालक ने सोमवार को यह जानकारी दी। देश में 18 मार्च को अमूर क्षेत्र के जेस्की जिले में पायनियर सोने की खदान में चट्टान खिसकने के कारण अधिकारियों को क्षेत्र में आपातकालीन व्यवस्था लागू करनी पड़ी। सोने की खनन कंपनी पोक्रोव्स्की रुडनिक ने कहा, एक अप्रैल को पायनियर खदान में बचाव अभियान को समाप्त करने का निर्णय लिया गया। बयान में कहा गया है कि 200,000 घन मीटर से अधिक क्षेत्र में चट्टानों के ढहने और बाढ़ आने की संभावना को देखते हुए बचाव अभियान में शामिल बचावकर्मियों और खदान श्रमिकों के जीवन को खतरा है। पायनियर खदान में ड्रिलिंग के नतीजों से पता चला है कि खदान वाला क्षेत्र चट्टान, बर्फ और पानी से भरा हुआ है। जहां पर खनिक फंसे हुए हैं। कंपनी ने बयान में कहा गया है कि फंसे हुए खनिकों के परिवारों को खदान संचालक से उनके वार्षिक वेतन का एकमुश्त भुगतान और उनके बच्चों को 18 वर्ष की आयु तक मासिक भुगतान मिलेगा।

## इजरायल ने अल शिफा अस्पताल से हटाई सेना

यरुशलम । इजरायल की सेना ने दो सप्ताह तक गाजा पट्टी स्थित अल शिफा अस्पताल में चले अभियान के बाद सोमवार को वहां से सुरक्षा बलों को वापस बुलाने की घोषणा की। गौरतलब है कि भूख से त्रस्त उत्तरी गाजा में स्थित चिकित्सा परिसर हजारों रोगियों और विस्थापित फिलिस्तीनियों के लिए शरणस्थली बन गया है और इसे इजरायली टैंकों तथा हवाई हमलों का सामना करना पड़ रहा है। इजरायल की ओर से गाजा में लगभग छह महीना पहले शुरू किये गये अभियान के बाद से अस्पताल पर किया गया हमला दूसरी बड़ी कार्रवाई थी। इज़रायल रक्षा बलों ने एक बयान जारी कर कहा कि हमले के दौरान सैनिकों ने मुठभेड़ों में आतंकवादियों को मार गिराया और अस्पताल से कई हथियार और खुफिया दस्तावेज भी बरामद किए हैं। विश्व स्वास्थ संगठन के महानिदेशक ट्रेडोस एडहॉनाम गेब्रियेसस के अनुसार अल शिफा अस्पताल पर किए गए हमले के दौरान अब तक 21 मरीज मारे गए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, अस्पताल पर हमले जारी हैं। उन्होंने कहा कि चार बच्चों सहित 107 मरीज इस अस्पताल में उचित देखभाल के अभाव में फंसे हुए हैं, जिनमें से 28 की हालित नाजुक है। मीडिया में जारी वीडियो और तस्वीरें अस्पताल की क्षतिग्रस्त स्थिति बयां कर रही हैं।

## राफा ऑपरेशन के विकल्पों पर चर्चा के लिए अमेरिका, इजरायल करेंगे बैठक

वाशिंगटन। अमेरिका और इज़रायल गाजा पट्टी के राफा शहर में नियोजित सैन्य अभियान के बजाय अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाईडेन के प्रशासन द्वारा इज़राइल को दिए जाने वाले विकल्पों पर चर्चा करने के लिए सोमवार को 'वर्चुअल' बैठक आयोजित करने की योजना बना रहे हैं। एक्सियोस न्यूज पोर्टल ने इजरायली और अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी। इजरायल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि सरकार ने दक्षिणी गाजा पट्टी के राफा में जमीनी सैन्य अभियान के लिए परिचालन योजनाओं को मंजूरी दे दी है, साथ ही कहा कि सेना शहर से नागरिकों को निकालने की तैयारी कर रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वरिष्ठ इज़रायली अधिकारियों ने कहा कि 'वर्चुअल' बैठक श्री नेतन्याहू को अपना चेहरा बचाने और वाशिंगटन में एक प्रतिनिधिमंडल भेजे बिना व्हाइट हाउस के साथ चर्चा करने का मौका मिलेगा। इस बीच एक इजरायली अधिकारी ने न्यूज पोर्टल को बताया कि दूसरी आमने-सामने की बैठक अगले हफ्ते की शुरुआत में हो सकती है। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह अमेरिका ने गाजा पट्टी में युद्धविराम के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के उस प्रस्ताव को वीटो नहीं किया था जिसमें फिलिस्तीनी के आंदोलन हमास द्वारा रखे गए बंधकों की रिहाई का आह्वान शामिल नहीं था। इसके बाद नेतन्याहू ने वाशिंगटन में अपने उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल की यात्रा रद्द कर दी थी।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# दावा : विशेष किस्म के 'मोती' से होगा असाध्य रोगों का इलाज

प्रयागराज। सीपों में उम्दा किस्म के मोती उत्पन्न कर दुनिया को अचम्भित करने वाले वैज्ञानिक डा अजय सोनकर का दावा है कि मोती में पाए जाने वाले अद्भुत पोषक तत्व से कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी के उपचार में मदद मिलेगी।
'पद्मश्री' से सम्मानित डा सोनकर ने नैनी स्थित सोमवार को यूनीवार्ता से बातचीत में कहा कि तिरूअनंतपुरम स्थित आयुष मंत्रालय के शोध संस्थान सिद्ध क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान के प्रभारी निदेशक डा कंगाराजन ने मोती से निर्मित तमाम रोगों की औषधि तैयार करने के लिए किए जा रहे शोध के लिये उनके द्वारा तैयार किए गये विशेष किस्म के मोती देने में सहयोग के लिए पत्र लिखा था। उन्होंने बताया कि भारत का मोती बाजार चीन के मीठे पानी के मोती से पटा पड़ा है, जो डा कंगाराजन के शोध के लिए उपयुक्त नहीं हैं। संस्थान को मोती औषधि के मानकीकरण पर शोध के लिए ऐसे मोतियों की आवश्यकता है, जो हानिकारक तत्व रहित हो। अनुसंधान केंद्र ने दुनिया के अनेक अग्रदूतो से उम्दा मोती के लिये सम्पर्क किया, उन्हें हर श्रोत से डा सोनकर के पास ही औषधीय मोती होने की जानकारी मिली।
उन्होंने बताया कि संस्थान के शोध में सहयोग एवं जनहित के लिए करीब 3500 से अधिक मोतियों से न्युक्लिुस पृथक करने के बाद 100 ग्राम शुद्ध मोती बिना किसी उपलब्ध कराया है। उन्होंने बताया कि मोती के निर्माण की प्रक्रिया में शेल से बने न्युक्लियस को शल्य क्रिया के द्वारा सीप के शरीर में प्रत्यारोपित किया जाता है ज़िसके ऊपर मोती की परतें जमा होती हैं। क़रीब एक वर्ष सीपों को नियंत्रित वातावरण में पाला जाता है, और पर्याप्त परत जमा हो जाने के बाद सर्जरी करके उस मोती को सीप के शरीर से निकाल लिया जाता है। तत्पश्चात् मोती की परतों को प्रत्यारोपित न्युक्लियस (वाह्य कण) से विशेष प्रक्रिया के द्वारा बहुत सावधानी पूर्वक अलग किया जाता है, जिससे उपचार के लिए उपयोग में लाए जाने वाला अद्भुत पोषक तत्व किसी भी प्रकार वाह्य तत्व से रहित रहें।
डा सोनकर ने बताया कि समुद्र में मिलने वाली सीप की कुछ प्रजातियों में बने मोती में कई ऐसे तत्व पाये गये हैं जो गंभीर बीमारियों के उपचार के लिये उपयुक्त होते हैं। इन मोतियों में जिंक तांबा, मैग्नीशियम, लोहा, कैल्शियम, सोड़ियम और पोटेशियम जैसे तमाम धातुओं और खनिजों के निशान होते हैं, जो उपचार में कारगर हैं।
उन्होंने बताया कि जिंक कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों की कोशिकाओं के बेलगाम बिखंडन को रोकने में सहायक होता है। इसके अलावा अन्य पाए जाने वाले तत्व भी घातक बीमारियों को रोकने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं।
अध्ययनों से यह भी पता चला है कि घातक कोशिकाओं में सामान्य कोशिकाओं की तुलना में जिंक की मात्रा में काफी कमी होती है। सामान्य कोशिकाओं में ये साइटोटाक्सिक का काम करते हैं।
डा सोनकर ने बताया कि आज की परिस्थितयों में दुनिया के अधिकांश समुद्र प्रदूषित हैं। ऐसी स्थिति में अण्डमान में अनछुई समुद्र की गहराई सर्वोत्तम पाई गयी। उन्होंने बताया कि इन उम्दा किस्म की मोतियों को तैयार करने के लिए नियंत्रित वातावरण में विशेष प्रकार से सुरक्षित तल तैयार किया जिससे मोती में किसी प्रकार का प्रदूषण प्रवेश नहीं कर सके। हाल के शोध में उन्होंने सीप के अंदर से जीवित टिश्यू बाहर निकालकर प्रयोगशाला के नियंत्रित वातावरण में रखकर उसमें मोती उगाने का करिश्मा कर दुनिया को अचम्भित कर दिया। मोती उगाने के लिए सीप पर से निर्भरता ख़त्म हो गई है और इसके साथ ही उस सीप के लिए ज़रूरी समुद्री वातावरण की भी कोई ज़रूरत नहीं रही। सोनकर ने अंडमान निकोबार द्वीप समूह के सीपों के टिश्यू से मोती उगाने का काम प्रयागराज के अपने लैब में किया है। उन्होंने बताया कि पिंकटाडा मार्गेरेटिफ़ेरा सीप खारे जल वाले समुद्र में होते हैं। प्रयागराज के लैब में समुद्री प्रजाति के सीप के मेंटल को मीडियम में कल्चर करके उन्हें इंड्यूज किया, जिससे मोती बनाने वाली कोशिकायें बनीं जिन्होंने प्रयोगशाला के फ्लास्क में पर्ल बना दिया।
डा सोनकर ने अनेकों वैज्ञानिक विधाओं में अध्ययन एवं शोध का कार्य किया है जिसमें हाल के लाइफ सांइस, अनुवांशिक विज्ञान, कोशिकीय और टिस्यूकल्चर पर शोध ने पूरी दुनिया के विज्ञान जगत में तहलका मचा दिया।

## शार्ट न्यूज

### अदालत में फिर हाजिर नहीं हुये तौकीर रजा

बरेली एक। इत्तेहाद-ए- मिल्लत कौसिल (आईएमसी) प्रमुख मौलाना तौकीर रज़ा मामले में सोमवार को बरेली जिला अदालत में सुनवाई के दौरान हाजिर नहीं हुये जिस पर अदालत ने नाराज़गी जताते हुये गैर जमानती वारंट जारी किया और अदालत में पेश नहीं होने पर संपत्ति कुर्क के भी आदेश दिए। अगली सुनवाई आठ अप्रैल तय हुई है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुनिति पाठक ने बताया कि जिला जज विनोद कुमार दुबे की अदालत ने मामले की अगली सुनवाई की तारीख 08 अप्रैल तय कर दी है। अगर मौलाना तौकीर अदालत में हाज़िर नहीं हुए तो उनकी संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई होगी। गौरतलब है कि स्थानीय अदालत मौलाना तौकीर रज़ा को 2010 हुए बरेली दंगे का मास्टरमाइंड करार दे चुका है। उनके विरुद्ध समन जारी किया गया था। समन पर पेश नहीं होने पर दो बार तौकीर रज़ा के खिलाफ गैर जमानती वारंट भी जारी किया जा चुका है। वहीं गैर जमानती वॉरंट को मौलाना ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। मगर हाईकोर्ट ने उन्हें इस मामले में कोई बड़ी राहत न देकर 27 मार्च तक ट्रायल कोर्ट में सरेंडर करने का आदेश दिया था। मगर मौलाना ने हाईकोर्ट में सरेंडर नहीं किया। बताया गया कि मौलाना तौकीर हृदय संबंधी दिक्कतों के चलते दिल्ली के अस्पताल में भर्ती हैं।

### मुकदमे की पत्रावली गायब होने को लेकर विवेचक बृजानंद सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज



गोण्डा। जिले के एक थाने में न्यायालय के आदेश पर विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत दर्ज मुकदमे में पुनर्विवेचना के लिए वापस की गई मुकदमे की पत्रावली गायब होने को लेकर उप निरीक्षक बृजानंद सिंह के विरुद्ध कोतवाली देहात में प्रभारी निरीक्षक द्वारा अभियोग पंजीकृत कराया गया है। तहरीर में कहा गया है कि पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी द्वारा पत्र भेजकर अवगत कराया गया की वर्ष 2014 में न्यायालय के आदेश पर मु.अ.सं. 152/2014 धारा 147,148, 452, 325, 323, 504, 506 दर्ज हुआ था। जिसकी विवेचना कोतवाली देहात में तैनात उप निरीक्षक बृजानंद सिंह को सौंपी गई थी। विवेचक द्वारा साक्ष्य संकलन के आधार पर प्रथम पर्चे में ही अपराध का ना होना पाकर जुर्म ख़ारिजा सहित अंतिम रिपोर्ट प्रेषित कर दी गई। 18 सितंबर 2014 को उक्त पत्रावली पुनर्विवेचना के लिए वापस कर दी गई। जिसके संबंध में वर्ष 2016, 2017, 2020, 2021, 2022 और वर्ष 2023 में पत्र भेजकर प्रभारी निरीक्षक के साथ संबंधित को अवगत कराने के निर्देश दिये गये,लेकिन कार्रवाई नही हुई। पुनर्विवेचना की पत्रावली को लंबित रखने व केस डायरी के साथ अंतिम रिपोर्ट को भी विवेचक द्वारा गायब करने का मामला प्रकाश मे आया है। जिसके लिए वह दोषी पाए जाते हैं। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

### 'बांदा जेल के अधीक्षक को जान से मारने की धमकी

बांदा । उत्तर प्रदेश के बांदा जिला कारागार में निरूद्ध माफिया सरगना मुख्तार अंसारी की मृत्यु के बाद जिला कारागार के वरिष्ठ अधीक्षक को जान से मारने की धमकी दी गई है। अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र ने सोमवार को बताया कि धमकी का मुकदमा दर्ज कर तत्काल विस्तृत जांच शुरू की गई और वरिष्ठ कारागार अधीक्षक को सुरक्षा उपलब्ध कराई गई। बांदा नगर कोतवाली में रविवार रात दर्ज मुकदमे में वरिष्ठ कारागार अधीक्षक विरेश राज शर्मा ने आरोप लगाया कि यह धमकी उन्हें 28/ 29 मार्च की रात्रि 1ः37 बजे उनके सीयूजी नंबर पर दी गई, जिसमें अज्ञात व्यक्ति ने गाली गलौज सहित अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए धमकी दी कि अब तुझे ठोकना है, साले बच सके तो बच। घटना की सूचना पर जेल अधिकारियों और कर्मियों में हड़कंप मच गया। जिसके बाद वरिष्ठ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को सूचित कर पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की गई। फिलहाल जेल परिसर में भी चौकसी बढ़ा दी गई है।

# रोहतक के भाजपा सांसद ने जनप्रतिनिधि की कार्यकुशलता को सबसे निचले पायदान पर पहुंचाया : दीपेंद्र हुड्डा

## कांग्रेस कार्यकाल में आई हजारों करोड़ की परियोजनाएं, भाजपा सांसद ने अपनी निधि से खर्च किए सिर्फ ढाई करोड़ : दीपेंद्र हुड्डा

ललित गोठवाल



**बहादुरगढ़ (झज्जर)।** ये देखकर बड़ा दुख होता है कि रोहतक के वर्तमान भाजपा सांसद ने जनप्रतिनिधि के तौर पर कर्मठता से काम नहीं किया और विकास कार्यों के मामले में प्रदेशभर में सबसे निचले पायदान पर रहे। इस उपेक्षा का बदला आगामी चुनाव में जनता वोट की चोट से लेगी। यह कहना है राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा का। वो उस आंकड़े पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिससे पता चलता है कि इलाके के विकास की खातिर मिलने वाली अपनी निधि को खर्च करने में रोहतक के सांसद सबसे फिसड्डी साबित हुए हैं। इससे विकास व इलाके के प्रति सांसद की गंभीरता व संवेदनशीलता का पता चलता है।
दीपेंद्र सिंह हुड्डा बहादुरगढ़ में 'घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस' अभियान के दौरान लोगों से मिल रहे थे। इस मौके पर स्थानीय नेता भी उनके साथ मौजूद रहे। यहां पत्रकारों से बातचीत में दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस कार्यकाल में रोहतक को हज़ारों करोड़ की परियोजनाएं आईं और कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के संस्थान स्थापित हुए। कांग्रेस कार्यकाल में ही दिल्ली मेट्रो का विस्तार बहादुरगढ़ तक हुआ, जिसे बीजेपी ने रोहतक लाने का वादा किया था। लेकिन 10 साल में ये सरकार उसे एक इंच भी आगे नहीं बढ़ा पाई।
यह पूरी तरह मौजूदा सांसद की नाकामी है कि वो कोई बड़ी परियोजना इलाके में स्थापित करना तो दूर, अपनी पूरी सांसद निधि भी खर्च नहीं कर पाए। पूरे कार्यकाल में सांसद निधि से उन्होंने केवल ढाई करोड़ रुपये ही खर्च किए। दीपेंद्र ने कहा कि सत्तारुढ़ सांसद की निष्क्रियता से रोहतक की जनता आहत है। क्योंकि यह वो लोकसभा क्षेत्र है जिसके आशीर्वाद से वो विपक्ष में रहते हुए भी सर्वश्रेष्ठ सांसद चुने गए थे।
दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि विडंबना देखिए, 5 साल में खुद के काम का हिसाब देने की बजाए, मौजूदा भाजपा सांसद हमसे कोरोना काल का हिसाब मांग रहे हैं। जबकि जनता ने वोट देकर उनको सांसद चुना था और देश व प्रदेश में उनकी सरकार थी। लेकिन चुनावी हार के बावजूद हमने लोगों की सेवा की और कभी हिम्मत नहीं हारी। हमारी गवाही जनता देगी कि महामारी के उस दौर में हम कहां थे और क्या कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक राजनीतिक प्रतिनिधि नहीं बल्कि एक इंसान होने के नाते कोरोना काल में हमने टीम दीपेंद्र के माध्यम से पूरे हरियाणा, दिल्ली हृष्टक्र पंजाब और देश के विभिन्न हिस्सों में सैंकड़ों ज़िंदगियों को बचाया और हज़ारों लोगों तक मदद पहुंचाई। शक्तियां व संसाधन सीमित होते हुए भी टीम दीपेंद्र ने उस जनता को बचाने के लिए दिनरात कोशिशें कीं, जिसे सरकार ने मरने के लिए अपने हाल में छोड़ दिया था। सरकार से निराश होकर मदद के लिए चीखती उस टाइम की आवाज़ें आज भी ज़हन में गूंजती हैं। हम उन आवाज़ों को ना सिर्फ सुन रहे थे, बल्कि उन्हें उम्मीद, ऑक्सीजन, दवाई, हॉस्पिटल बेड, ईलाज व डॉक्टर मुहैया करवा रहे थे।
दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने पूछा कि हमसे सवाल पूछने वाले सांसद और उनकी प्रदेश व केंद्र सरकार बताए कि महामारी के उस दौर में वो कहां थे? क्यों इलाके में उनकी गुमशुदगी के पोस्टर छपे थे?

# इंडिया समूह भ्रष्टाचारियों का गठबंधन : शलभ मणि



देवरिया। भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने सोमवार को कहा कि विपक्षी दलों इंडिया समूह भ्रष्टाचारियों का गठबंधन है, जो केवल स्वार्थ के लिये बना है। शलभमणि ने यहां पत्रकारों से कहा कि आज इंडिया समूह का हिस्सा आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल जेल में है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) संस्थापक लालू प्रसाद यादव सजा याफ्ता है वहीं हेमंत सोरेन जेल में हैं। आप नेता संजय सिंह, मनीष सिसोदिया, सतेन्द्र जैन जेल काट रहे हैं। जब भ्रष्टाचार पकड़ा जाता है तो ये लोग पूरे मामले को राजनैतिक करण कर देते हैं। इनके पास इस बात का कोई जवाब नहीं है कि सतेंद्र जैन इतने दिनों से जेल में क्यो हैं। गठबंधन के भ्रष्टाचार का जो प्रमाण जनता के सामने आ रहा है। वह जनता देख रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि न खाऊंगा, न खाने दूंगा भ्रष्टाचारियों के खिलाफ मोदी ने जो बिगुल फूंका है।
उससे चाहे केजरीवाल की पार्टी हो या कांग्रेस, आरजेडी, सपा सब बौखलाये हुए हैं।
विपक्षियों का गठबंधन इंडिया आम आदमियों का पैसा लूटते रहे, लोगों का अधिकार लूटते रहे। आज मोदी की सरकार इन भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई कर रही है, तो इससे विरोधी बौखला गये हैं। उन्होंने कहा कि यह चुनाव यह चुनाव इमानदार सरकार और भ्रष्टाचार गठबंधन से है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन के अधिकांश नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे है और उसके बहुत से नेता जेल में हैं।

# मुझे डर नहीं लगता : सीएम योगी



गौतमबुद्धनगर। उत्तर प्रदेश में संगठित अपराध की कमर तोड़ने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि उनके लिये जनता की सुरक्षा सर्वोपरि है और यही कारण है कि अपराधी तत्वों पर कार्रवाई करने पर उन्हे तनिक भी भय महसूस नहीं होता है।
जीएल बजाज ऑडिटोरियम, नॉलेज पार्क में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित करते हुये उन्होने कहा जनता-जनार्दन खुश तो हम खुश। हमारे लिए इससे अधिक खुशी कुछ भी नहीं। लोग कहते हैं कि अपराधियों पर कार्रवाई करते हैं, डर नहीं लगता है। मैं कहता हूं कि पब्लिक की सुरक्षा में मेरी सुरक्षा निहित है। एक सरकार थी जो कर्फ्यू लगाती थी, एक सरकार है जो शानदार कांवड़ यात्रा निकाल रही है। उन्हें कर्फ्यू प्यारा था, हमें जनता की खुशहाली प्यारी है। 10 वर्ष में देश के अंदर बना सकारात्मक वातावरण अभिभूत करने वाला है। एक तरफ स्वार्थी परिवार है जो गौतमबुद्ध नगर को अभिशप्त बना लेता है तो दूसरी तरफ मोदी का परिवार है, जो कुर्सी की चिंता किए बिना नोएडा में विकास कार्य करता है।
उन्होने कहा यह वही जिला है, जो 2017 के पहले मुख्यमंत्रियों के लिए अभिशप्त हुआ करता था। तब मैं समझ नहीं पाया था कि आखिर गौतमबुद्धनगर यूपी का भाग है, लेकिन मुख्यमंत्रियों के लिए अभिशप्त क्यों है। मैंने सूची देखी और अनुमान लगाया। यह सीएम के लिए अभिशिप्त इसलिए था कि यहां की नौकरशाही जनता को कंगाल करती थी और खुद व अपने संरक्षकों को मालामाल करती थी। 2017 में यहां आकर मैंने समस्याओं को करीब से देखा। जनप्रतिनिधियों ने सभी समस्याओं को तन्मयता व धैर्य से मेरे सामने रखा और कहा कि समाधान होगा तो गौतमबुद्धनगर न सिर्फ नई पहचान को स्थापित करेगा, बल्कि ग्रोथ इंजन के रूप में यूपी को अलग पहचान दिलाएगा।
योगी ने कहा मैं जहां भी गया, वहां कुछ अधिकारी आए। वे बोलते थे कि हम यहां कार्य कर रहे हैं और बूढ़े मां-बाप के लिए नोएडा में एक फ्लैट के लिए पैसा जमा किया है। 10-12, 15 साल हो गए पर फ्लैट नहीं मिले। हमने अथॉरिटी से कहा कि कमेटी की रिपोर्ट लागू करो। हर एक बायर्स को उसका अधिकार मिलना चाहिए। यह प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ाइए। सभी के सकारात्मक सोच का परिणाम है कि यूपी आज नए रूप में पहचाना जा रहा है।
उन्होने कहा कि हमारे जनप्रतिनिधियों ने आदर्श जनप्रतिनिधि के रूप में खुद को स्थापित किया। वह लोकतंत्र पर विश्वास करने वालों के लिए उदाहरण है। सीएम ने संस्मरण सुनाया कि कोरोना के दौरान एक प्रतिष्ठान को जमीन आवंटन हुई थी। 2022 के अंत में वे लोग मेरे पास आए कि हमें उद्घाटन करना है। मुझे विश्वास नहीं हुआ कि जिस सेंटर में हजारों करोड़ रुपये लगे हों, वह इतना जल्दी तैयार हो गया। मैंने रिपोर्ट मांगी तो पता चला कि यह बनकर तैयार हो चुका है। इसके आने के बाद 40 हजार करोड़ के नए निवेश के प्रस्ताव आ जाएंगे और हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। मैंने मैसेज किया कि मेरे आने के पहले सभी जनप्रतिनिधियों को आमंत्रण दे दीजिएगा, जिस पर वह चौंकते हुए बोले कि नोएडा में भी सांसद-विधायक हैं। मैं अचरज में पड़ा तो उन्होंने बताया कि मेरी पूरी जिंदगी जिस राज्य व क्षेत्र में व्यतीत हुई, यदि वहां मैं इतना बड़ा निवेश करता तो लोग जीना हराम कर देते, लेकिन गौतम बुद्ध नगर में कोई सांसद-विधायक कहने नहीं आया कि यह कार्य मैं लूंगा, मेरे लोग रहेंगे। अच्छे लोग जनप्रतिनिधि चुने जाते हैं तो सकारात्मक माहौल पैदा होता है।
उन्होने कहा कि पहले निवेश यहां से पलायन होता था, सात वर्षों में दुनिया से यहां निवेश आ रहा है। मोदी जी को तीसरा कार्यकाल दीजिए, तीन वर्ष के भीतर ही तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में भारत को स्थापित करेंगे। इसमें यूपी व नोएडा की बड़ी भूमिका होगी। दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट जेवर के नाम पर दे रहे हैं। 2017 के पहले जेवर के नाम से लोग कांपते थे। अब हालात बदल चुके हैं। यह एयरपोर्ट अब निवेश ला रहा है। कुछ ही वर्षों में यूपी की इकॉमनी में अकेले यह एयरपोर्ट एक लाख करोड़ की वृद्धि करने वाला है।
योगी ने कहा कि गौतमबुद्ध नगर सकारात्मक सोच के साथ बढ़ने वाला जनपद है। सीएम ने कहा कि यहां हर किसी को डॉ. महेश शर्मा बनना होगा, उन्हें चुनाव लड़ाने के लिए लगना पड़ेगा, लेकिन अति आत्मविश्वास नहीं होना चाहिए। युद्ध और चुनाव पूरी सतर्कता, मजबूती व सावधानी से लड़े जाने चाहिए। हर एक वोट डॉ. महेश शर्मा को दिलवाना है। मोदी जी के गले में उप्र के 80 मनकों की जो माला पड़नी है, उसमें गौतमबुद्ध नगर की माला सर्वाधिक वोटों की होनी चाहिए।
क्योंकि यहां सबसे अधिक निवेश आया है और आर्थिक प्रगति के साथ यहां सब कुछ मिला भी है। आपको मेट्रो, डेडिकेटेड फ्रेड कॉरिडोर के ईस्टर्न-वेस्टर्न जंक्शन, एयरपोर्ट, मेडिकल डिवाइस पार्क, फिल्म सिटी, प्रति व्यक्ति आय वाले जनपद की सौगात भी नोएडा को मिल गई।

### मथुरा में अवैध हथियार फैक्ट्री का भंडाफोड़

मथुरा। उत्तर प्रदेश में मथुरा की कोतवाली पुलिस ने रविवार को आधी रात बाद तिलकनगर कालोनी के एक खंड़हर मकान में छापा मारकर हथियार बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने भारी मात्रा में बने , अधबने हथियार और हथियार बनाने का सामान बरामद कर योगेश उर्फ बोना गैंगेस्टर उर्फ मोना (30) को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डे ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मारे गए छापे में .315 बोर के चार बने तमंचे विधिवत तथा आधुनिक तरीके से पैक किये गए तथा चार लगभग बने तमंचों के साथ हथियार बनाने का सामान एवं उपकरण बरामद किया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त ने इस बात का खुलासा किया है कि वह पहले नशीली चीजों की पुड़िया बेंचता था या फिर चोरी करता था लेकिन चुनाव में हथियारों की भारी खपत होने तथा उनके बेचने से भारी रकम मिलने की उम्मीद के साथ हथियार बनाने का काम शुरू किया है। एसएसपी ने बताया कि अभियुक्त योगेश पर 11 मुकदमे हैं तथा उस पर गैंगेस्टर ऐक्ट भी लग चुका है।

# रजिस्ट्रेशन फेल गाड़ियों पर फर्जी नंबर-प्लेट लगाकर चुनाव-प्रचार की तैयारी

## चेकिंग के दौरान पुलिस ने 5 स्कॉर्पियो समेत दो बदमाश को पकड़ा





गाजीपुर। गाजीपुर में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में चेकिंग के दौरान पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुई। करंडा क्षेत्र के चाड़ीपुर तिराहे से फर्जी नम्बर प्लेट लगी। कई स्कॉर्पियो संग दो आरोपी गिरफ्तार किये गए। रजिस्ट्रेशन फेल गाड़ियों को आरोपियों के कमाई का जरिया बना रखा था।

### निशानदेही पर स्कार्पियो बरामद

एसपी ओमवीर सिंह ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर स्वाट टीम व करंडा पुलिस तिराहे पर चेकिंग कर रही थी।
चोचकपुर की तरफ से दो स्कार्पियो आती दिखी। जिसको रोककर पूछताछ की। नम्बर प्लेट व चेचिस नम्बर की गहराई से छानबीन के बाद उनके फर्जी होने की जानकारी सामने आई। दोनों स्कार्पियो के साथ दो बदमाश अमित यादव और जितेंद्र बिंद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।
जिनकी निशानदेही पर भिन्न भिन्न स्थानों से 03 अन्य स्कार्पियो को बरामद किया गया।
एसपी ओमवीर सिंह ने बताया कि दूसरे प्रदेश की रजिस्ट्रेशन फेल गाड़ियों का कूटरचित दस्तावेज तैयार कर आरोपी किराए पर चलाते थे। पूछताछ में बदमाशों द्वारा बताया कि हम लोग रजिस्ट्रेशन फेल हुई गाड़ियां महाराष्ट्र व गुजरात से सस्ते दामों में खरीदकर ले आते हैं।
उसका चेचिस नम्बर व नम्बर प्लेट बदलकर लगन कमाने व लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों को प्रचार हेतु तथा बिहार में अच्छे दामों में बेचने हेतु इन वाहनों का उपयोग करते हैं।

# आरेडिका ने 1684 कोच बनाकर तोड़ा पिछले वर्ष का रिकॉर्ड




रायबरेली। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) रायबरेली ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 1684 कोचों का उत्पादन कर रेलवे बोर्ड द्वारा दिए गए लक्ष्य को प्राप्त किया है।
अधिकृत प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि इन 1684 कोचों में विभिन्न प्रकार के कोच हैं जिसमें पहली बार निर्मित मेमू के आठ कोच, वातानुकूलित 3टीयर के 240 कोच, 2टीयर के 202 कोच, 3टीयर इकोनोमिक के 271 कोच, दीनदयालु के 332 कोच, पार्सलवैन, तेजस के 58 कोच, एसी चेअरकार, स्लीपर के 341 कोच, भारत गौरव आदि कोचों का निर्माण किया गया है, निर्मित कोचों में 953 एसी कोच तथा 731 नॉन एसी कोच है। कुल उत्पादित कोचों में से 57 प्रतिशत वातानुकूलित कोच हैं, जो निर्माण कार्य की दक्षता और गुणवत्ता को दर्शाता है।
उन्होने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान आरेडिका ने दीनदयालु के 332 कोचों का निर्माण किया है जो पिछले वर्ष 2022-23 में बने 46 कोच से लगभग छह गुना से अधिक है, स्लीपर के 341 कोचों का निर्माण किया है जो पिछले वर्ष में बने 190 कोच से 1.5 गुना से अधिक है तथा तेजस के 58 कोचों का निर्माण किया है जो पिछले वर्ष में बने 30 कोच से 2 गुना है।
पहली बार आरेडिका में इस वर्ष अपने उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि कर एक नये चरण में प्रवेश किया। जिसमें 3-फेज मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (मेमू) का निर्माण कर उत्तर पूर्वी रेलवे के लिए भेजा गया इसमें जीपीएस एवं ऊर्जा दक्ष एलईडी वाले 6 टीसी एवं 2 डीएमसी कोच सहित कुल 8 कोच लगे हैं।
3-फेज मेमू में अत्याधुनिक मल्टीफंक्शन व्हीकल बस (एमवीबी) आधारित ट्रेन कंट्रोल मैनेजमेंट सिस्टम (टीसीएमएस) है जो उन्नत नियंत्रण सुविधाएँ प्रदान करता है, यह 3-फेज मेमू ट्रेन 110 किमी प्रति घंटे की अधिकतम गति के लिए डिजाइन की गई है। टीसी कोचों में 84 यात्रियों के बैठने तथा 241 यात्रियों के खड़े होने एवं डीएमसी कोचों में 55 यात्रियों के बैठने तथा 171 यात्रियों के खड़े होने की व्यवस्था की गयी है
प्रवक्ता ने बताया वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान आरेडिका ने भारतीय रेल के साथ-साथ मोजाम्बिक रेलवे के लिए भी 11 कोचों का उत्पादन करके अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपने कदम को आगे बढ़ाया है। इन निर्माण कार्यों के कारण आरेडिका की कीर्ति विश्व पटल पर स्थापित हुई है।
आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने बताया कि उत्पादन का यह लक्ष्य आरेडिका के सभी प्रधान मुख्य विभागाध्यक्षों के नेतृत्व और टीम एमसीएफ के कोच उत्पादन के प्रति समर्पण की भावना से संभव हुआ है।